**अमरावतीच्या** जिल्हा स्त्री रुग्णालयातील नवजात बालकांच्या अतिदक्षता कक्षातील सोमवारी थोरल्या पहाटेचे अग्नितांडव, त्यात तीन बाळांचा जळून मृत्यू, आगीच्या झळा व धुरात अत्यवस्थ झालेल्या इतर अनेक बाळांचे हाल ही घटना आत्यंतिक वेदनादायी आहेच. त्याशिवाय गोरगरिबांच्या लेकरांचे असे अमानूषपणे जीव घेणाऱ्या व्यवस्थेबद्दल प्रचंड संतापाची लाट उसळणेही स्वाभाविक आहे. जिथे आग लागली त्या स्पेशल न्यूबॉर्न केअर युनिट म्हणजे एसएनसीयू कक्षात एकोणचाळीस बाळांवर उपचार सुरू होते. अतितापमानामुळे एका व्हेंटिलेटरचा स्फोट झाला. त्या व्हेंटिलेटरवरील बाळाचा अक्षरशः कोळसा झाला तर बाजूच्या इन्क्युबेटरमधील दोन बाळे होरपळून दगावली. दोन मुले व एक मुलगी अशी तिन्ही बाळे अमरावती जिल्ह्याच्या ग्रामीण भागातील होती. त्यापैकी एकाची माता प्रसुतीपासून बेशुद्ध असल्याने तिला पोटच्या गोळ्याचा चेहरादेखील पाहता आला नाही. परिचारिकांनी जीव धोक्यात घालून छत्तीस बाळांना सुरक्षित बाहेर काढले खरे. परंतु, श्वास गुदमरलेल्या सहा बालकांची प्रकृती गंभीर आहे. आग, धूर, अंधार अशा स्थितीत जवळपास अडीच तास इमारतीमधील ओल्या बाळंतिणी व गर्भवतींची पळापळ, नातेवाईकांचा आक्रोश सुरू होता. काळजाचा ठोका चुकविणारी, मन सुन्न करणारी, हेलावून टाकणारी ही अशी दृश्ये वारंवार पाहावी लागत आहेत, हे दुर्दैव. देशाची अर्थव्यवस्था पाच ट्रिलियन डॉलर्सकडे झेपावत असताना, त्यात महाराष्ट्राचा वाटा एक ट्रिलियन डॉलर्स असल्याचा दावा केला जात असताना कुठे राज्याच्या कानाकोपऱ्यात, दुर्गम भागात नव्हे तर सहापैकी एका विभागीय मुख्यालयी अशी दुर्घटना घडते हे चिंताजनक आहे. संतापाची बाब म्हणजे पाच वर्षांपूर्वी भंडारा येथे अशाच घटनेत दहा बालकांचा मृत्यू झाला. त्यानंतर नागपुरात एका खासगी हॉस्पिटलमध्ये चार रूग्ण आगीत दगावले. मे महिन्यात अमरावतीच्या सुपर स्पेशल हॉस्पिटलमध्ये अशीच आगीची घटना घडली. त्यात सुदैवाने जीवितहानी झाली नाही. ...आणि इतके होऊनही निष्पाप, निरपराध जीवांची जणू चटक लागलेल्या नरभक्षक व्यवस्थेची कातडीदेखील थरथरत नाही. डफरीनमधील दुर्घटनेच्या चौकशीसाठी सरकारने सात सदस्यांची समिती नेमली असली तरी अशा समित्या व त्यांच्या अहवालावरील जनतेचा विश्वास पार उडून गेला आहे. नक्राश्रू ढाळले जातात. चौकशीचा फार्स होतो. थातूरमातूर चौकशीनंतर खालच्या कर्मचाऱ्यांचे बळी घेतले जातात. बड्या अधिकाऱ्यांवर कारवाई होत नाही. मंत्री, सचिव वगैरे जबाबदारी घेत नाहीत. कोणालाही सोडणार नाही, वगैरे फुसके इशारे दिले जातात. दरवेळी नवी कारणे दिली जातात. भविष्यात अशा घटना घडणार नाहीत असे खोटे दावे होतात. भंडाऱ्यात परिचारिकांना निलंबित केले. जुन्या इमारतीचे कारण दिले. अमरावतीत काहीतरी वेगळे शोधले जाईल. १८८४ मध्ये ब्रिटीश इंडियात व्हाइसरॉयच्या पत्नी, फर्स्ट लेडी डफरीन यांच्या पुढाकाराने, स्थानिकांच्या वर्गणीतून उभ्या राहिलेल्या डफरीन हॉस्पिटलच्या ऐतिहासिक इमारतीच्या बाजूला ही नवी इमारत दोनच वर्षांपूर्वी बांधली आहे. तिच्या फायर ऑडिटची मुदत संपल्याचे सांगितले जाते. अधिकाऱ्यांचे हे दुर्लक्ष गुन्हेगारी स्वरूपाचे असूनही तातडीने गुन्हा दाखल झाला नाही. इथली सर्व यंत्रसामुग्री नवी असूनही इन्क्युबेटरचा स्फोट होण्याइतके तापमान वाढत असेल तर त्या यंत्रांचा दर्जा कोणी तपासला? इतर ठिकाणच्या दर्जाहीन यंत्रांचे काय? अतिदक्षता कक्षात बेबी वॉर्मर, इन्क्युबेटर, व्हेंटिलेटर वगैरेवर देखरेख करणारे कर्मचारी व अधिकारी काय करीत होते? मूळ आरोग्य यंत्रणेविषयीचे प्रश्न अधिक गंभीर आहेत. अत्यंत महागडे खासगी उपचार परवडत नसल्याने गोरगरिबांना सरकारी आरोग्य यंत्रणेचाच आधार असतो. तथापि, ही व्यवस्था नावालाच सार्वजनिक राहिली आहे. प्रत्यक्ष कारभार खासगीच्या हातात आहे. यात अनेकांचे आर्थिक हितसंबंध गुंतले आहेत. चौकशीचा खरा फेरा कधी तिथपर्यंत पोहोचतच नाही. इमारतींचे बांधकाम किंवा यंत्रसामुग्री, औषधांचा पुरवठा हे सारे खासगी आहे. आता बहुतेक मनुष्यबळ खासगीतून येते. शिक्षण, आरोग्यासारख्या मूलभूत सेवांमधून सरकारने अंग काढून घेतले आहे. त्याचे दुष्परिणाम सामान्यांना भोगावे लागत आहेत. ही अमानवी व्यवस्था डोळे न उघडलेल्या, जगाचे दर्शनही न घेतलेल्या कोवळ्या मुलांचे बळी घेत आहे. हॉस्पिटलमधील आगीत होरपळणारे कोवळे जीव असोत की, आश्रमशाळेत सर्पदंशाने जीव गमावणाऱ्या बालिका, दुर्घटनांची तात्कालिक कारणे शोधतानाच या सेवांच्या सार्वजनिक वापराविषयी मूलगामी विचार होत नाही तोवर हे बळी थांबणार नाहीत. या बाळांची माफी मागावी इतकीही माणुसकी या कोडग्या, निर्मम व्यवस्थेत नाही.

# दिल्लीत विनोद तावडे एवढे महत्त्वाचे का आहेत?

**पक्षश्रेष्ठींनी तावडे यांना विचारले होते, 'संघटनेत काम करणे आवडेल की सरकारमध्ये जाणे?' त्यांनी पक्षाची निवड केली. त्याचे बक्षीस त्यांना मिळाले.**



हरीष गुप्ता
नॅशनल एडिटर, लोकमत, नवी दिल्ली

**२०१९ मध्ये** महाराष्ट्राच्या राजकारणातून बाहेर पडल्यानंतर काही वर्ष राजकीय विजनवासात गेलेल्या विनोद तावडे यांनी विलक्षण पुनरागमन केले आहे. भाजपमधील प्रमुख मराठा नेत्यांपैकी एक असलेले तावडे आता पक्षाच्या सत्ताकारणातील परिघावरचे नेते राहिलेले नाहीत. उलट, अडचणीच्या प्रसंगी मार्ग काढणारा आघाडीचा 'ट्रबलशूटर' म्हणून त्यांच्याकडे पाहिले जात आहे. भाजपचे सरचिटणीस असताना तावडे यांनी बिहारची जबाबदारी सांभाळली होती. मात्र, २०२५ च्या बिहार विधानसभा निवडणुकीतील विजयाचे बरेचसे श्रेय तत्कालीन केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान यांना मिळाले. ते बिहारचे निवडणूक प्रभारी होते. आता तावडे यांच्याकडे भाजपची सर्वाधिक राजकीय महत्त्वाची जबाबदारी सोपवण्यात आली आहे. - उत्तर प्रदेश.

पक्षाच्या आठ सरचिटणीसांमध्ये तावडे वरच्या क्रमांकावर आहे.. तर स्मृती इराणी चौथ्या क्रमांकावर आहे.. पक्षातील सूत्रांच्या म्हणण्यानुसार, पक्षश्रेष्ठींनी तावडे यांना स्पष्टपणे विचारले होते, 'संघटनेत काम करणे आवडेल की सरकारमध्ये जाणे?', तावडे यांनी पक्षाची निवड केली. त्याचे बक्षीस म्हणून त्यांच्याकडे उत्तर प्रदेशची जबाबदारी सोपवण्यात आली आहे.

२०२७ च्या विधानसभा निवडणुकीत भाजपसाठी हेच राज्य सर्वात महत्त्वाचे रणांगण ठरेल. अयोध्येतील राम मंदिरात देणग्यांवर डल्ला मारण्याचे प्रकरण, सीजेपीच्या आंदोलनातून पुढे आलेली जेन झी यामुळे भाजपच्या चिंतेत आणखी भर पडली आहे. २०१७ मध्ये उत्तर प्रदेशात ४०३ पैकी तब्बल ३१२ जागा जिंकणाऱ्या भाजपची संख्या २०२२ मध्ये २५५ वर आली. ही घसरण थांबवायची तर तावडे यांना कंबर कसावी लागेल.

**'शस्त्रक्रिया' अजून अपूर्ण**

भाजपचे अध्यक्ष नितीन नबीन यांच्या नव्या टीममधील ६५ पैकी तब्बल ५१ चेहरे नवे आहेत. अनेक महिन्यांपासून सुरू असलेली राजकीय उलथापालथ, चर्चा, सल्लामसलत आणि समीकरणांची जुळवाजुळव यानंतर अखेर ही बहुप्रतीक्षित टीम जाहीर झाली. मात्र, राजकीय निरीक्षकांनाच आता ठरवता येईना की हा खरोखर मोठा कायापालट आहे की एकमेकांशी फारसा मेळ नसलेले घटक एकाच भांड्यात टाकून तयार केलेले विचित्र मिश्रण?

स्मृती इराणी आणि राम माधव यांचे पुनर्वसन आणि विनोद तावडे यांची मोठी बढती यापलीकडे या फेरबदलात फार काही नाही. सूत्रांच्या मते, खरा खांदेपालट अजून व्हायचा आहे. कशावरून? - तर, सरकारमधून संघटनेत पाठवले जातील अशी अपेक्षा असलेले अनेक मंत्री अद्याप सरकारमध्येच आहेत..



भाजपचे संसदीय मंडळ अद्याप पुनर्गठित झालेले नाही. केंद्रीय निवडणूक समितीचेही तेच. म्हणजेच संघटनात्मक 'शस्त्रक्रिया' अजून पूर्ण झालेली नाही. त्यामुळे मंत्रिमंडळात फेरबदल जेव्हा होईल, तेव्हा तो कदाचित यापेक्षाही अधिक नाट्यमय असेल. किमान दोन डझन मंत्र्यांवर एकतर गच्छंतीची किंवा खात्यांची अदलाबदल होण्याची टांगती तलवार आहे म्हणतात.

**मुहूर्त कधी आहे?**

मंत्रिमंडळातल्या फेरबदलासाठी योग्य मुहूर्ताची वाट बघितली जात असल्याचे समजते. फेरबदलाच्या चर्चांना पूर्णविराम मिळत नसल्याने राजकीय वर्तुळांचे लक्ष आता ऑगस्टमधील एका संभाव्य तारखेकडे किंवा थेट नवरात्रापर्यंत वाट पाहण्याकडे लागले आहे. एवढ्या मोठ्या राजकीय हालचालीसाठी २० नोव्हेंबरपर्यंत कोणताही शुभ मुहूर्त नाही, असे ज्योतिषी लोकांनी सांगितले आहे. मोदींसमोर त्यामुळे एक वेगळाच पेच आहे.. फेरबदल आत्ताच करायचा की ग्रह-तारे अनुकूल होईपर्यंत थांबायचे?

**सोनियांचे आत्मचरित्र**

सोनिया गांधी यांचे आत्मचरित्र नोव्हेंबरमध्ये बाजारात येईल. स्वातंत्र्यानंतर नेहरू-गांधी घराण्यात आत्मचरित्र प्रकाशित करणाऱ्या त्या पहिल्याच व्यक्ती ठरतील. त्यात पहिले अर्थातच पंडित जवाहरलाल नेहरू. 'टूवर्ड्स फ्रीडम' नावाचे त्यांचे आत्मकथन १९३६ साली प्रसिद्ध झाले म्हणजे नेहरू स्वतंत्र भारताचे पहिले पंतप्रधान होण्याच्या तब्बल अकरा वर्षे आधी. इंदिरा गांधी यांनी पारंपरिक अर्थाने आत्मचरित्र कधी लिहिले नाही. त्याच्या सर्वाधिक जवळ जाणारे पुस्तक 'माय ट्रुथ' १९८० मध्ये प्रकाशित झाले. विस्तृत वैयक्तिक मुलाखती आणि आत्मचिंतनावर आधारित या पुस्तकातून अलाहाबादमधील त्यांचे बालपण, वडिलांशी असलेले नाते, शिक्षण आणि अर्थातच त्यांची राजकीय दृष्टी यांची झलक मिळते. इंदिरा गांधी सत्तेबाहेर असतानाच्या वादळी काळात हे पुस्तक प्रसिद्ध झाले होते. राजीव गांधी यांनीही आत्मचरित्र लिहिले नाही. नियतीने त्यांना तेवढा वेळच दिला नाही. कुटुंबीय, सहकारी, इतिहासकार आणि चरित्रकारांनी मात्र त्यांच्या आयुष्याचे दस्तावेजीकरण केले.

विशेष म्हणजे, राजीव गांधींच्या आयुष्याकडे अधिक जवळून पाहण्याची संधी देणाऱ्या व्यक्तींमध्ये सोनिया गांधी स्वतः होत्या. १९९२ मध्ये त्यांनी 'राजीव'ज वर्ल्ड - फोटोग्राफ्स बाय राजीव गांधी' हे पुस्तक संकलित केले आणि त्याला प्रस्तावनाही लिहिली. चार दशकांतील राजीव गांधी यांनी स्वतः काढलेल्या छायाचित्रांचा हा संग्रह होता. आता सोनिया स्वतःकडे कॅमेरा वळवत आहेत.. आणि म्हणूनच त्यांचे आत्मचरित्र विलक्षण उत्सुकतेचा विषय असेल.

harish.gupta@lokmat.com

अन्वयार्थ

# २०२७ची जनगणना २०११प्रमाणे निरुपयोगी ठरू नये, म्हणून...

**प्रमाणित जातयादीऐवजी व्यक्तींना मुक्तपणे जातनाव नोंदविण्याची मुभा दिल्यास, पडताळणी न केलेल्या लाखो वेगवेगळ्या नोंदी निर्माण होऊ शकतात.**



सुखदेव थोरात
माजी अध्यक्ष, विद्यापीठ अनुदान आयोग

**इतर** मागासवर्गीयांनी यापूर्वीच पहिल्या टप्प्यातील घरगुती सर्वेक्षण यादीकरणातून ओबीसींचा समावेश वगळल्याबद्दल नाराजी व्यक्त केली होती. त्यांनी ओबीसींचा स्वतंत्र उल्लेख करण्याची मागणी केली होती, मात्र सरकारने ती मागणी मान्य केली नाही. फेब्रुवारी २०२७मध्ये होणाऱ्या दुसऱ्या टप्प्यातील सर्वेक्षणात वापरल्या जाणाऱ्या गणना पद्धतीमुळे एससी/एसटी/ओबीसी/एनटी/डीएनटी समुदायांपुढे आणखी एक समस्या निर्माण झाली.

भारताचे महानिबंधक आणि जनगणना आयुक्त कार्यालयाने २०२७मधील जात गणनेसाठी 'ओपन-एंडेड' (खुली) पद्धत स्वीकारली आहे. या पद्धतीमध्ये सरकारने अधिकृतपणे मान्यता दिलेल्या जातींच्या यादीच्या आधारे जात ओळख निश्चित केली जाणार नाही. त्याऐवजी, व्यक्तीने स्वतः सांगितलेल्या जातीचे नाव जसेच्या तसे नोंदवले जाईल. एससी/एसटी/ओबीसी/एनटी/डीएनटी आणि इतर समुदायांसाठी पूर्वनिश्चित अधिकृत जात-यादीचा वापर केला जाणार नाही.हे लक्षात घेणे आवश्यक आहे की, २०११च्या सामाजिक, आर्थिक आणि जात जनगणनेत खुल्या पद्धतीचा वापर करण्यात आला होता. यामध्ये उत्तरदात्यांना कोणत्याही प्रमाणित यादीपुरते मर्यादित न ठेवता स्वतःची जात नमूद करण्याची मुभा देण्यात आली. त्यामुळे जातनिहाय माहिती संकलित करताना अनेक अडचणी निर्माण झाल्या आणि उपलब्ध डेटा वापरण्यायोग्य राहिला नाही. आगामी देशव्यापी जात जनगणनेत या गंभीर त्रुटी दूर करण्याऐवजी त्यांचीच पुनरावृत्ती होणार आहे.

२०११च्या जनगणनेत गणनाकर्त्यांनी लोकांनी सांगितलेली जात जशीच्या तशी नोंदविल्यामुळे तब्बल ४६.७३ लाख वेगवेगळी जातींची नावे नोंदवली गेली. एकाच जातीचे नाव अनेक वेगवेगळ्या पद्धतीने लिहिले गेले. तसेच, अनेकांनी व्यापक जातश्रेणीऐवजी विशिष्ट गोत्र किंवा कुळ सांगितले. गणनाकर्त्यांनी या दाव्यांची पडताळणीही केली नाही. परिणामी, जातनिहाय डेटा इतका विस्कळीत झाला की, तो केंद्र किंवा राज्य सरकारच्या अधिकृत एससी/एसटी/ओबीसी यादीशी जोडणे शक्य झाले नाही. डेटाची विश्वासार्हता संशयास्पद असल्याचे सांगत सरकारने अखेरीस मूळ जातनिहाय डेटा सार्वजनिक केला नाही आणि त्याचा कल्याणकारी योजनांच्या नियोजनासाठीही वापर झाला नाही.

२०२७मध्येही अशीच परिस्थिती निर्माण होईल. प्रमाणित जातयादीऐवजी व्यक्तींना मुक्तपणे जातनाव नोंदविण्याची मुभा दिल्यास, पडताळणी न केलेल्या लाखो वेगवेगळ्या नोंदी निर्माण होऊ शकतात. यात समानार्थी नावे, शब्दलेखनातील फरक, उपजाती आणि गोत्रांचा समावेश असेल. परिणामी अत्यंत विस्कळीत आणि अविश्वसनीय स्वरूपाचा डेटा तयार होण्याची शक्यता आहे. अशा गुंतागुंतीच्या डेटाचे वर्गीकरण, शुद्धीकरण आणि अधिकृत जात यादीशी जुळवणी करण्यासाठी अनेक वर्षे लागू शकतात. त्यामुळे त्याचा धोरणनिर्मितीसाठी वापर होण्यास मोठा विलंब होऊ शकतो आणि संभाव्य धोरणात्मक बदलही लांबणीवर पडू शकतात. सरकारची जात जनगणनेबाबतची अनास्था या विधानातून स्पष्ट होते की, "विरोधकांनी मागणी केल्यामुळे आम्ही हे करत आहोत. अंतिम आकडेवारीशी विरोधकांनीच व्यवहार करावा," अशी भूमिका सरकारने घेतली आहे. यावरून खुल्या पद्धतीमुळे २०११ प्रमाणेच गुंतागुंतीचे आणि अव्यवहार्य निष्कर्ष निर्माण होण्याची शक्यता सरकारलाही मान्य असल्याचे दिसते. असे असूनही, अधिक अचूक आणि सुधारित पद्धतीचा अवलंब करण्यास सरकार तयार नाही, ही बाब धक्कादायक आहे.

केंद्र सरकारने बिहार (२०२३) आणि तेलंगणा (२०२४-२०२५) येथे वापरण्यात आलेली पद्धत स्वीकारण्याची गरज आहे. या राज्यांनी अधिकृतपणे मान्यताप्राप्त जातींच्या प्रमाणित यादीचा वापर केला. तेलंगणामध्ये जात सांगू इच्छित नसलेल्या व्यक्तींसाठी 'No Caste' आणि 'No Religion' असे स्वतंत्र कोडही ठेवण्यात आले होते. त्यामुळे जातनिहाय माहिती त्वरित वर्गीकृत व मोजता येण्याजोगी बनते आणि तिची कायदेशीर विश्वासार्हताही अधिक मजबूत राहते..

तेलंगणा जात सर्वेक्षणात प्रत्येक व्यक्तीची सामाजिक-आर्थिक स्थिती जाणून घेण्यासाठी ५७ प्रश्न विचारण्यात आले. त्यामध्ये जात, धर्म, मासिक उत्पन्न, शैक्षणिक पात्रता, व्यवसाय, जमिनीची मालकी, आणि घराची स्थिती यांसारख्या बाबींचा समावेश होता.

२०११च्या जनगणनेप्रमाणे 'जात जनगणना २०२७' ही निरुपयोगी ठरू नये असे सरकारला वाटत असेल, तर जातनिहाय माहिती संकलनाच्या पद्धतीत आवश्यक सुधारणा करणे अपरिहार्य आहे.

thorat1949@gmail.com

जगभर

## 'मेजर जनरल' पेंग्विन सर निल्स होणार बाबा !

**स्कॉटलंडमधील** एडिनबर्ग प्राणिसंग्रहालयात सध्या एका अंड्याभोवती प्रचंड उत्सुकता आहे. कारण हे अंडे साधेसुधे नाही. ते जगातील सर्वाधिक उच्चपदस्थ पेंग्विन, मेजर जनरल सर निल्स ओलाव III याचे अपत्य असण्याची शक्यता आहे! त्याची जोडीदार कॉनीने १४ ऑगस्ट २०२६ रोजी अंडे दिले आणि तब्बल १७ वर्षांनी स्कॉटलंडमध्ये किंग पेंग्विनचे अंडे पाहायला मिळाले. विशेष म्हणजे, प्राणिसंग्रहालयातील कर्मचाऱ्यांना या जोडीकडून २०२७ पूर्वी अंड्याची अपेक्षाच नव्हती.

कॉनीचे एडिनबर्ग प्राणिसंग्रहालयात आगमन काही महिन्यांपूर्वीच म्हणजे जानेवारी २०२६ मध्ये झाले. ती आणखी दोन मादी पेंग्विनसोबत येथे आली. मात्र नव्या वातावरणाशी जुळवून घेण्यास वेळ लागेल, असे वाटत असतानाच कॉनी आणि सर निल्सची जोडी जमली. आता दोघेही भावी पालकाची भूमिका निभावत आहेत. प्राणिसंग्रहालयातील कर्मचारी या घटनेकडे आशावादी, पण सावधपणे पाहत आहेत.

या कथेला आणखी रंजक बनवले आहे ती सर निल्सची 'लष्करी कारकीर्द'. 'सर निल्स' हा खरोखरचा पेंग्विन आहे; मात्र तो नॉर्वेच्या 'किंग्ज गार्ड' या लष्करी दलाचा अधिकृत शुभंकर आहे. ही परंपरा १९७२ मध्ये सुरू झाली. नॉर्वेजियन लष्करातील मेजर निल्स एगेलियन यांनी १९६१ मध्ये एडिनबर्गला भेट दिल्यावर तेथील पेंग्विन त्यांना फारच आवडले. १९७२ मध्ये नॉर्वेच्या 'किंग्ज गार्ड'ने एका किंग पेंग्विनला दत्तक घेतले आणि त्याचे नाव निल्स ओलाव ठेवले. 'निल्स' हे एगेलियन यांच्या नावावरून, तर 'ओलाव' नॉर्वेचे तत्कालीन राजा ओलाव V यांच्या सन्मानार्थ.

त्यानंतर या पेंग्विनला लष्करी पदोन्नती मिळत गेली. सुरुवातीला तो लान्स कॉर्पोरल होता. पुढे कॉर्पोरल, सार्जंट, रेजिमेंटल सार्जंट मेजर, ऑनरेबल



रेजिमेंटल सार्जंट मेजर आणि २००५ मध्ये कर्नल-इन-चीफ झाला. २००८ मध्ये त्याला नॉर्वेचे राजा हॅरॉल्ड V यांच्या मान्यतेने 'नाइटहूड' दर्जा मिळाला. २०१६ मध्ये तो ब्रिगेडियर झाला आणि २१ ऑगस्ट २०२३ रोजी तो मेजर जनरल या पदावर पोहोचला.

पण हा पेंग्विन 'मेजर जनरल' पदापर्यंत कसा पोहोचला? त्यामागे प्रत्यक्ष युद्धातील कामगिरी नाही, तर दीर्घकाळाची लष्करी मैत्री, शुभंकर म्हणून त्याची भूमिका आणि प्रतीकात्मक सन्मान आहे. त्याला पदोन्नती देण्याची ही परंपरा अनेक दशकांपासून सुरू आहे. २०२३ मधील पदोन्नतीवेळी सुमारे १६० गणवेशधारी सैनिक उपस्थित होते. त्याला चांगल्या वर्तनासाठी मेजर जनरल करण्यात आले. गिनीज बुकने सर निल्सला जगातील सर्वाधिक उच्चपदस्थ पेंग्विन म्हणून नोंदवले आहे. मेजर जनरल हे नॉर्वेच्या सशस्त्र दलातील तिसऱ्या क्रमांकाचे वरिष्ठ पद आहे.

आता या 'मेजर जनरल'समोर सर्वात मोठी जबाबदारी आहे पितृत्वाची! किंग पेंग्विन एकावेळी फक्त एकच अंडे घालतात. अंडे घरट्यात न ठेवता पालक ते आपल्या पायांवर ठेवतात आणि शरीराच्या उबदार त्वचेखाली सुरक्षित ठेवतात. नर आणि मादी आलटून-पालटून अंड्याची काळजी घेतात. साधारण ५५ दिवसांनी अंड्यातून पिल्लू बाहेर येऊ शकते.

आज सर्वांचे लक्ष या छोट्याशा अंड्यावर आहे. जगातील सर्वाधिक उच्चपदस्थ पेंग्विनचा वारस केव्हा जन्माला येतो याची साऱ्यांनाच उत्सुकता आहे. लष्करी पदकांनी सजलेला सर निल्स कदाचित लवकरच आपल्या आयुष्यातील सर्वात मोठे पद स्वीकारणार आहे- 'बाबा'!

जनमन

## प्लास्टिकचा भस्मासुर मानवी शरीरापर्यंत !



**महाराष्ट्रातील** प्रमुख नद्या असलेल्या भीमा आणि उल्हास नदीतील जलचर प्राण्यांच्या शरीरात प्लास्टिकचे सूक्ष्म कण आढळले असल्याची माहिती एका संशोधनातून समोर आली आहे. एव्हाना प्लास्टिकचे सूक्ष्म कण आता मानवी शरीरातदेखील आढळत आहेत. मध्यंतरी जगप्रसिद्ध नियतकालिक 'नेचर' नुसार एरवी मूत्रपिंड, यकृतात आढळणाऱ्या प्लास्टिकच्या अतिसूक्ष्म कणांनी आता मानवी मेंदूत प्रवेश केला असून त्यामुळे मेंदूशी संबंधित अनेक विकार बळावत असल्याचा निष्कर्ष काढला आहे. तथापि, प्लास्टिक वापर ही मनुष्याची एक मानसिक गुलामगिरी बनली आहे. प्लास्टिक कचरा कधीही नष्ट होत नाही. प्लास्टिकचे नैसर्गिकरीत्या विघटन होत नाही. बराच प्लास्टिक कचरा फेरवापरात न येता जाळून टाकला जातो. तरीही उरलेल्या बऱ्याच प्लास्टिकचे अंतिम स्थान हे महासागर, नद्या हेच असते. आता सर्वत्र पाण्याच्या बाटल्यांचा वापर सुरू झाला आहे. या बाटल्या पॉलिएथिलीन टेरेफथॅलेटच्या (पीईटी) बनलेल्या असतात. या बाटल्यांच्या वापराने भारतात भूजलाचा उपसाही वाढला आहे. एक लिटर पाण्याची बाटली आपल्यापर्यंत येण्यासाठी १.६ लिटर पाणी खर्च होते. तसेच प्लास्टिक उत्पादक कंपन्यांनी प्लास्टिकच्या विनियोगाची जबाबदारी उचलणे अत्यावश्यक आहे. जन्मदात्यांवरच अखेरच्या प्रवासाची जबाबदारी सोपवावी लागेल. आपण सवयीने प्लास्टिकचे गुलाम बनलो आहोत. प्लास्टिक कमी वापरणे, फेरवापर, फेरविचार करणे, इत्यादी उपाययोजना वैयक्तिक पातळीवर योजणेदेखील तितकेच गरजेचे आहे.

**- बाळकृष्ण शिंदे**, पुणे

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : janman@lokmat.com

पर्पजफुल

# स्वत:भोवती घोटाळणारी उद्दिष्टे म्हणजे 'पर्पज' नाही...

**लांब पल्ल्याचे, अर्थपूर्ण, पण स्वत:पलीकडे जाणारे ध्येय शोधण्याचा प्रयत्न करणे आवश्यक आहे. तरुणांनी त्याचा ध्यास घ्यायला हवा.**



अमृत बंग
'निर्माण' या युवा उपक्रमाचे प्रमुख

**स्टॅनफर्ड** विद्यापीठातील विल्यम डेमॉन व केंडल ब्रांक या संशोधकांनी 'पर्पज' म्हणजे नक्की काय याची व्याख्या तयार केली आहे. त्यानुसार, 'जीवनातील पर्पज म्हणजे एखादी अशी गोष्ट साध्य करण्याचा स्थिर संकल्प, जी एकाच वेळी वैयक्तिकदृष्ट्या अर्थपूर्ण असते आणि त्याचबरोबर स्वतःच्या पलीकडील जगाच्या एखाद्या पैलूशी विधायकरीत्या जोडली जाण्यास कारणीभूत ठरते.'

मराठीमध्ये पर्पजसाठी प्रयोजन, उद्देश, हेतू, ध्येय असे समानार्थी शब्द वापरता येतील. आता जगभर मानसशास्त्रात मान्य असलेल्या या व्याख्येनुसार पर्पजच्या रचनेत ३ घटक अंतर्भूत आहेत. पहिला म्हणजे दूर क्षितिज लांघणारे ध्येय. ट्रेकिंगला वा स्कुबा डायव्हिंगला जाणे, पीजीची परीक्षा पास करणे किंवा एमबीए करणे याला आयुष्याचा पर्पज म्हणता येणार नाही. ते काही जीवनाचे अंतिम ध्येय नव्हे. ते शॉर्ट-टर्म गोल्स किंवा उद्दिष्टे आहेत. ट्रेडमिलचे टार्गेट्स म्हणजे जसे स्वास्थ्य नव्हे तसेच शॉर्ट टर्म गोल्सचा संच म्हणजे पर्पज नव्हे!

दुसरा घटक म्हणजे व्यक्तिगत अर्थपूर्णता. माझा पर्पज मला अर्थपूर्ण वाटला पाहिजे; दुसऱ्याला वाटून काय उपयोग? बाकीचे लोक काय म्हणतात किंवा त्यांना काय भले वाटते, यावर माझा पर्पज नको ठरायला. दुर्दैवाने आज अनेक युवांमध्ये पर्सनल मीनिंगफुलनेसपेक्षा पॅरेन्ट विशफुलनेस आणि पिअर ट्रेंडफुलनेस जास्त बघायला मिळतो! कामाची किंवा जीवनातील महत्त्वाच्या गोष्टींची निवड करताना मला



स्वतःला काय अर्थपूर्ण वाटतं, माझ्या मूल्यांशी काय सुसंगत आहे यापेक्षा पालकांची काय अपेक्षा आहे, इतर मित्र काय करत आहेत, याला अवास्तव महत्त्व दिले जाते. यामुळे तात्कालिक सुरक्षितता वाटू शकते, पण लांब पल्ल्यामध्ये घुसमट तयार होते. पद आणि पॅकेज सोडून कामात दुसरा कुठलाही हेतू नसेल तर अशा जगण्याला फारसा अर्थ उरत नाही.

तिसरा घटक म्हणजे स्व:च्या पलीकडे जाणारे ध्येय. माझ्या पर्पजचा मी सोडून इतरांना काही उपयोग होतो का? माझा पर्पज निव्वळ माझ्यापुरता मर्यादित असेल तर ती माझी 'हॉबी' होऊ शकते. चांगला छंद जोपासण्यात गैर काही नाही; पण हॉबी आणि पर्पज यामध्ये गल्लत नको करायला. भरपूर भटकंती करणे, नवनवीन चित्रपट बघणे, सोशल मीडिया सेलिब्रिटी बनणे किंवा बक्कळ पैसा कमावणे हे काहींसाठी लांब पल्ल्याचे ध्येय असू शकते, पण अशी फक्त स्वतःभोवती घोटाळणारी उद्दिष्टे म्हणजे पर्पज नाही.

स्वतःच्या कुटुंबाच्या सुरक्षेसाठी, विकासासाठी, आनंदासाठी जगणे यासोबतच या वर्तुळाची व्याप्ती विस्तारणे हा मार्ग आपल्या सर्वांसाठी असू शकतो. मी या जगात कोणता बदल घडवून आणू इच्छितो? माझा पर्पज समाजावर काय सकारात्मक परिणाम घडवून आणू शकतो? सामाजिक ध्येयांनी युक्त असलेला पर्पज हा त्या व्यक्तीच्या भविष्यातील निरंतर आरोग्याचा सर्वोत्तम प्रेडिक्टर/अनुमानक आहे हे आता सिद्ध झालेले आहे. लांब पल्ल्याचे ध्येय, व्यक्तिगत अर्थपूर्णता आणि स्व:पलीकडची अभिमुखता या तिन्ही घटकांनी युक्त असा पर्पज शोधायला भारतातील तरुण-तरुणींना व्यापकरीत्या मदत करायची हे 'निर्माण' उपक्रमाचे पर्पज आहे.

amrutabang@gmail.com

तिरकस आणि चौकस — गजानन घोंगडे




हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

## चिंतन

# अनियोजित विकास बना महानगरों की चुनौती

बड़े शहर देश में विकास के इंजन माने जाते हैं, लेकिन यही महानगर और बड़े शहर आज अनियोजित विकास का खामियाजा भुगत रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर से लेकर मुंबई, चेन्नई, रायपुर, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर से असम तक बारिश ने शहरी व्यवस्था की कमजोरियां उजागर कर दी हैं। कुछ घंटों की बारिश में सड़कें तालाब बन जाती हैं, यातायात ठप हो जाता है, घरों और बाजारों में पानी घुस जाता है। कहीं स्कूल बंद करने पड़ते हैं तो कहीं कंपनियां कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सलाह देती हैं। सवाल यह है कि हर साल बारिश से पहले तैयारी के दावे होने के बावजूद हालात सुधर क्यों नहीं रहे? असल समस्या बारिश नहीं, बल्कि बिना भविष्य की जरूरतों का आकलन किए किया गया विकास है। शहरों का विस्तार तेजी से हुआ, लेकिन उसके अनुरूप सीवरेज, ड्रेनेज, जल निकासी, कचरा प्रबंधन और सार्वजनिक परिवहन का विस्तार नहीं हो पाया। कंक्रीट का जंगल बढ़ता गया और जमीन की पानी सोखने की क्षमता घटती गई। प्राकृतिक नाले, तालाब और जलाशय या तो अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए या निर्माण के बीच दब गए। नतीजा यह है कि कच्ची जमीन नहीं मिलने से बारिश का पानी अपने स्वाभाविक रास्ते तलाशने के बजाय सड़कों पर जमा होने लगा है। महानगरों की दूसरी बड़ी चुनौती यातायात और प्रदूषण है। सीमित सड़कें, बढ़ती आबादी और निजी वाहनों की संख्या ने जाम को रोजमर्रा की समस्या बना दिया है। बारिश के दौरान जलभराव के कारण स्थिति और विकराल हो जाती है। दुर्भाग्य यह है कि शहरी विकास अक्सर दीर्घकालिक योजना के बजाय तात्कालिक राजनीतिक और प्रशासनिक जरूरतों से संचालित होता है। नई सड़क बना देना या किसी क्षेत्र में निर्माण की अनुमति दे देना आसान है, लेकिन उसके साथ जल निकासी, पार्किंग, सीवरेज, सार्वजनिक परिवहन और पर्यावरणीय संतुलन की व्यवस्था करना कठिन और महंगा है। इसी कठिन काम से बचने का परिणाम आज जनता भुगत रही है। अब शहरों को केवल 'स्मार्ट' बनाने की घोषणाओं से आगे बढ़कर सस्टेनेबल और रेजिलिएंट बनाने की जरूरत है। प्रत्येक शहर के लिए वैज्ञानिक मास्टर प्लान तैयार हो और उसका पालन राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर सुनिश्चित किया जाए। कम से कम अगले 50 वर्षों की आबादी, जल जरूरत, यातायात, जल निकासी और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखकर योजना तैयार की जाए। जल निकायों और प्राकृतिक नालों को अतिक्रमण से मुक्त कराना भी प्राथमिकता होनी चाहिए। शहरों में अधिक से अधिक खुले और हरित क्षेत्र बनाए जाएं, ताकि बारिश का पानी जमीन में जा सके। पुराने ड्रेनेज सिस्टम की क्षमता बढ़ाने के साथ उसकी नियमित सफाई और निगरानी हो। केवल बारिश आने से पहले नालों की औपचारिक सफाई पर्याप्त नहीं है। महानगरों की मौजूदा स्थिति चेतावनी है कि विकास की रफ्तार से ज्यादा जरूरी उसकी दिशा है। यदि शहरों का विस्तार इसी तरह बिना दूरदर्शिता के होता रहा तो आने वाले वर्षों में जलभराव, जाम, प्रदूषण, पानी की कमी और कचरा प्रबंधन जैसी समस्याएं और गंभीर होंगी। सरकारों को अब घटनाओं के बाद राहत देने की बजाय घटनाओं को रोकने की नीति अपनानी होगी। शहर केवल इमारतों, फ्लाईओवर और चौड़ी सड़कों से नहीं बनते; वे पानी, हवा, हरियाली, परिवहन और नागरिक सुविधाओं के संतुलन से बनते हैं। भविष्य के शहरों की नींव आज रखनी होगी, वरना विकास ही महानगरों के लिए सबसे बड़ी समस्या बन जाएगा।

# शिक्षा पर अब फोकस करना ही होगा



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

देश में बीते कुछ महीनों के दौरान "शिक्षा" और "परीक्षा" को लेकर यकबयक आंदोलनों की बाढ़ आ गई है जिसे राजनीतिक दलों द्वारा भी खूब हवा दिया जा रहा है। परीक्षा पेपर लीक और सरकारी स्कूलों की दुर्दशा और सुविधाओं को लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में 'जेन - जी' यानि 1997 से लेकर 2012 के बीच जन्मी पीढ़ी और 'जेन-अल्फा' यानि 2010 से 2024 के बीच जन्मे बच्चों के आंदोलनों की खबरें सामने आई है। इधर सरकार से लेकर विपक्ष भी इन दिनों छात्रों के शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था पर काफी फिक्रमंद दिखाई दे रहा है। सत्ताधारी दल 'बीजेपी' और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 'आरएसएस' जहां शिक्षा और परीक्षा पर जेन- जी और जेन-अल्फा से संवाद के लिए आतुर है तो प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के नेता राहुल गांधी विभिन्न शहरों में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के जरिए छात्रों विशेषकर छात्राओं से सीधा संवाद कर रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष इस अभियान के अंतर्गत युवाओं और युवतियों से शिक्षा प्रणाली, प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाली धांधली, करियर, सुरक्षा और समानता को लेकर संवाद कर रहे हैं। बिलाशक सरकार और विपक्ष के छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों अचानक अति गंभीर होने की पीछे मुख्य मंशा 'जेन-जी वोट बैंक' को साधने की है जो आगामी चुनावों में निर्णायक होने वाला है।

गौरतलब है कि डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बनी कॉकरोच जनता पार्टी 'सीजेपी' के 'स्कूल ठीक करो' अभियान ने सरकारी स्कूलों पर एक बड़े बहस को जन्म दे दिया है। इस मुहिम के तहत 'सीजेपी' के लोग सरकारी स्कूलों में जाकर वहां के बदहाली की खबर को सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। पिछले दिनों राजस्थान के बगरू विधानसभा के रामपुरा - कंवरपुरा गांव के सरकारी स्कूल के जायजा लेने पहुंचे 'सीजेपी' के राष्ट्रीय प्रवक्ता और कार्यकर्ताओं के साथ वहां के ग्रामीणों द्वारा मारपीट करने और उनके गाड़ियों के शीशे तोड़ने के आरोप लगे हैं। सीजेपी का आरोप है कि गांव का सरकारी स्कूल काफी जर्जर है और तबेले पर बच्चों की स्कूल चलाई जा रही है। बिलाशक जुलाई में दिल्ली के जंतर-मंतर पर 'सीजेपी' के अगुवाई में हुए प्रदर्शन जिसे 'जेन- जी प्रोटेस्ट' नाम दिया गया के पीछे राजनीतिक निहितार्थ था लेकिन 'जेन अल्फा' की मांग राजनीतिक नहीं है बल्कि यह स्कूलों से जुड़ी बुनियादी जरूरतों के लिए है।

अलबत्ता सीजेपी का 'स्कूल ठीक करो' अभियान विवादों में घिरता नजर आ रहा है।आलोचकों का मानना है कि सीजेपी का यह आंदोलन राजनीति प्रेरित है और यह सिर्फ भाजपा शासित राज्यों में ही केंद्रीत है जबकि देश के सभी राज्यों के सरकारी स्कूल बदहाली के दौर में है। देश की सरकारी शिक्षा व्यवस्था कभी भी सरकारों के प्राथमिकता में नहीं रही लिहाजा आज किसी भी सरकार से रातों-रात स्कूलों की तस्वीर बदलने की जिद बेमानी है। आखिरकार सरकारों के पास कोई जादुई छड़ी थोड़ी है जो आठ दशकों की बदहाली को महज कुछ महीनों या सालों में बदल दें। लिहाजा स्कूलों को आंदोलन का अखाड़ा न बनाकर इसके सुधार की दिशा में दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाने की जरूरत है।



गौरतलब है भारत की शिक्षा व्यवस्था अमीरी-गरीबी और शहरी - ग्रामीण के बीच बंटी हुई है। शिक्षा में यह असमानता बुनियादी आवश्यकताओं से लेकर पाठ्यक्रम यानि सिलेबस और संसाधनों की उपलब्धता में भी है। शिक्षा में यह विषमता बुनियादी शिक्षा से ही शुरू हो जाती है जो उच्च शिक्षा तक जारी रहती है। भारत के स्कूलों पर गौर करें तो एक तरफ आधुनिकतम सूचना तकनीक संसाधनों और सुविधाओं से लैस पांच सितारा निजी स्कूल हैं वहीं दूसरी ओर गरीब भारत की जीर्णशीर्ण , गंदगी युक्त और बुनियादी जरूरतों के तरसते 19 वीं सदी के सरकारी स्कूल हैं। आलम यह है कि अधिकांश सरकारी स्कूलों में पहुंच मार्ग, बेंच , बिजली, पंखा, साफ पेयजल, शौचालय और अन्य संसाधनों का भारी आभाव है। समाज का एक बड़ा वर्ग ऐसा है जिनके बच्चे अशिक्षा,गरीबी, लैंगिक भेदभाव व रूढ़िवादी परंपरा के चलते स्कूलों का मुँह नहीं देख पा रहे हैं या उन्हें बीच में ही अपनी पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि देश की सरकारों ने सरकारी स्कूलों और स्कूली शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए कोई जतन नहीं किया है।बीते दशकों में सरकारों ने अनेक नीतियां, योजनाएं, समितियां और आयोग बनाईं हैं जिनके रिपोर्ट भी आए और नीतियां भी लागू हुई लेकिन नतीजा सिफर रहा। प्राथमिक शिक्षा के बदहाली का असर यह हो रहा है कि हमारी उच्च शिक्षा भी बेहतर परिणाम नहीं दे पा रही है।

देश में 'सर्व शिक्षा अभियान' के नारे की वास्तविकता संसद के बीते सत्र में पेश शिक्षा मंत्रालय के उस रिपोर्ट से लगाया जा सकता है जिसके मुताबिक पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में कुल 17, 141 स्कूल बंद हुए हैं यानी हर दिन नौ से ज्यादा। सरकार ने देश में 22 जनवरी 2015 को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ' नारा अमल में लाया। इस सरकारी नारे की हकीकत यह कि हर दो बालिका में से केवल एक ही बालिका उच्चतर माध्यमिक यानि कक्षा 9 से 12 में दाखिला ले रही है। इधर स्कूलों में ड्रॉप - आउट रेट भी बढ़ा है। आंकड़ों के मुताबिक 2021-22 में जहां स्कूली विद्यार्थियों की संख्या 25.57 करोड़ थी वहीं 2025- 26 में यह यह संख्या 24.72 करोड़ हो गई यानी हर साल 17 लाख बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया। समाज के कमजोर तबके के एससी और एसटी विद्यार्थियों के कक्षा 9-12 में दाखिला लक्ष्य प्रतिशत से कम रहा जो सामाजिक न्याय के दृष्टिगत चिंतनीय मसला है।

बिलाशक स्कूली बच्चों के ड्रॉप- आउट जैसे समस्या के लिए सामाजिक और आर्थिक स्थितियां जिम्मेदार है। लैंगिक समानता के तमाम कानूनों और नारों के बावजूद आज भी कुछ समाजों में महिलाओं के आत्मनिर्भरता के प्रति दकियानूसी सोच विद्यमान है जिसके चलते बालिकाओं की शिक्षा बाधित हो रही है। दूसरी ओर कमजोर आर्थिक हालात और गरीबी की वजह से कुछ बच्चों को कांधे पर स्कूली बस्तों के बोझ की जगह आजीविका का बोझ उठाना पड़ रहा है। स्कूली शिक्षा के केन्द्र में शिक्षक होता है लेकिन संसद के संसदीय समिति की रिपोर्ट पर गौर करें तो देश के सरकारी स्कूलों में 10 लाख शिक्षकों के पद रिक्त हैं। स्कूलों जो शिक्षक हैं भी तो वे शिक्षण कार्य से इतर चुनाव संबंधी कार्यों, विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों और सरकारी योजनाओं के काम से घर-घर दस्तक देते देखे जा सकते हैं। इन परिस्थितियों में सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

बहरहाल देश के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराना हर सरकार की संवैधानिक जवाबदेही है लेकिन एक बड़ी आबादी आज भी इससे दूर है। बिलाशक इसके लिए सरकार और समाज दोनों जवाबदेह हैं। राजनीति समाज का ही हिस्सा है लेकिन ऐनकेन प्रकारेण सत्ता हासिल करने के हनक के चलते मुफ्त चुनावी रेवड़ियां बांटने वाले राजनीतिक दलों के लिए शिक्षा कभी भी राजनीतिक या चुनावी मुद्दा नहीं रहा। सरकारी शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की दिशा में सबसे बड़ा रोड़ा सरकारों की इस क्षेत्र में कम धन आबंटन भी है। पिछले 12 वर्षों के दौरान कुल बजट में शिक्षा मंत्रालय का हिस्सा 4.6 फीसदी से घटकर 2.5 रह गया। अलबत्ता शिक्षा में कम बजट आबंटन का ठीकरा सिर्फ केंद्र सरकार पर ही फोड़ना उचित नहीं है बल्कि राज्य सरकारों ने भी इस दिशा में लगातार यही रवैया अपनाया है जबकि शिक्षा व्यवस्था राज्य का भी विषय है।

देश के तमाम शिक्षाविदों और शिक्षा में सुधार के लिए गठित विभिन्न समितियों और आयोगों ने देश की आबादी और सरकारी शिक्षा के वर्तमान स्तर के मद्देनजर शिक्षा क्षेत्र के लिए कुल बजट का छह फीसदी आबंटन का सुझाव दशकों से दिया जा रहा है बावजूद नतीजा सिफर है। बहरहाल शिक्षा ही किसी राष्ट्र और व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का बुनियाद होता है लिहाजा अब सरकारों को सरकारी शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में ईमानदार प्रयास करना होगा। भारत जैसे विकासशील देश में अब शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव की जरूरत है जिसमें शिक्षकों की जवाबदेही के साथ ही स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा। सरकारों को अब तमाम पूर्वाग्रह को त्यागकर भविष्य के संभावनाओं के लिहाज से पाठ्यक्रम तैयार करना होगा और। सरकारी स्कूलों में अब डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही शिक्षकों के नियमित प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## नवाचार

बलकार सिंह पूनियां



# सारथी से स्वामी : भारत टैक्सी की सहकारी क्रांति

भारत के तेजी से बदलते शहरी परिदृश्य में परिवहन अब केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का साधन नहीं रह गया है। यह रोजगार, आजीविका, आर्थिक अवसर, सामाजिक समावेशन और जीवन की गुणवत्ता से सीधे जुड़ा हुआ क्षेत्र बन चुका है। उपलब्ध सामग्री के अनुसार, भारत टैक्सी की स्थापना 6 जून 2025 को बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आठ राष्ट्रीय स्तर की सहकारी संस्थाओं के सहयोग से हुई। भारत टैक्सी की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता इसका सहकारी स्वामित्व मॉडल है। सामान्य प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था में ड्राइवर प्रायः सेवा देने वाला व्यक्ति होता है, जबकि प्लेटफॉर्म का स्वामित्व और निर्णय लेने की शक्ति अलग संस्था के पास रहती है। भारत टैक्सी इस संबंध को बदलने का प्रयास करती है। यहां ड्राइवर को केवल चालक नहीं, बल्कि 'सारथी' और सदस्य-मालिक के रूप में देखने की अवधारणा सामने आती है। जो व्यक्ति अपने श्रम, समय और सेवा से प्लेटफॉर्म का मूल्य तैयार करता है, उसे उसके स्वामित्व और निर्णय-प्रक्रिया में भागीदारी मिलनी चाहिए-यही इस मॉडल की मूल भावना है। शेयर पूंजी के माध्यम से सारथियों को सदस्य बनने और शासन में भाग लेने का अवसर तथा निदेशक मंडल में उनका प्रतिनिधित्व इस व्यवस्था को सहभागी स्वरूप प्रदान करता है। यही वह बिंदु है, जहां भारत टैक्सी केवल परिवहन सेवा नहीं रह जाती, बल्कि आर्थिक लोकतंत्र के प्रयोगके रूप में दिखाई देती है। 'सारथी ही स्वामी' की सोच श्रम को केवल आय अर्जित करने का माध्यम न मानकर उसे स्वामित्व से जोड़ती है। यदि प्लेटफॉर्म की सफलता में चालक की भूमिका केंद्रीय है तो उसके आर्थिक लाभ और निर्णय प्रक्रिया में उसकी हिस्सेदारी भी महत्वपूर्ण होनी चाहिए। सहकारिता का यही दर्शन भारत टैक्सी को पारंपरिक डिजिटल प्लेटफॉर्म मॉडल से अलग पहचान देता है। इस मॉडल का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष शून्य-कमीशन और सर्ज-फ्री किराया है। भारत टैक्सी पारदर्शी किराया व्यवस्था पर जोर देती है और मांग बढ़ने के समय अचानक किराया बढ़ाने की व्यवस्था से अलग मॉडल प्रस्तुत करती है। इसका उद्देश्य यात्रियों के लिए किराये में पारदर्शिता और सारथियों के लिए आर्थिक भागीदारी को मजबूत करना है। यदि तकनीकी प्लेटफॉर्म से पैदा होने वाले आर्थिक मूल्य का बड़ा हिस्सा सेवा प्रदाताओं तक पहुंचता है, तो यह डिजिटल अर्थव्यवस्था में अधिक न्यायसंगत भागीदारी की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयोग बन सकता है। भारत टैक्सी का महत्व केवल ड्राइवरों की आर्थिक स्थिति तक सीमित नहीं है। यहसमावेशी शहरी गतिशीलता की दिशा में भी संभावनाएं पैदा करता है। बाइक टैक्सी, ऑटो रिक्शा, इकोनॉमी कैब, प्रीमियम सेडान, एक्सएल कैब, किराया, आउट-स्टेशन और अनुसूचित सवारी जैसी सेवाएं अलग-अलग वर्गों और यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करती हैं। पारदर्शी किराया व्यवस्था यात्रियों को यात्रा से पहले संभावित खर्च समझने में सहायता करती है। 'सारथी दीदी' के माध्यम से महिला यात्रियों को महिला ड्राइवर चुनने का विकल्प तथा 'बाइक दीदी' के माध्यम से महिलाओं की परिवहन क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया गया है। उपलब्ध सामग्री के अनुसार, फरवरी 2026 तक 150 से अधिक महिला ड्राइवर इस पहल से जुड़ चुकी थीं। यह केवल सुरक्षित यात्रा का प्रश्न नहीं है; यह महिलाओं को आर्थिक अवसर और आजीविका से जोड़ने का प्रयास भी है। किसी भी डिजिटल परिवहन सेवा की सफलता के लिए सुरक्षा और विश्वसनीयता अत्यंत आवश्यक हैं। वास्तव में, विकसित भारत 2047 का निर्माण केवल बड़े आर्थिक आंकड़ों से नहीं होगा। इसके लिए ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता होगी, जिसमें तकनीक अवसर पैदा करे, श्रमिक स्वामित्व और सम्मान प्राप्त करें, महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में अधिक भागीदारी करें और सामाजिक सुरक्षा विकास का अभिन्न हिस्सा बने। भारत टैक्सी इसी व्यापक सोच में 'सहकार से समृद्धि' को शहरी परिवहन के क्षेत्र में व्यवहार में उतारने का एक महत्वपूर्ण प्रयोग बन सकती है। अंततः, भारत टैक्सी को केवल एक नई कैब सेवा के रूप में देखना इसके व्यापक महत्व को सीमित करना होगा। यह तकनीक, सहकारिता, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकासको एक साझा मंच पर लाने का प्रयास है। यदि 'सारथी से स्वामी' की अवधारणा व्यवहार में मजबूत होती है और सहकारी स्वामित्व तथा डिजिटल नवाचार के बीच संतुलन कायम रहता है, तो भारत टैक्सी प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था के लिए एक अधिक सहभागी और जन-केंद्रित विकल्प प्रस्तुत कर सकती है।

(लेखक इग्नू, नई दिल्ली में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# गलतफहमी मनुष्य की बुद्धि पर डाल देती है पर्दा



संकलित
दर्शन

विद्वानों के मतानुसार गलतफहमी मनुष्य की बुद्धि पर पर्दा डाल देती है, उसकी आंखों पर पट्टी बांध देती है और उसकी वृत्ति को ही बदल देती है। वो मनुष्य के नैतिक मूल्यों को एक मिनट में वैसे ही जला देती है जैसे कि आग की चिंगारी सूखी घास को दो मिनट में भस्मीभूत कर देती है। किसी ने सही कहा है कि 'गलतफहमी का एक पल इतना जहरीला होता है, जो प्यार भरे सौ लम्हों को भी वह एक क्षण में भुला देता है।' आज समस्त विश्व में जो झगड़े, अनबन, मन मुटाव, तनाव, संबंधों में कटुता तथा स्नेह और सहयोग में अभाव दिखाई देता है, उसका एक कारण व्यक्तियों, संगठनों, संप्रदायों, दलों या देशों में परस्पर गलतफहमी ही तो है। गलतफहमी से जब पारस्परिक संबंध बिगड़ जाते हैं तो बात फिर बिगड़ती ही चली जाती हैऔर इसीलिए ही अगर समझदारी पूर्वक गलतफहमी को दूर न किया जाए, तो यह उस अमर बेल की तरह है जो वृक्ष पर बढ़ती ही चली जाती है और वृक्ष की सारी शक्ति को हड़प लेती है। यह वो बला है जो न केवल मनुष्य की मानसिक शक्ति, शांति और खुशी को हड़प लेती है अपितु वह उसे इस कद्र थका देती है कि उसे अपने किसी कार्य से इतनी थकावट नहीं होती जितनी कि परस्पर गलतफहमी से होने वाले परिणामों के कारण बने हुए वातावरण से होती है। अतः गलतफहमी को दूर करना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसके बने रहने से कई लोगों में बीमारियां पैदा हो जाती हैं और उनके लिए जीना भी कठिन हो जाता है।

# अच्छे काम से परिणाम की अपेक्षा ही दुख का स्रोत



संकलित
प्रेरणा

जब आपके हाथों कोई अच्छा काम हो जाए, तो खुद को याद दिलाएं कि यह परमात्मा ही है, जिसने आपको ऐसी परिस्थिति में रखा, जहां आपको अच्छा काम करने का अवसर मिला। कहा गया है 'दाता को आभारी होना चाहिए' जब कोई कुछ देता है और उसे स्वीकार कर लिया जाता है, तो देने वाले को आभारी होना चाहिए। अच्छे काम से परिणाम की अपेक्षा ही दुख का स्रोत है। विचार यह होना चाहिए कि मुझे दाता की भूमिका दी गई है, यह अपने आप में एक महान आशीर्वाद है। बुरे कामों का पछतावा तो स्वाभाविक है, लेकिन कई बार आपके अच्छे कर्म भी आपको दुखी कर सकते हैं। अच्छे कर्म स्वतः ही आपका उद्धार नहीं कर देते। आपकी नीयत, लगाव, अपेक्षाएं, अहंकार और कर्म करते समय आपके मन की स्थिति ही यह तय करती है कि वह कर्म आपके लिए सुख लाएगा या दुख। जब आप दान-पुण्य करते हैं, तब कई बार आपको लग सकता है कि आपके अच्छे कामों पर किसी का ध्यान ही नहीं गया। मैंने इतने बेहतरीन काम किए, लेकिन किसी ने उनकी सराहना नहीं की। उनके लिए कोई प्रशंसा नहीं मिली। यह एक आम शिकायत है। अपने अच्छे कामों के लिए पहचान और सराहना पाने की यही चाहत अकसर दुख का कारण बनती है। अच्छे काम से परिणाम की अपेक्षा ही दुख का स्रोत- नारद भक्ति सूत्र में देवर्षि नारद न केवल कर्मों की भागदौड़ से, बल्कि उन कर्मों के फल की अपेक्षा से भी विराम लेने की सलाह देते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देवस्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित न करे

सरकार हमारे देवस्थलों को पर्यटन के नाम पर विकसित करने के बजाय, केवल पर्यटन स्थलों को इस तर्ज पर विकसित करे। देवस्थलों व लोगों की आस्था से जुड़ी इन जगहों से छेड़छाड़ नहीं की जाए। ये स्थान लोगों की आस्था के प्रतीक हैं, जो लाखों सालों से हम सबकी रक्षा करते आए हैं। हमारे देवस्थान कोई पर्यटक स्थल नहीं हैं, बल्कि लोग यहां अपने व अपने स्वजनों की कुशलता के लिए और अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए प्रार्थना करने के लिए आते हैं। यहां पहुंचने के लिए हमें सड़के नहीं चाहिए, होमस्टे नहीं चाहिए, होटल नहीं चाहिए, रोपवे नहीं चाहिए, पर्यटक नहीं चाहिए, बल्कि शांति चाहिए, श्रद्धालु चाहिए, आस्था चाहिए और देवी-देवताओं की कृपा चाहिए।

*- विकास कुमार यादव, रायपुर*

## ट्रेंड

### सच्ची खुशी



सच्ची खुशी करुणा, आत्म-सम्मान और संतोष से मिलती है। इसी भावना से समाज में सहयोग और सद्भाव का बंधन और भी मजबूत होता है। करुणा से आत्म-सम्मान मिलता है और संतोष से इच्छाशक्ति जागती है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### यूपीआई के दस साल



यूपीआई के दस साल बड़े बदलाव का दशक रहे है। डिजिटल पेमेंट की सफलता की कहानी बनने तक, यूपीआई ने हर भारतीय के लिए लेन-देन को तेज, आसान, सुरक्षित और सुलभ बना दिया है। यह डिजिटल इंडिया की ताकत है सशक्तिकरण, समावेश और जीवन को आसान बनाने के लिए तकनीक।
- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### साफ़ पानी की सप्लाई



केंद्र सरकार की मदद से, दिल्ली सरकार दिल्ली के हर घर में बिना रुकावट और साफ़पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए लगातार नए प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है। दिल्ली जल बोर्ड को एडीबी से 2,500 करोड़ की फंडिंग मिल रही है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### परीक्षा प्रणाली



राहुल गांधी और हेमंत सोरेन के बीच बातचीत के बाद, सरकार ने 17 अगस्त को घोषणा की थी कि परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए एक समिति बनाई जाएगी। आज 8 दिन बीत चुके हैं, लेकिन उस समिति के लिए नोटिफिकेशन का कोई अता-पता नहीं है!
- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# अमेरिका पहले रवैया सुधारे मुनीर को ईरान की दो-टूक



ईरान ने मध्यस्थ पाकिस्तान के सामने अमेरिका के रवैये पर सवाल उठाए हैं। तेहरान में पाकिस्तान आर्मी चीफ असीम मुनीर से मुलाकात में ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि अमेरिका का तरीका चीजों को सुलझाने का नहीं है। अगर अमेरिका चाहता है कि युद्ध खत्म हो और चीजें बेहतरी की तरफ जाएं तो उसे ईरान के प्रति अपना नजरिया बदलना होगा। मसूद ने मुनीर से साफ कहा कि अमेरिका की दादागिरी से ईरान झुकने वाला नहीं है। दूसरी ओर अमेरिकी रक्षा मंत्री ने नए आर्थिक प्रतिबंधों के साथ-साथ ईरान पर सैन्य हमले का विकल्प खुला होने की बात कही है। पेजेश्कियान ने सोमवार को तेहरान में मुनीर के साथ बैठक के दौरान ये बातें कहीं हैं। मुनीर ऐसे समय में ईरानी अधिकारियों से बातचीत के लिए ईरान पहुंचे हैं, जब अमेरिका के नए आर्थिक प्रतिबंधों के चलते इलाके में तनाव बढ़ा हुआ है। अमेरिका आर्थिक हमलों से ईरान को झुकाने की बात कह रहा है। वहीं ईरान का कहना है कि वह अपनी शर्तों से पीछे हटने वाला नहीं है। अमेरिका को ईरान के साथ बातचीत में अपना लहजा और नजरिया सुधारना होगा। मसूद पेजेश्कियान ने कहा कि अमेरिका की ओर से ईरान को झुकाने की कोशिश हो रही है और धमकियां दी जा रही हैं।

## ऑफ बीट

# जम्मू कश्मीर की एक और पवित्र यात्रा मचैल माता मंदिर की



जम्मू-कश्मीर में इस समय पवित्र अमरनाथ यात्रा चल रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि यहां की एक और यात्रा भी बेहद लोकप्रिय मानी जाती है, जिसका नाम है मचैल माता यात्रा। कहते हैं 32 किलोमीटर की ये पैदल यात्रा भक्तों को ऐसा दिव्य अनुभव कराती है, जिसे श्रद्धालु जीवन भर नहीं भूल पाते। मान्यता है जो कोई भी मचैल माता के दर्शन करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। मचैल माता का मंदिर जम्मू के किश्तवाड़ जिले में स्थित है। ये मंदिर देवी दुर्गा को समर्पित है। इस मंदिर का नाम मचैल गांव से ही पड़ा है, इसी कारण से लोग इसे मचैल माता मंदिर कहकर पुकारते हैं। ये मंदिर गर्मियों में खुला रहता है, लेकिन अत्यधिक बर्फबारी के समय विशेष रूप से दिसंबर, जनवरी और फरवरी में बंद कर दिया जाता है। सावन महीने में यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है, क्योंकि इस दौरान मचैल माता की छड़ी यात्रा का आयोजन किया जाता है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार एक बार एक गड़रिया अपनी भेड़ों को चराने के लिए इस स्थान पर आया था। तभी उसे एक गुफा से तेज प्रकाश आता दिखाई दिया। कहते हैं जब वह अंदर गया तो उसे वहां मां का दिव्य रूप दिखाई दिया। इसके बाद ये बात धीरे-धीरे पूरे गांव में फैल गई।

दैनिक जागरण
मानवीय मूल्यों से रहित जीवन का कोई मोल नहीं

# कामचलाऊ कौशल विकास

नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में शिक्षा, कौशल और रोजगार के बीच बढ़ते अंतर की जो तस्वीर प्रस्तुत की, उस पर गंभीरता से ध्यान देना होगा। इस रिपोर्ट में नीति आयोग ने कमजोर व्यावहारिक सीख, सतही इंटर्नशिप एवं अप्रेंटिसशिप के साथ-साथ करियर गाइडेंस की कमी को जिस तरह प्रमुख चुनौतियों में गिना, उससे यह स्पष्ट है कि कौशल विकास के जो कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और जिनमें अच्छी-खासी धनराशि भी खर्च की जा रही है, वे उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप नहीं हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि कौशल विकास के कार्यक्रमों में युवा कुछ सीखने के स्थान पर कामचलाऊ प्रशिक्षण पा रहे और केवल प्रमाण पत्र हासिल करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं? यह सही समय है कि इन कार्यक्रमों के संचालन में आइआइटी और आइआइएम जैसे संस्थानों का सहयोग लिया जाए। इन कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाते समय कारोबार जगत को भी साथ लेना चाहिए, ताकि यह जाना जा सके कि उसे कैसे कौशल से लैस युवाओं की आवश्यकता है। ध्यान रहे कारोबार जगत यह शिकायत करता रहता है कि उसे जैसे कुशल युवा चाहिए, वैसे नहीं मिल पा रहे हैं। निःसंदेह यह भी चिंताजनक है कि नीति आयोग की रिपोर्ट शिक्षा व्यवस्था की खामियां भी बयान कर रही है। यह ठीक नहीं कि उच्च शिक्षा पाने वाले 80 प्रतिशत छात्रों ने प्रैक्टिकल अनुभव की कमी को बड़ी समस्या बताया। शायद इसी कारण केवल 8.25 प्रतिशत ग्रेजुएट ही ऐसे काम में हैं, जो उनकी शिक्षा स्तर के अनुरूप है।

आज जब सामान्य बीए, बीकाम और बीएससी की डिग्रियां रोजगार पाने में सहायक नहीं बन पा रही हैं, तब फिर डिग्रीधारकों को किसी ऐसे कौशल से लैस किया ही जाना चाहिए, जो उन्हें रोजगार दिला सके। विडंबना यह है कि बड़ी संख्या में छात्र सामान्य डिग्रियां हासिल करते हैं और फिर वे सरकारी नौकरियों की तलाश करने लगते हैं। आज जब हर क्षेत्र में कौशल की मांग है, तब बीए, बीकाम, बीएससी आदि की पहले जैसी पढ़ाई का क्या औचित्य? देश को केवल डिग्रीधारी युवाओं की जरूरत नहीं, बल्कि डिग्री संग किसी कौशल से लैस युवाओं की आवश्यकता है। आज की पीढ़ी को यह संदेश देना होगा कि उन्हें ऐसे किसी कौशल से लैस होना होगा, जिसकी बाजार में मांग हो। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो युवा डिग्री तो हासिल कर लेंगे, लेकिन उन्हें नौकरी पाने में कठिनाई होगी। वर्तमान में डिग्री हासिल कर लेने और नौकरी के लिए सक्षम होने में स्पष्ट अंतर स्थापित हो गया है। इस अंतर को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के लिए नीति आयोग के इस सुझाव पर यथाशीघ्र अमल किया जाए कि स्कूल से लेकर कालेज स्तर तक रोजगार और उद्यमिता से जुड़े कौशल की सीख दी जाए।

# जहां चाह, वहां राह

बात छोटी सी है, सामान्य है, लेकिन है बहुत सुखद और दूर तक सोचने पर विवश करने वाली भी है। आम तौर पर जनता दर्शन में लोग मुख्यमंत्री के समक्ष पीड़ा और शिकायत लेकर पहुंचते हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष सीतापुर की पूनम देवी भी अपनी पीड़ा लेकर पहुंचीं थीं, जिसमें सिर्फ उनकी ही नहीं, बहुतों की पीड़ा की चिकित्सा का सूत्र भी छिपा था। दरअसल पूनम ने मुख्यमंत्री को दिए प्रार्थना पत्र में गोपालन के जरिये आत्मनिर्भर बनने की इच्छा जताई।

मुख्यमंत्री ने उनका हौसला बढ़ाते हुए आश्वस्त किया कि उन्हें नियमानुसार योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन से गोसेवा करें, सारी बाधाएं और कष्ट दूर होंगे। दरअसल, निराश्रित गोवंश एक बड़ी समस्या है। इसके निराकरण के लिए गोपालन, गोआश्रय स्थल संचालन के लिए सरकार आर्थिक सहायता भी दे रही, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहा। ऐसे में पूनम देवी का हौसला बहुत ही प्रशंसनीय है। इससे अन्य लोगों को भी सीख लेनी चाहिए। ऐसे कई माडल अपने प्रदेश में ही मौजूद हैं, जहां केवल गोपालन से आत्मनिर्भरता का लक्ष्य हासिल किया गया है। गोदुग्ध, गोमूत्र और गोकाष्ठ सहित गोबर निर्मित खाद का उत्पादन किया जा रहा है। कहने की आवश्यकता नहीं कि यदि पूनम देवी जैसा हौसला अन्य ग्रामीण और शहरी भी दिखाएं तो न केवल रोजगार, बल्कि निराश्रित गोवंश की समस्या पर भी उल्लेखनीय विजय हासिल की जा सकती है। सरकारी संबल तो मौजूद है ही।

> ऐसे कई माडल उत्तर प्रदेश में हैं, जहां केवल गोपालन से आत्मनिर्भरता का लक्ष्य हासिल किया गया है

# सच से मुंह मोड़ते राहुल गांधी



शंकर शरण

**मुस्लिम स्त्रियों के समान अधिकार के लिए खड़े होने के बजाय राहुल मनुस्मृति की आड़ में हिंदू स्त्रियों पर तरस खा रहे हैं। यह बेवजह मर्सिया पढ़ने जैसा है**



अवधेश राजपूत

राहुल गांधी ने जब भारत की 'सत्तर करोड़ स्त्रियों' की बात की, तो वे मुस्लिम स्त्रियों को भूल गए। इन पर मुस्लिम समाज के मजहबी नेता इस्लामी पर्सनल ला लागू करते हैं। राहुल को हिंदू स्त्रियां हीनता में दिखीं, जिसका कारण उन्होंने 'मनुस्मृति' को बताया, जबकि मनुस्मृति से भारतीय संविधान या कानून का एक भी अनुच्छेद प्रभावित नहीं है। हालांकि उसी मनुस्मृति से प्रेरणा लेकर स्वामी दयानंद और विवेकानंद जैसे अनेक महापुरुषों ने समाज सुधार के ऐतिहासिक काम किए। इसका उल्लेख उनके लेखन, व्याख्यानों और सामाजिक विरासत में मिलता है। निश्चित ही राहुल गांधी ने मनुस्मृति नहीं पढ़ी लगती है, जिसमें स्त्रियों का आदर करना दैवीय शिक्षा जैसा है। उन्हें अधकचरे वामपंथी सलाहकारों ने गलत पट्टी पढ़ा दी। जिससे वे हवा में तीर चलाने लगे। हिंदू स्त्रियां न अभी, न पहले उस हाल में थीं, जैसा वे समझ रहे हैं। जबकि वास्तविक पीड़ितों और पीड़ित करने वाले मौजूद कायदों से राहुल अनजान लगते हैं। भारत में 1978 में शाहबानो से लेकर 2016 में सायरा बानो तक पीड़ित मुस्लिम स्त्रियों को अदालत से गुहार लगानी पड़ी, ताकि वे उन पर लादी गई जुल्मी मजहबी प्रथाओं से राहत पा सकें। इन प्रथाओं के तहत मुस्लिम पुरुष जब जी आए, सरसरी तलाक देते हैं और तलाकशुदा बीवी को उसके हाल पर छोड़ देते हैं। इनका स्रोत इस्लामी कायदे हैं। हर मौलाना उसे सही ठहराने में अपनी मूल किताबों का ही हवाला देते हैं। राहुल गांधी कभी वह किताब उद्धृत करेंगे, जो स्त्रियों को पुरुषों की संपत्ति और भोग वस्तु से अधिक शायद ही कुछ और मानती है।

शाहबानो से लेकर अभी तक जितने मामले चर्चित हुए, सबमें यही समानता थी कि मुस्लिम स्त्री की अपनी इच्छा या मान-सम्मान गायब था। प्रत्येक स्त्री शौहर या उलेमा द्वारा संपत्ति के टुकड़े की तरह तय की गई। इस्लामी निकाह के केंद्र में पुरुष है। उसके शारीरिक सुख, भोग तथा उम्मा की संख्या-वृद्धि के सिवा कोई अन्य भाव, आध्यात्मिक तत्व वहां नहीं मिलता। मनमाना अधिकार मुस्लिम पुरुषों को जहां से मिल रहा है, उसका स्रोत कुरान, हदीसें और उन पर आधारित शरीयत कानून हैं। इसलिए हैरत है कि राहुल को मुस्लिम स्त्रियों का हाल मालूम नहीं। वे हिंदू ग्रंथ पर शेर बन रहे हैं, जिसका आज जीवन से कोई संबंध नहीं। वह मात्र अकादमिक दिलचस्पी की पुस्तक है। जबकि जिस किताब से करोड़ों मुस्लिमों का जीवन-मरण, शिक्षा-संस्कार और निजी कानून भी चल रहा है, उस पर राहुल मौन हैं, जिसकी शिकायत खुद मुस्लिम स्त्रियों ने बार-बार की और जो लिखित दस्तावेजों में सबके सामने है। राहुल भी उसे परख सकते हैं। तब वे देख सकेंगे कि किसी भी मुस्लिम देश में स्त्रियों की स्थिति हिंदू स्त्रियों जितनी सम्मानित या उन्नत नहीं है। इसका कारण यहां की मानवीय मान्यताएं एवं तदनुरूप सेक्युलर संविधान है, जिससे स्त्री पुरुष, बिना भेदभाव के समान रूप से अधिकार रखते हैं।

हिंदू और मुस्लिम स्त्रियों की कानूनी और सामाजिक हालत की तुलना करने पर भी राहुल सच्चाई देख सकेंगे। इसमें एक का उल्लेख भीमराव आंबेडकर ने भी किया है। उन्होंने लिखा है कि 1939 तक भारत में जब कोई विवाहित मुस्लिम महिला इस्लाम छोड़ देती थी, तो उसका विवाह स्वतः भंग हो जाता था और 'वह अपने नए धर्म के किसी भी पुरुष से विवाह करने के लिए स्वतंत्र हो जाती थी। साठ वर्ष तक भारत की सभी अदालतों में इस कानून का दृढ़तापूर्वक पालन किया गया।' तब किसी मुस्लिम स्त्री का इस्लाम छोड़कर हिंदू बनना भी स्वीकृत था, मगर मौलानाओं ने अधिकाधिक इस्लाम लागू करने के लिए दबाव देकर 1937 में शरीयत एक्ट बनवाया और 1939 में मुस्लिम मैरिज एक्ट को खत्म कराया। वह शरीयत एक्ट अभी भी भारत में लागू है। इसलिए मुस्लिम स्त्रियों पर लागू तीन तलाक, एक पुरुष के लिए चार बीवियों और हलाला जैसी अन्यायी प्रथाओं का स्रोत उनकी किताब में ही है। उनके विरुद्ध खुद मुस्लिम स्त्रियां लड़ती रही हैं।

इस्लाम की दुनिया पूरी तरह पुरुषों की है, जिसमें स्त्रियों की जगह साफ तौर से बहुत नीचे है। क्या राहुल को इस पर नहीं बोलना चाहिए था? उन्हें तो उस किताब को उद्धृत करना चाहिए, जिसमें औरतों को मर्दों की खेतियां बताया गया है। बीवियों के अलावा 'लौंडियां' भी अतिरिक्त भोग्या हैं। हदीसें भी इसी तरह के आदेश दोहराती हैं। मानो स्त्री एक संपत्ति भर हो, जिसे इच्छानुसार लाया, बांटा, छोड़ा जा सकता है। एक हदीस के अनुसार, अपनी इच्छा से शादी करने वाली स्त्री बदचलन है। अन्य हदीस के अनुसार, बिना संरक्षक के किसी स्त्री की शादी अवैध, अमान्य है। ऐसे अनगिनत व्यवहार आज भी मुस्लिमों के लिए कानून हैं। दुनिया भर के मौलाना यही मानते हैं और जितनी उनकी ताकत हो, उसे लागू करते रहते हैं। अफगानिस्तान या ईरान इसके मौजूदा उदाहरण हैं। मुस्लिम स्त्रियों की दुर्गति में केवल मनमाना तलाक ही नहीं। हलाला, बहुपत्नी प्रथा, मुताह, स्त्री-खतना आदि सब जबरिया और एकतरफा हैं। मुस्लिम स्त्रियों पर आतंक का स्थायी साया रहता है, क्योंकि उनके समाज में तलाक किसी शिकायत का मामला ही नहीं है।

भारत जैसे उदार देश में संविधान के स्पष्ट निर्देश के बावजूद अभी तक समान नागरिक कानून नहीं बना, क्योंकि उलेमा विरोध करते हैं। समान कानून के लिए तसलीमा नसरीन बार-बार आग्रह करती रही हैं। वे ठीक यही सवाल उठाती हैं कि क्या मनुष्य के लिए उसका विवेक बेहतर सत्ता है या कोई किताब? क्या राहुल को तसलीमा या तहमीना दुर्रानी, वफा सुलतान, यासमीन मोहम्मद, अय्यान हिरसी अली आदि किसी मुस्लिम विदुषी की आवाज सुनाई नहीं पड़ी? आज जब स्वयं मुस्लिम स्त्रियां मानवीय न्याय और समान अधिकारों के लिए खड़ी हो रही हैं, तो राहुल को उनके समर्थन में आवाज उठानी चाहिए। इसके बदले वे हिंदू स्त्रियों पर तरस खा रहे हैं, जो बेवजह, बेवक्त मर्सिया पढ़ने जैसा है। जिस घर में वास्तविक पीड़ा है, वहां जाने के बदले वे खुशहाल घर जाकर चीख-पुकार कर रहे हैं। इससे किसी का भला नहीं होगा।

(लेखक राजनीतिशास्त्र के प्रोफेसर एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं)
response@jagran.com

# हटाने नहीं, सुधारने की आवश्यकता



राजीव सचान

**जितना यह सच है कि अभी आरक्षण की जरूरत है, उतना ही यह भी कि उसे कारगर बनाने के लिए उसमें सुधार हो**

आरक्षण एक ऐसी व्यवस्था है, जिससे असहमत लोग तो उसके विरोध में खड़े ही होते रहते हैं। जो सहमत हैं और आरक्षण के दायरे में आते हैं, उन्हें भी उससे कई तरह की शिकायतें हैं। एक शिकायत यह है कि सरकारें उसे सही तरह लागू नहीं कर रही हैं और इसी कारण आरक्षित पद रिक्त बने रहते हैं। उनकी यह भी शिकायत है कि योग्य अभ्यर्थी नहीं मिले यानी 'नाट फाउंड सुटेबल' का हवाला देकर आरक्षित वर्गों के अभ्यर्थियों को किनारे कर दिया जाता है और इस तरह एनएफएस के चलते तमाम पद अगली भर्तियों के लिए सुरक्षित रख लिए जाते हैं। इसी कारण सरकारी नौकरियों में बैकलाग बढ़ता रहता है। आरक्षित वर्गों की शिकायत यह भी है कि आरक्षण लागू होने के बाद भी एससी-एसटी और ओबीसी वर्गों को सरकारी नौकरियों में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। आरक्षित वर्ग में आने वाले सामाजिक और शैक्षणिक रूप से कहीं अधिक पिछड़े-निर्धन तबकों को यह शिकायत है कि आरक्षण का अधिकतम लाभ एससी-एसटी-ओबीसी की अपेक्षाकृत समर्थ जातियां उठा रही हैं। इसी कारण वे आरक्षण के अंदर आरक्षण की मांग कर रही हैं। आरक्षण के अंदर आरक्षण की सुविधा ओबीसी आरक्षण में पहले से है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एससी-एसटी आरक्षण में भी कोटे के अंदर कोटा दिया जा सकता है, लेकिन एक-दो राज्यों को छोड़कर अन्य राज्य इसके बाद भी आगे नहीं बढ़ रहे हैं कि आरक्षण के लाभ से वंचित जातियां इसकी मांग कर रही हैं।

इससे कोई इन्कार नहीं कर सकता कि एससी-एसटी के साथ ओबीसी में कई जातियां ऐसी हैं, जो आरक्षण का लाभ नहीं उठा पा रही हैं। इसके बाद भी राज्य सरकारें एससी-एसटी आरक्षण में कोटे के अंदर कोटे की व्यवस्था करने से बच रही हैं। वे इससे भी अनजान नहीं हो सकतीं कि अति पिछड़े वर्ग की कई जातियां इसलिए एससी या एसटी दर्जे में आने की मांग करती रहती हैं, क्योंकि वे ओबीसी आरक्षण का लाभ उठा पाने में नाकाम हैं। आरक्षण का वर्गीकरण पिछड़ी जातियों के हित में है, लेकिन राजनीतिक कारणों से इस पर अमल नहीं हो रहा है। आरक्षण से असंतोष 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ उठा रहे सामान्य वर्ग के निर्धन तबके को भी है। उनका सवाल है कि उन्हें एससी-एसटी-ओबीसी की तरह फीस में छूट और मुफ्त कोचिंग क्यों नहीं दी जा रही है? ओबीसी आरक्षण में क्रीमी लेयर को लेकर भी शिकायतें हैं। अभी क्रीमी लेयर की व्यवस्था ओबीसी आरक्षण में ही है। इसे एससी-एसटी आरक्षण में भी लागू करने की मांग की जा रही है, लेकिन उसका विरोध भी हो रहा है।



जंतर-मंतर पर जातिगत आरक्षण का विरोध। एएनआइ

आरक्षण से असहमत लोगों में भी कई समूह हैं। एक आरक्षण को समाप्त करने की जरूरत जता रहा है तो दूसरा उसमें सुधार की मांग कर रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में आरक्षण खत्म होने का तो सवाल ही नहीं और वह अभी होना भी नहीं चाहिए, लेकिन आरक्षण समर्थक इसके भी खिलाफ हैं कि इसका आकलन किया जाए कि आरक्षण से कितनी जातियां लाभान्वित हुईं और वह वंचित लोगों के सामाजिक उत्थान और उन्हें मुख्यधारा में लाने में सहायक सिद्ध हुआ है या नहीं? सामाजिक न्याय की बातें करने वाले नेताओं का तर्क है कि आरक्षण की समीक्षा की मांग करना वस्तुतः उसे खत्म करने का षड्यंत्र रचना है। कुल मिलाकर आरक्षण के दायरे में आने वाले भी उसे लागू करने के तौर-तरीकों से असहमत हैं और आरक्षण के दायरे से बाहर के लोग तो उसे अपने लिए अन्याय मानते ही हैं। ऐसे ही कुछ लोगों और विशेषकर युवाओं ने दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद से आरक्षण को लेकर नए सिरे से बहस शुरू हो गई है। यह स्पष्ट नहीं कि जंतर-मंतर पर जुटे लोग जातिगत आरक्षण खत्म करने की मांग कर रहे हैं या उसे सुधारने की। शायद उनमें दोनों तरह के लोग थे। जो भी हो, इस मुद्दे पर गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता है, ताकि आरक्षित तबकों के साथ आरक्षण के विरोध में खड़े लोगों को संतुष्ट किया जा सके और बीच का कोई रास्ता निकाला जा सके। यदि ऐसा नहीं होता तो जातीय वैमनस्य बढ़ने का खतरा है।

मुश्किल यह है कि राजनीतिक दल आरक्षण के मामले में नीर-क्षीर ढंग से विचार-विमर्श करने के लिए तैयार नहीं। कोई भी दल आरक्षण के खिलाफ नहीं दिखना चाहता, लेकिन कठिनाई यह है कि वे इस पर भी विचार करने के लिए तैयार नहीं कि आरक्षण को प्रभावी तरीके से कैसे लागू किया जाए? यह तब है, जब आरक्षण समर्थकों को ही यह शिकायत है कि उसे प्रभावी तरीके से लागू नहीं किया जा रहा है। राजनीतिक वर्ग ऐसे प्रश्नों पर विचार करने के लिए भी तैयार नहीं दिखता कि क्या आरक्षण में सुधार की जरूरत है, ताकि पात्र लोगों को ही उसका लाभ देना सुनिश्चित किया जा सके। किसी भी व्यवस्था की समीक्षा में कोई हर्ज नहीं, यदि उसका उद्देश्य उसे और प्रभावी-बेहतर बनाना हो। पता नहीं इससे क्यों बचा जा रहा है। जितना यह सच है कि असमानता दूर करने के लिए आरक्षण की जरूरत है, उतना ही यह भी कि वह सुधार की भी मांग कर रहा है।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)
response@jagran.com

## ऊर्जा

### साहस और कर्तव्य

जीवन कोई एक प्रश्न पत्र नहीं, अपितु निरंतर चलने वाली परीक्षा है, जो हर पल नए रूप में हमारे सामने खड़ी होती है। हम अक्सर परिस्थितियों को शत्रु मान बैठते हैं और भाग्य को कोसते रहते हैं, जबकि सत्य यह है कि हर कठिनाई हमें कुछ सिखाने आती है। शिकायत करना सरलतम मार्ग है, परंतु उत्तरदायित्व स्वीकारना ही वास्तविक पुरुषार्थ है। जब जीवन में अंधकार घिरता है, तब हमारे भीतर छिपी शक्ति पहचानी जाती है। दुख हमें तोड़ने नहीं आता, बल्कि यह जांचने आता है कि हमारे भीतर कितना धैर्य, साहस और दृढ़ता है। जो व्यक्ति परिस्थितियों को दोष देकर बैठ जाता है, वह अपनी ही क्षमता का अपमान करता है।

एक मां रात भर जागकर अपने बीमार बच्चे की सेवा करती है। वह अपना कर्तव्य निभाती है। एक किसान सूखे और बाढ़ के बीच भी खेत पर डटा रहकर यह सुनिश्चित करने में लगा रहता है कि फसल खराब न हो। ये उदाहरण दर्शाते हैं कि सुख या सफलता से पहले कर्तव्यनिष्ठा ही जीवन की नींव है। प्रेम और करुणा इस उत्तरदायित्व के दो मूल स्तंभ हैं। जब हम अपने परिवार, समाज और स्वयं के प्रति प्रेमपूर्वक कर्तव्य निभाते हैं, तब जीवन एक बोझ नहीं, बल्कि एक साधना बन जाता है। धैर्य वह दीपक है जो अंधकार में भी मार्ग दिखाता है और कर्म वह यात्रा है जो हमें गंतव्य तक ले जाती है। जो व्यक्ति साहस, धैर्य, प्रेम और कर्म को अपने जीवन में सम्मिलित कर लेता है, वह कभी परिस्थितियों से हारता नहीं। जीवन का सार धन, ऐश्वर्य या यश में नहीं, अपितु उस मूक निष्ठा में छिपा है, जिससे हम अपने उत्तरदायित्वों को निभाते हैं। यह निष्ठा ही हमें साधारण मनुष्य से महान आत्मा बनाती है। इसलिए, शिकायती रवैये का त्याग कर स्वीकृति और कर्तव्य का मार्ग अपनाना ही आदर्श व्यक्तित्व की पहचान है।

ममता कुशवाहा

# चिकित्सीय वन : प्रकृति से सेहत का जुड़ाव

डा. सुधीर कुमार

> आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में चिकित्सीय वन लोगों के लिए सुकूनदायी हो सकते हैं

पुर्तगाल स्थित बुसाको राष्ट्रीय वन को चिकित्सीय वन (थेरेप्यूटिक फार्म) का दर्जा दिए जाने के बाद दुनियाभर में चिकित्सीय वनों की कुल संख्या चार हो गई है। जर्मनी स्थित हीलिंग फार्म-इंटरनेशनल सर्टिफिकेशन आफिस द्वारा जारी यह प्रमाणन वनों की चिकित्सीय महत्ता को स्थापित करने के साथ-साथ रोगियों और वन चिकित्सकों दोनों के लिए वन-मूल्य बढ़ाता है। इससे स्वास्थ्य पर्यटन में वनों की भूमिका मजबूत होती है और लोग प्रकृति से जुड़ाव के लिए प्रेरित होते हैं। बुसाको के वन में 250 प्रजातियों के पेड़ों और झाड़ियों की मौजूदगी है। हालांकि बुसाको राष्ट्रीय वन का प्रमाणन वर्ष 2031 तक ही वैध है।

थेरेप्यूटिक फार्म का दर्जा प्राप्त करने के लिए वनों को कुछ मापदंड पूरे करने होते हैं। इनमें न्यूनतम शोर स्तर, हवा से सुरक्षा, विभिन्न कठिनाई स्तरों वाले रास्ते, विश्राम और व्यायाम क्षेत्र और प्रशिक्षित वन चिकित्सकों द्वारा नियमित सेवाएं शामिल हैं। इससे पहले आस्ट्रिया स्थित बेनेडिक्टिनरस्टिफ्ट व जर्मनी स्थित लाहनस्टीन एवं बैड नौहाइम को चिकित्सीय वन का दर्जा प्राप्त है।

चिकित्सीय वनों को इस तरह व्यवस्थित किया जाता है कि ये हृदय रोग, श्वसन रोग, अस्थि रोग, मनोदैहिक रोग और तंत्रिका संबंधी बीमारियों के उपचार में सहायक होते हैं। प्रकृति का अनुभव करने, साहचर्य स्थापित करने और सुख-शांति की तलाश में वनों में लोग प्राचीन समय से ही आते रहे हैं। मानव जीवन में बढ़ते तनाव, डिजिटल लत, कंक्रीट के जंगलों में सिमटी जिंदगी को मुक्त करने और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहन देने के लिए इसी पारंपरिक विधि को अब 'फार्म थेरेपी' कहा जाने लगा है। वन चिकित्सा मानव और प्रकृति के बीच के संबंध को फिर से स्थापित कर रही है। वर्ष 1982 में जापान में एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के हिस्से के रूप में 'शिनरिन-योकु' की शुरुआत की गई, जो प्रकृति की गोद में रहने पर बल देती है। इसका उद्देश्य भले ही जापान के तनावग्रस्त कार्यालय कर्मचारियों की मदद करना था, लेकिन इस प्रयोग ने दुनिया को वनों के चिकित्सीय महत्व को पुनः समझने के लिए प्रेरित भी किया है। कुछ हालिया अध्ययन बताते हैं कि प्रकृति में प्रति सप्ताह कम से कम 120 मिनट बिताने से समग्र स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार होता है।

भारत में अंतरराष्ट्रीय महत्व के घोषित थेरेप्यूटिक फार्म भले न हों, लेकिन यहां वनों के औषधीय महत्व का उपयोग प्राचीन काल से ही प्रमुखता से किया जाता रहा है। उत्तराखंड के रानीखेत के कालिका में देश का पहला वन चिकित्सा केंद्र शुरू किया गया है। इसके अलावा, देश के विभिन्न राज्यों में सेक्रेड ग्रोव्स (पवित्र वन) की मौजूदगी है। बहरहाल वनों का संरक्षण केवल पारिस्थितिकीय या आर्थिक दृष्टिकोण से ही नहीं अपितु सेहतमंद रहने के लिए भी आवश्यक है।

(पर्यावरण मामलों के जानकार)

### खाद्य सुरक्षा भी महत्वपूर्ण

'एथनाल नीति पर फिर से विचार हो' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में प्रमोद भार्गव इस बात की पैरवी करते हैं कि सरकार को केवल ऊर्जा और पेट्रोल आयात बिल घटाने के तकनीकी लक्ष्यों पर ही ध्यान नहीं देना चाहिए, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और किसानों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए इस नीति का संतुलन फिर से साधना चाहिए। एथनाल नीति देश के सामने ऊर्जा स्वतंत्रता और खाद्य सुरक्षा की एक जटिल चुनौती पेश करती है। सरकार का यह सोचना सही है कि कच्चे तेल का आयात घटाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए पेट्रोल में एथनाल मिलाना जरूरी है। लेकिन यह भी तो देखना होगा कि ईंधन में गन्ने और अनाज का उपयोग होने से चीनी व खाद्यान्न के भंडार कम हो रहे हैं और कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। इस सेक्टर में बैंकों का एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होने के कारण सरकार के लिए नीतिगत बदलाव करना बेहद कठिन हो गया है। आक्सफेम जैसी संस्थाओं ने चेतावनी दी है कि यदि अनाज से एथनाल बनाना बंद नहीं किया गया, तो भविष्य में गंभीर खाद्यान्न संकट और भुखमरी जैसी स्थिति पैदा हो सकती है।

प्रमोद कुमार गोयल, मेरठ

### साइबर ठगी पर नियंत्रण

मंगलवार को प्रकाशित 'निरंकुश साइबर ठग' संपादकीय पढ़ा, इसमें यह बहुत अच्छा सुझाव दिया गया है कि देश में साइबर सुरक्षा के लिए सरकार को और अधिक गंभीरता दिखानी होगी। साथ ही, संबंधित सभी विभागों को आधुनिक तकनीक उपलब्ध करानी चाहिए। साइबर अपराध देश की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बन सकता है, इस पर चिंता और चर्चा नहीं, बल्कि गंभीरता से चिंतन होना चाहिए। कुछ समय पहले देश के सबसे बड़े अस्पताल नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के सर्वर में साइबर अपराध करने वालों ने सेंध लगा दी थी। सर्वर पर रैनसमवेयर अटैक किया गया और इसे हैक कर लिया गया। इससे वहां सर्वर से जुड़ी अधिकांश सेवाएं बहुत बुरी तरह प्रभावित हो गई थीं। डाक्टरों को भी मरीजों का इलाज करने में दिक्कत आई। हमारा देश डिजिटल लेन-देन की ओर बढ़ रहा है, लेकिन एम्स में हुए साइबर अटैक ने देश की साइबर सुरक्षा को फिर कठघरे में खड़ा कर दिया था। दुनिया की इंटरनेट, कंप्यूटर, मोबाइल आदि ऐसी सभी कंपनियों और संस्थाओं को चाहिए कि वे सर्वर हैक होने या साइबर क्राइम को रोकने के लिए और ज्यादा काम करें और इसका कोई और भी विकल्प तलाशें कि अगर किसी के सर्वर में कोई दिक्कत आए तो इससे किसी क्षेत्र का काम प्रभावित न हो। साइबर चोर चोरी या धोखाधड़ी करने के लिए लोगों को आफर या रकम को अपेक्षाकृत बहुत ही कम समय में डबल करने का झांसा देकर फोन काल करके डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड की डिटेल पूछकर फ्राड करने की कोशिश कर रहे हैं। लोगों को चाहिए कि वे किसी भी झांसे में आकर अपने खून-पसीने की कमाई बर्बाद न कर लें, साइबर चोरों की धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को स्वयं भी जागरूक होना पड़ेगा और दूसरों को भी होना पड़ेगा। इसका सभी को ख्याल रखना चाहिए कि अपना क्रेडिट, डेबिट कार्ड इनके सीवीवी और ओटीपी किसी के साथ भी शेयर नहीं करना चाहिए। देश में बढ़ते साइबर अपराध या धोखाधड़ी मामले के लिए साइबर क्राइम सेल को चुस्ती दिखानी चाहिए। अगर किसी भी धोखाधड़ी की शिकायत साइबर क्राइम किसी भी ब्रांच में कोई शिकायत करता है तो उस पर एकदम एक्शन लेना चाहिए, ताकि साइबर चोरों को संभलने का मौका न मिले। भारतीय रिजर्व बैंक को भी चाहिए कि इसके लिए वे बैंकों को भी विशेष हिदायतें दें कि बैंक अपनी कार्यप्रणाली को ज्यादा से ज्यादा सुरक्षित बनाएं, खासतौर पर आनलाइन ट्रांजेक्शन के लिए। हालांकि साइबर ठगी रोकने के लिए सरकार और बैंकों ने उचित कदम भी उठाए हैं। लेकिन फिर भी साइबर ठगी के मामले क्यों कम होने की बजाय बढ़ते जा रहे हैं?

राजेश कुमार चौहान, जालंधर

## मेलबाक्स

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें :**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी* दूरभाषः नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**1.4** लाख नए पदों पर ही भर्तियां की गई हैं भारतीय आइटी कंपनियों द्वारा वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान, जो आंकड़ा वित्त वर्ष 2021–22 में छह लाख के आसपास था, नोमुरा की एक संबंधित संस्था की रिपोर्ट के अनुसार।



आजकल

# एआइ बनाम रोजगार की बहस का सच

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ को लेकर पिछले कुछ वर्षों में सबसे बड़ा डर यही रहा है कि मशीनें इंसानों की नौकरियां छीन लेंगी। चैटबाट से लेकर जेनरेटिव एआइ तक, तकनीक जिस तेजी से विकसित हुई है, उसने इस आशंका को और गहरा किया है। लेकिन भारत से सामने आए ताजा आंकड़े इस पूरी कहानी को एक नया और कहीं अधिक जटिल आयाम देते हैं। ऐसे में हमें ऐसी व्यवस्था विकसित करनी होगी जिसमें डिग्री और कौशल के साथ ही एआइ का भी समावेश किया जा सके



डा. शशांक द्विवेदी
तकनीकी मामलों के जानकार

वैश्विक वित्तीय संस्था नोमुरा की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 2022 से अगस्त 2026 के बीच भारत में एआइ से संबंधित करीब 83 हजार नौकरियां पैदा हुईं, जबकि एआइ से जुड़ी लगभग 32 हजार नौकरियां छंटनी या कर्मचारियों के हटने के रूप में प्रभावित हुईं। अर्थात हर एक प्रभावित नौकरी के मुकाबले लगभग 2.6 नई एआइ-संबंधित नौकरियां बनीं। भारत में एआइ का रोजगार पर शुरुआती प्रभाव इसलिए सकारात्मक दिखाई देता है।

लेकिन इस आंकड़े को देखकर यह निष्कर्ष निकालना खतरनाक होगा कि एआइ रोजगार की समस्या समाप्त कर रहा है। असली कहानी इन आंकड़ों के बीच छिपी हुई है। एआइ नई नौकरियां जरूर बना रहा है, लेकिन जरूरी नहीं कि जिन लोगों की पुरानी नौकरियां जा रही हैं, वही लोग नई नौकरियों में प्रवेश कर पा रहे हों। यही भारत के सामने उभरती सबसे बड़ी रोजगार चुनौती है। भारतीय आइटी क्षेत्र की 651 कंपनियों पर किए गए एक संबंधित सर्वेक्षण में 55 प्रतिशत कंपनियों ने बताया कि उनकी एंट्री-लेवल भर्ती में कमी आई है। इसके मुकाबले मिड-लेवल भर्ती में कमी बताने वाली कंपनियों का अनुपात 25 प्रतिशत और वरिष्ठ स्तर पर केवल 14 प्रतिशत था।

**शिक्षा और कौशल विकास** : यहां सबसे महत्वपूर्ण सवाल है कि यदि एआइ नई नौकरियां बना रहा है तो वे नौकरियां किसके लिए हैं? एआइ माडल विकसित करने वाले इंजीनियर, डाटा विशेषज्ञ, मशीन लर्निंग विशेषज्ञ, एआइ ट्रेनर, भाषा विशेषज्ञ, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और एआइ सिस्टम को व्यवसाय से जोड़ने वाले पेशेवरों की मांग बढ़ रही है। नोमुरा के एशियाई अध्ययन में एआइ से संबंधित नई नौकरियों का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा टेक्नोलाजी क्षेत्र में केंद्रित था। इसका अर्थ यह है कि भारत के सामने अब केवल 'कितनी नौकरियां?' का सवाल नहीं है। उससे अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न है- 'किस कौशल वाली कितनी नौकरियां?' यही वह बिंदु है जहां भारत की शिक्षा और कौशल विकास व्यवस्था की परीक्षा शुरू होती है।

आने वाले वर्षों में एआइ का मुकाबला इंसान बनाम मशीन के रूप में करना शायद सबसे बड़ी भूल होगी। असली मुकाबला उन कर्मचारियों के बीच होगा जो एआइ का इस्तेमाल करना जानते हैं और उन कर्मचारियों के बीच जो इसे केवल अपने रोजगार के लिए खतरा मानते हैं। एक अकाउंटेंट जो एआइ आधारित विश्लेषण, आटोमेशन और डाटा टूल का उपयोग कर सकता है, उसकी उपयोगिता उस अकाउंटेंट से अधिक हो सकती है जो केवल पारंपरिक तरीके से काम करता है। इसलिए भारत को 'एआइ बनाम रोजगार' की बहस से आगे बढ़कर 'एआइ के साथ रोजगार' की रणनीति बनानी होगी।

**सबसे बड़ी चिंता फ्रेशर्स की** : भारत की युवा आबादी के लिए सबसे बड़ा खतरा यह नहीं है कि आज लाखों नौकरियां अचानक खत्म हो जाएंगी। बड़ा खतरा यह है कि कंपनियां कल के अनुभवी कर्मचारियों को तैयार करने के लिए आज के फ्रेशर्स को ही कम नियुक्त करेंगी। यदि प्रवेश स्तर की नौकरियां कम होती गईं तो कुछ वर्षों बाद कंपनियों के सामने अनुभवी कर्मचारियों की कमी भी पैदा हो सकती है। अनुभव आखिर किसी प्रशिक्षण संस्थान में पूरी तरह नहीं मिलता; वह काम करते हुए ही बनता है। इसलिए उद्योगों को फ्रेशर्स की भर्ती पूरी तरह बंद करने के बजाय 'एआइ-रेडी फ्रेशर' माडल विकसित करना चाहिए। कालेजों को भी केवल डिग्री देने की बजाय विद्यार्थियों को वास्तविक प्रोजेक्ट, उद्योग-प्रशिक्षण, एआइ टूल्स, डाटा, साइबर सुरक्षा, क्लाउड और डिजिटल समस्या-समाधान से जोड़ना होगा।

ऐसे में विश्वविद्यालयों और कौशल विकास संस्थानों को उद्योग के साथ मिलकर छोटी अवधि के ऐसे कार्यक्रम बनाने चाहिए जिनमें विद्यार्थी केवल एआइ की परिभाषा न पढ़ें, बल्कि उसे वास्तविक कार्यस्थल पर इस्तेमाल करना सीखें। एआइ के कारण रोजगार का अंत नहीं होने जा रहा, बल्कि रोजगार का स्वरूप बदलने जा रहा है। संभव है कि भविष्य में एक कर्मचारी वही काम करे जो आज तीन लोग करते हैं, लेकिन साथ ही ऐसे नए काम भी पैदा हों जिनकी आज कल्पना तक नहीं की गई है। भारत के लिए अवसर बहुत बड़ा है। देश के पास विशाल युवा आबादी, मजबूत आइटी उद्योग और दुनिया के लिए डिजिटल सेवाएं देने का अनुभव है। यदि इन ताकतों को एआइ कौशल के साथ जोड़ा जाए तो भारत केवल एआइ से प्रभावित अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि एआइ-आधारित रोजगार का वैश्विक केंद्र बन सकता है।

लेकिन इसके लिए एक बुनियादी बदलाव जरूरी है। हमें युवाओं को यह सिखाना होगा कि भविष्य में केवल यह कहना पर्याप्त नहीं होगा कि 'मैं नौकरी करना चाहता हूं।' उन्हें यह साबित करना होगा कि 'मैं एआइ के साथ काम करके आपकी उत्पादकता बढ़ा सकता हूं।' नोमुरा की रिपोर्ट का सबसे बड़ा संदेश शायद यही है- एआइ फिलहाल भारत में नौकरियां खत्म करने से ज्यादा पैदा कर रहा है, लेकिन वह रोजगार की पुरानी सीढ़ी को जरूर तोड़ रहा है।

सामयिक परिवर्तन को देखते हुए अब भारत को नई सीढ़ी बनानी होगी, जिसमें डिग्री से कौशल, कौशल से अनुभव और अनुभव से उत्पादकता तक का रास्ता एआइ के साथ जुड़ा हो। क्योंकि आने वाली अर्थव्यवस्था में सवाल यह नहीं होगा कि एआइ इंसानों की जगह लेगा या नहीं। सवाल यह होगा कि कौन-से इंसान एआइ के साथ आगे बढ़ेंगे और कौन पीछे छूट जाएंगे।


प्रतीकात्मक

## एआइ की दौड़ में निवेश बहुत, लाभ कम



ऋषभ मिश्रा
असिस्टेंट प्रोफेसर, कानपुर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी, कानपुर

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) आज केवल एक तकनीकी अवधारणा नहीं रह गई है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था, उद्योग, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और शासन व्यवस्था के केंद्र में आ चुकी है। दुनिया की लगभग सभी बड़ी कंपनियां एआइ पर अरबों डालर का निवेश कर रही हैं। निवेशकों का विश्वास है कि एआइ उत्पादकता को तो बढ़ाएगा ही, साथ ही लागत को भी घटाएगा और नए व्यापारिक अवसर पैदा करेगा। किंतु प्रश्न यह है कि क्या यह निवेश वलाभ में बदल रहा है?

ग्लोबल कंसल्टिंग फर्म 'केपीएमजी' की टेक रिपोर्ट बताती है कि अधिकांश कंपनियां एआइ को अपनाने की होड़ में तो शामिल हैं, लेकिन वास्तविक और स्थायी लाभ बहुत कम संस्थाओं को मिल पा रहा है। यही कारण है कि एआइ को लेकर दुनिया में एक नई बहस शुरू हो गई है कि क्या हम तकनीकी क्रांति के वास्तविक दौर में हैं या फिर एक ऐसे उत्साह में बह रहे हैं जिसका आर्थिक प्रतिफल अभी स्पष्ट नहीं है? रिपोर्ट के अनुसार लगभग 74 प्रतिशत टेक कंपनियां डिजिटल तकनीकों पर सालाना औसतन 479 करोड़ रुपये खर्च कर रही हैं, जबकि 51 प्रतिशत कंपनियां औसतन 957 करोड़ रुपये से अधिक निवेश कर रही हैं। लेकिन कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के अनुसार कुल डिजिटल आय में एआइ का योगदान सिर्फ 21 से 40 प्रतिशत के बीच ही है। इस रिपोर्ट के आधार पर कहा जा सकता है कि कई कंपनियां प्रतिवर्ष करोड़ों डालर खर्च कर रही हैं, किंतु केवल सीमित संख्या में कंपनियां ही बहु-स्तरीय निवेश पर स्पष्ट प्रतिफल प्राप्त कर पा रही हैं। एआइ उनके ज्ञान-आधारित कर्मचारियों की उत्पादकता तो बढ़ा रहा है, लेकिन केवल लगभग एक-तिहाई संस्थाएं ही एआई को बड़े पैमाने पर उत्पादन और व्यावसायिक प्रक्रियाओं में सफलतापूर्वक लागू कर पाई हैं। यह स्थिति हमें तकनीकी निवेश और आर्थिक लाभ के बीच के अंतर को समझने के लिए बाध्य करती है।

वस्तुतः एआइ के संदर्भ में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न रोजगार का है। एआइ के बढ़ते उपयोग ने दुनिया भर के कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न की है। अनेक कर्मचारी यह महसूस कर रहे हैं कि तकनीकी परिवर्तन की गति उनके कौशल विकास की गति से कहीं अधिक है। यही कारण है कि कंपनियां अब केवल तकनीक में निवेश नहीं कर रहीं, बल्कि कर्मचारियों के पुनर्प्रशिक्षण (रि-स्किलिंग) और कौशल उन्नयन (अप-स्किलिंग) पर भी ध्यान दे रही हैं। एआइ के सफल उपयोग का सबसे बड़ा आधार मानव संसाधन ही है। जिन संगठनों ने अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है, उन्हें एआइ से अधिक लाभ मिला है।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। देश में डिजिटल भुगतान, ई-गवर्नेंस, स्टार्टअप और आइटी सेवाओं का व्यापक विस्तार हुआ है। भारतीय तकनीकी कंपनियां भी एआइ को अपनाने में अग्रणी बनने का प्रयास कर रही हैं। हालांकि भारत के सामने कुछ विशिष्ट चुनौतियां भी हैं। पहली चुनौती डिजिटल असमानता की है। देश का एक बड़ा वर्ग अभी भी गुणवत्तापूर्ण इंटरनेट, डिजिटल शिक्षा और तकनीकी संसाधनों से वंचित है। यदि एआइ आधारित विकास केवल शहरी और कारपोरेट क्षेत्रों तक सीमित रह गया, तो सामाजिक और आर्थिक विषमता और बढ़ सकती है। दूसरी चुनौती कौशल विकास की है। विश्व आर्थिक मंच सहित अनेक संस्थाओं ने चेतावनी दी है कि आने वाले वर्षों में लाखों नौकरियों का स्वरूप बदलेगा। ऐसे में भारत को अपने युवाओं को एआइ, डाटा विज्ञान, मशीन लर्निंग और डिजिटल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित करना होगा।

खरी-खरी

## खाते में सेंधमारी

प्रभात गोस्वामी

मेरा बैंक खाता सिर्फ सरकारी पेंशन के जमा होने तक ही आबाद रहता है। उसके बाद वहां निल बटा सन्नाटा पसर जाता है। एक दिन मेरे मोबाइल पर घंटी घनघनाई, 'हैलो, क्या मेरी बात मिस्टर लेखक अनजान से हो रही है?'

'जी हां, बोल रहा हूं।'

जी मैं सुपर लक्की कंपनी से बोल रहा हूं। आपका मोबाइल नंबर हमारी नई स्कीम से जुड़ा हुआ है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आपके नाम 50 लाख रुपये का ईनाम निकला है।

इतना सुनते ही मेरे हाथ से मोबाइल छूटकर गिर गया। मैंने फिर से उठाया। फोन पर फिर घंटी बजी।

अरे कहां खो गए आप?

'जी, मुझे क्या करना है?'

आप हमारे सवालों का जवाब देते रहिए। आपको अपना बैंक खाता और आधार नंबर बताना होगा। फिर आपको एक ओटीपी मिलेगा। उसे आपको हमें भेजना होगा।

मैंने फोन पर मिले निर्देशों की पालना करते हुए सारी जानकारी दे दी। किस्मत की आहट सुनकर ही दिल जोर-जोर से धड़क रहा था। मैंने दीवार पर टंगी हुई भगवान की फोटो के सामने हाथ जोड़कर आभार प्रकट किया। वाकई ऊपरवाला जब भी देता है, छप्पर फाड़ कर देता है। आज फटी हुई छप्पर से कृपा बरसा रही है। तभी उसके फोन की घंटी बजी।

हैलो, अनजान!

जी बोल रहा हूं।

अबे, आदमी है या पायजामा। बैंक खाते में तो निल बटा सन्नाटा है! जब जेब में फूटी कौड़ी नहीं तो बैंक में खाता क्यों खोल रखा है? तुमसे बात कर मैं बेकार ही खुश हुआ कि सुबह-सुबह एक मुर्गा फंसा!

भाई मेरा तो एक अदद बचत बैंक खाता खाली है, तुम्हारी तो ऊपर की मंजिल ही खाली लग रही है। तुम्हारे जैसे चोर-लुटेरे कितने लोगों का जीवन बर्बाद कर रहे हैं! अबे तुम नहीं समझ पाओगे। मेरे खाते में चैन और सुकून जमा है। मेरी निष्ठा, ईमानदारी, सालों की मेहनत जमा है, जो तुम जैसे चोरों को नजर का चश्मा लगाने पर भी दिखाई नहीं देगी। पर, मुझे यह समझ नहीं आया कि पैसों की चकाचौंध के आगे हमारी असली बुद्धि, क्यों कृत्रिम बुद्धि के आगे हथियार डाल देती है?

### पोस्ट



नेताओं को शिक्षण संस्थान चलाने से रोक दिया गया तो शिक्षा व्यवस्था खुद-ब-खुद पटरी पर आने लगेगी। इसकी कमान शिक्षाविदों और प्रबंधन विशेषज्ञों के हाथों में सौंपने से ही स्थितियां सुधरेंगी।
विक्रम साठये@vikramsathaye

सारांश जैन का पदार्पण मैच ही कहीं उनके करियर का अंतिम मैच साबित न हो। उनकी गेंदबाजी कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाई, जबकि विपक्षी टीम में बाएं हाथ के कई बल्लेबाज हैं।
वैभव सिंह राजपूत@Vaibhavsingh008

जब आरक्षण हटाने को लेकर मांग जोर पकड़ रही है तो न्यायपालिका में सुधार की मांग को लेकर भी एक आंदोलन हो ही जाना चाहिए।
सुधीर सिंह गहलोत@RanaSudhirG

सवाल आरक्षण हटा देने या रखने में एक को चुनने का नहीं होना चाहिए? सवाल थोड़ा और बुनियादी होना चाहिए कि आरक्षण की जरूरत क्यों और किसको है? आरक्षण की मूलभूत आवश्यकता पड़ी-सबके लिए एकसमान अवसर सृजित करने के लिए, मगर क्या आरक्षण से ऐसा संभव हो पा रहा है? क्या आरक्षण हटने से वह संभव हो जाएगा?
ताऊ रामफल@raamphall

### जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा होनी चाहिए?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या साइबर ठग बेलगाम होते जा रहे हैं?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

### जनपथ

चीनी चढ़ी पहाड़ पर स्वाद बिगाड़े प्याज,
महंगाई भी आजकल बनी कोढ़ में खाज।
बनी कोढ़ में खाज न स्थिति गई संभाली,
देगी तब नुकसान चाय की फीकी प्याली!
बिन शक्कर की चाय पड़े जनता को पीनी,
तो कड़वा अहसास कराती मीठी चीनी!!
–ओम प्रकाश तिवारी

## कहीं यूपी तक न पहुंचे 'मराठी' की आंच

महाराष्ट्र डायरी



ओमप्रकाश तिवारी
मुंबई ब्यूरो प्रमुख

मुंबई में भाषा का सवाल नया नहीं है। मराठी इस शहर की अपनी भाषा है और महाराष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा भी। इसीलिए यदि सरकार यह चाहती है कि मुंबई की सड़कों पर यात्रियों से रोज संवाद करने वाले आटो-रिक्शा और टैक्सी चालक कामचलाऊ मराठी बोलना सीखें, तो पहली नजर में इसमें कोई अस्वाभाविक बात नहीं दिखती। सवाल तब खड़ा होता है, जब भाषा सीखने की पहल और रोजी-रोटी छिनने के डर के बीच सरकार की नीति ऐसी रेखा खींच दे, जिसके एक तरफ सम्मान हो और दूसरी तरफ भय।

आज मुंबई की सड़कों पर यही भय दिखाई दे रहा है। महाराष्ट्र सरकार ने यात्री वाहन चालकों के लिए कामचलाऊ मराठी का ज्ञान अनिवार्य किया है। आरटीओ की ओर से चालकों की मौखिक जांच भी शुरू हो चुकी है। जिन चालकों को पर्याप्त मराठी नहीं आती, उन्हें एक महीने में भाषा सीखने का नोटिस दिया जा रहा है। नियम का पालन न करने पर बैज निलंबित करने और आगे चलकर परमिट तथा लाइसेंस पर कार्रवाई की व्यवस्था भी है। कागज पर यह व्यवस्था जितनी सरल दिखाई देती है, मुंबई की जमीन पर उतनी ही पेचीदा है, क्योंकि वह इस महानगर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। सुबह लाखों लोगों को स्टेशन तक पहुंचाने से लेकर रात में घर लौटते यात्रियों को अंतिम मंजिल तक पहुंचाने तक, उसकी भूमिका रोजमर्रा की मुंबई में केंद्रीय है। इनमें बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है, जो वर्षों पहले उत्तर प्रदेश, बिहार और देश के दूसरे हिस्सों से यहां रोजी-रोटी की तलाश में आए थे। कई लोग पढ़े-लिखे नहीं हैं। कई दशकों से मुंबई में रहते हुए टूटी-फूटी मराठी में काम चला रहे हैं।

ऐसे व्यक्ति से यह कहना कि अब एक निश्चित अवधि में भाषा की परीक्षा पास करो, अन्यथा बैज और रोजगार पर संकट आ सकता है- स्वाभाविक रूप से उसके भीतर असुरक्षा पैदा करेगा। यही असुरक्षा सोमवार को सड़क पर उतर आई, जब मुंबई के कुछ हिस्सों में आटो और टैक्सी चालकों के समूहों ने स्वघोषित हड़ताल शुरू कर दी। कहीं रास्ता रोका गया, कहीं दूसरे चालकों को सवारी बैठाने से रोकने की कोशिश हुई और कहीं यात्रियों को वाहन से उतार दिया गया। इसका खामियाजा उस आम मुंबईकर को भुगतना पड़ा, जिसका भाषा विवाद से कोई लेना-देना नहीं था। यहां विरोध करने वाले चालकों को भी समझना होगा कि सड़क जाम करना समस्या का समाधान नहीं है। इससे उनकी मांग कमजोर होती है। लेकिन सरकार को भी यह समझना होगा कि कानून बनाना और उसे संवेदनशीलता से लागू करना दो अलग-अलग बातें हैं।


मुंबई में बड़ी संख्या में यूपी-बिहार के आटो चालक हैं, जिनकी जीविका का यह प्रमुख साधन है। फाइल

हालांकि सरकार यह भी कह रही है कि उद्देश्य किसी को रोजगार से वंचित करना नहीं, बल्कि यात्रियों से संवाद के लिए आवश्यक मराठी का ज्ञान सुनिश्चित करना है। सरकार की ओर से बड़ी संख्या में चालकों को प्रशिक्षण दिए जाने की बात भी कही गई है। फिर भी जमीन पर संदेश अलग क्यों जा रहा है? वस्तुतः भाषा सिखाने और भाषा के नाम पर दंड देने में बहुत महीन अंतर है। यदि सरकार पहले प्रशिक्षण की पर्याप्त व्यवस्था करे, कमजोर वर्ग के चालकों को समय दे, परीक्षा की प्रक्रिया पारदर्शी रखे और यह स्पष्ट करे कि उद्देश्य संवाद की क्षमता है, साहित्यिक मराठी नहीं, तो विवाद काफी हद तक शांत हो सकता है। लेकिन यदि आरटीओ की कार्रवाई चालक के मन में 'भाषा नहीं आई तो रोजगार गया' का भय पैदा करती है, तो यही नीति सामाजिक असंतोष को जन्म देगी। और इस पूरे मामले में भाजपा नेताओं की चुप्पी आटो-टैक्सी चालकों को सबसे अधिक चुभ रही है। मुंबई के आटो-टैक्सी चालकों में बड़ी संख्या उत्तर प्रदेश मूल के हिंदीभाषियों की है। पिछले चुनावों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने इस वर्ग से समर्थन हासिल किया।

इसका एक कारण यह भी रहा कि हिंदीभाषी मतदाताओं का बड़ा हिस्सा शिवसेना के पुराने भाषाई आक्रामक तेवर और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की मार-पिटाई की राजनीति से असहज रहा है। उन्हें उम्मीद थी कि भाजपा के साथ खड़ा होना उन्हें ऐसी राजनीति से सुरक्षा देगा। अब यदि वही मतदाता यह महसूस करने लगे कि सत्ता में आने के बाद भाजपा की सहयोगी शिवसेना के दबाव में उसकी रोजी-रोटी का सवाल खड़ा हो रहा है और भाजपा नेतृत्व मौन है, तो यह असंतोष केवल मुंबई तक सीमित नहीं रहेगा। उत्तर प्रदेश की राजनीति पर भी इसकी छाया पड़ सकती है।

भाजपा के लिए यह समझना जरूरी है कि मुंबई का हिंदीभाषी आटो चालक केवल महाराष्ट्र का मतदाता नहीं है। उसके परिवार की जड़ें उत्तर प्रदेश में हैं। वह गांव-शहर में अपने रिश्तेदारों से बात करता है, राजनीतिक घटनाओं की चर्चा करता है और अपने अनुभव साझा करता है। मुंबई में उसके साथ क्या हुआ, इसकी कहानी उसके गांव तक पहुंचती है। इसलिए सरकार को भाषा का सम्मान और नागरिक की रोजी-रोटी, दोनों के बीच संतुलन बनाना होगा।

मंथन

## ऊर्जा व खाद्य सुरक्षा में संतुलन

ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना भारत के लिए आवश्यक है, परंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि इस कारण से कहीं खाद्य सुरक्षा पर किसी तरह का संकट तो नहीं खड़ा हो रहा है



रवि दास बिश्नोई
असिस्टेंट प्रोफेसर, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा

बदलता कृषि भूगोल और भू-राजनीतिक घटनाओं से एक बार फिर यह आशंका पैदा हो रही है कि रोटी की कीमत, राजनीतिक स्थिरता की सबसे संवेदनशील नब्ज होती है। वर्ष 2010-11 में जब वैश्विक स्तर पर गेहूं की कीमतें रूस में भीषण सूखे और यूक्रेन के निर्यात-प्रतिबंधों के चलते अचानक आसमान छूने लगीं, तो इसका सबसे विस्फोटक असर मिस्र, ट्यूनीशिया और सीरिया जैसे देशों में देखने को मिला था।

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने एक चेतावनी दी है कि ईरान-अमेरिका युद्ध, यूक्रेन-रूस युद्ध और अल नीनो, ये तीन कारक मिलकर एक ऐसा कारक बनने जा रहे हैं जिसका असर अगले तीन से छह महीनों में उपभोक्ता कीमतों तक पहुंचेगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट इस चेतावनी को और ठोस बनाती है, जिसमें कहा गया है कि होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से खाड़ी क्षेत्र से आने वाली उर्वरक आपूर्ति में भारी कमी आई है, और विश्व खाद्य कार्यक्रम की आशंका है कि यदि तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं, तो साढ़े चार करोड़ अतिरिक्त लोग भुखमरी की चपेट में आ सकते हैं।

भारत के लिए यह दोहरी चिंता का विषय है, क्योंकि यह परिदृश्य ठीक उसी समय बन रहा है जब देश अपने घरेलू मानसून के मोर्चे पर भी संघर्ष कर रहा है। जुलाई तक देशभर में बारिश की कमी लगभग 13 प्रतिशत दर्ज की गई और 36 मौसम उप-मंडलों में से 17, जिनमें पंजाब, हरियाणा और बिहार जैसे प्रमुख कृषि-राज्य शामिल हैं, गंभीर बारिश-कमी झेल रहे हैं। हमें यहां यह भी ध्यान रखना होगा कि अल नीनो अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में और तीव्र हो सकता है, ठीक उसी समय जब रबी फसल की बोआई होती है। यानी यह संकट केवल किसी एक मौसम तक सीमित नहीं, बल्कि लगातार दो कृषि-चक्रों तक फैलने की आशंका भी अपने भीतर समेटे हुए है।

**चीनी की कीमत** : अभी कुछ दिन पहले ही भारत की चीनी-कीमतों की कहानी फिर से सुर्खियों में आ गई है। परंतु इस बार इसमें एक ऐसी परत छिपी है जिसे केवल मौसम या भू-राजनीति के खाते में डालना असल तस्वीर से आंखें मूंदना होगा। अगस्त के तीसरे सप्ताह में खुदरा चीनी की कीमत 65 रुपये से भी ज्यादा प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। यह छह महीने पहले की तुलना में एक बड़ी छलांग है। हालांकि इसके पीछे घरेलू उत्पादन में कमी, त्योहारी मांग, मौसम से हुई फसल-क्षति, वैश्विक आपूर्ति में तंगी और व्यापारियों की जमाखोरी जैसे बड़े कारक भी मौजूद हैं। लेकिन यहां पर एक अनसुलझा कारक और है। इस सीजन में करीब 30 लाख टन चीनी के बराबर मात्रा, जो कुल उत्पादन का लगभग 10 प्रतिशत है, सरकार के अपने ई-20 एथनाल मिश्रण लक्ष्य को पूरा करने के लिए एथनाल उत्पादन की ओर मोड़ दी गई। हालांकि सरकार ने इस बात से इन्कार किया है कि एथनाल-डायवर्जन ही कीमतों में उछाल की वजह है। परंतु यह इन्कार ठीक वैसा ही है जैसे कोई व्यक्ति खाली बाल्टी और भीगे फर्श के बीच खड़े होकर यह दावा करे कि उसने पानी नहीं गिराया था।

यहीं पर एक और नीतिगत विसंगति सामने आती है। एक तरफ सरकार अपने ही जैव-ईंधन कार्यक्रम को एक बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रचारित करती है। क्योंकि इसने लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा बचाई है और कार्बन उत्सर्जन को घटाया है। वहीं दूसरी तरफ जब उसी नीति का प्रत्यक्ष परिणाम उपभोक्ता की जेब पर पड़ता है, तो वह इस कड़ी को स्वीकार करने से बचती है। यह कोई अकेली भारतीय विडंबना नहीं है। ब्राजील में भी दशकों पहले एथनाल-नीति और चीनी-कीमतों के बीच ठीक ऐसा ही तनाव देखा जा चुका है, और अमेरिका में मक्का-आधारित एथनाल कार्यक्रम पर भी यही आरोप लगते रहे हैं कि उसने पशु-चारे और खाद्य-मक्के की कीमतें बढ़ाई हैं। यानी यह एक वैश्विक पैटर्न है कि जब कोई देश ऊर्जा-सुरक्षा और खाद्य-सुरक्षा दोनों को एक ही फसल से साधने की कोशिश करता है, तो देर-सबेर इन दोनों लक्ष्यों में टकराव अवश्यंभावी हो जाता है।

भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए, तो यह टकराव और भी स्पष्ट हो जाता है। भारत का गन्ना-उत्पादन मुख्यतः उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक के उन्हीं जल-गहन क्षेत्रों में केंद्रित है जो पहले से ही भूजल-संकट झेल रहे हैं। और अब उसी सीमित भूमि और जल पर एक साथ दो मांगें यानी चीनी के लिए और ईंधन के लिए, रखी जा रही हैं। यह पूरी तस्वीर एक गहरे भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक सत्य को उजागर करती है। खाद्य सुरक्षा अब केवल मौसम या युद्ध का मसला नहीं रह गया है। यह ऊर्जा-नीति, जल-प्रबंधन और अंतरराष्ट्रीय व्यापार-रणनीति, तीनों के संतुलन पर आधारित है। भारत के लिए असली परीक्षा यह नहीं कि वह किसी एक संकट का सामना कैसे करे, बल्कि यह है कि क्या वह अपनी ऊर्जा-महत्वाकांक्षा, जल-सुरक्षा और खाद्य-सुरक्षा को एक ही सुसंगत रणनीति में पिरो सकता है। या फिर हर बार जब कीमतें राजनीतिक रूप से असहज सीमा पार करेंगी, तब जाकर तात्कालिक, प्रतिक्रियात्मक कदम उठाता रहेगा।


प्रतीकात्मक

### हुंडई मोटर और जियो-बीपी के बीच हुआ समझौता

**नई दिल्ली :** हुंडई मोटर इंडिया ने मंगलवार को जियो-बीपी के साथ साझेदारी की घोषणा की। समझौते के तहत दोनों कंपनियां अपने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग नेटवर्क को जोड़ेंगी ताकि ईवी उपभोक्ताओं के लिए चार्जिंग की सुविधा को बेहतर बनाया जा सके। कंपनी ने बताया कि इस समझौते के तहत ईवी ग्राहक मायहुंडई एप के जरिये जियो-बीपी पल्स चार्जिंग स्टेशन की तलाश और उनका इस्तेमाल कर सकेंगे। (प्रेट्र)

सेंटर फार डेवलपमेंट आफ टेलीमेटिक्स यानी सी-डाट को भारत की स्वदेशी दूरसंचार तकनीक को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रस्तुत करने चाहिए और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम उत्पाद बनाने चाहिए।

– ज्योतिरादित्य सिंधिया,
केंद्रीय दूरसंचार मंत्री



| सेंसेक्स | निफ्टी | सोना प्रति दस ग्राम | चांदी प्रति किलो ग्राम | डालर | क्रूड प्रति बैरल |
|---|---|---|---|---|---|
| 77,656.09 ▲ 286.98 | 24,334.55 ▲ 115.50 | ₹ 1,67,100 ▲ ₹ 2,700 | ₹ 2,50,000 ▼ ₹ 3,500 | ₹ 95.44 ▼ ₹ 0.26 | $ 89.32 |

# भारत-जापान बनाएंगे एआइ व सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन

## वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, मेक इन इंडिया से जुड़े हाईटेक उद्योग को गुणवत्ता सर्टिफिकेट से मिलेगी छूट

राजीव कुमार • जागरण

**टोक्यो :** ग्लोबल साउथ या कम आय वाले देशों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और सेमीकंडक्टर की सप्लाई चेन तैयार करने के लिए भारत व जापान मिलकर काम करेंगे। वर्ष 2023 में इस पर दोनों देशों ने सहमति जताई थी, जिसे अब जमीन पर उतारा जा रहा है। मंगलवार को एआइ व सेमीकंडक्टर से जुड़ी जापान की करीब 20 कंपनियों ने वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के समक्ष भारत में निवेश को लेकर अपनी दिलचस्पी जाहिर की।

सेमीकंडक्टर उत्पादन से जुड़े उपकरण बनाने वाली जापान की कंपनी टोक्यो इलेक्ट्रान लिमिटेड ने कहा कि भारत में निर्माण के दौरान इस्तेमाल होने वाले पाट्र्स या उपकरण लाने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) से सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य है जो भारत में उत्पादन शुरू करने में व्यवधान का काम करता है। ऐसी ही मांग कई अन्य जापानी कंपनियों की भी थी। इस पर वाणिज्य मंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया के तहत भारत में एआइ व सेमीकंडक्टर निर्माण से जुड़े उपकरण को लाने में बीआइएस सर्टिफिकेशन से छूट दिलाने के लिए जल्द ही नियम लाए जाएंगे। यह सुविधा जापानी कंपनियों के साथ अन्य सभी कंपनियों के लिए होगी। उन्होंने कहा कि यह छूट कंपनी या सेक्टर आधारित हो सकती है। इस संबंध में बीआइएस व मंत्रालय से विचार करके अंतिम फैसला किया जाएगा। गोयल ने जापानी कंपनियों को बताया कि 300 से अधिक विश्वविद्यालयों में चिप डिजाइनिंग के लिए 68 हजार इंजीनियरिंग छात्रों को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2032 तक भारत में सेमीकंडक्टर का कारोबार 150 अरब डालर का हो जाएगा।

एआइ निर्माण से जुड़ी अबेजा के सीईओ यूसुक ओकाडा ने बताया कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माडल तैयार करने में सहयोग के लिए भारत के कई स्टार्टअप के साथ बातचीत कर रहे हैं और जल्द ही अपने निवेश को सार्वजनिक करने वाले हैं। इलेक्ट्रानिक्स एंड कंप्यूटर साफ्टवेयर एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन राजेश एम रेवानकर ने बताया कि जापानी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए 11 जापानी औद्योगिक टाउनशिप तैयार किए जा रहे हैं। सरकार उनको विशेष आर्थिक क्षेत्र जैसी कई छूट दे सकती है।



टोक्यो में मंगलवार को जापान-भारत संसदीय मैत्री संघ के अध्यक्ष यासुतोशी निशिमुरा से मुलाकात करते केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल • एएनआइ

- एआइ-सेमीकंडक्टर से जुड़ी 20 जापानी कंपनियां भारत में निवेश करेंगी
- 2032 तक 150 अरब डालर होगा भारत का सेमीकंडक्टर कारोबार

### एमएसएमई को प्रशिक्षण देंगी जापानी कंपनियां

वाणिज्य व उद्योग मंत्री के साथ आए उद्यमियों के दल का नेतृत्व कर रहे औद्योगिक संगठन फिक्की के अध्यक्ष व आरपीजी समूह के वाइस चेयरमैन अनंत गोयनका ने बताया कि भारत और जापान की कंपनियां अफ्रीकी देशों व कई अन्य गरीब देशों के लिए एक साथ मिलकर हाईटेक सेक्टर में निर्माण करने की तैयारी में हैं। इस दिशा में संभावनाएं देखी जा रही है। वाणिज्य मंत्री के दौरे में इस पर चर्चा चल रही है कि मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़ी बड़ी जापानी कंपनियां भारत के एमएसएमई को प्रशिक्षित करेंगी। एआइ और सेमीकंडक्टर के साथ रेयर अर्थ मिनरल्स प्राप्त करने में भी जापान से सहयोग मिलेगा।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

# सिर्फ जमीन व शेयर ही नहीं, यहां भी निवेश कर रहे हैं अमीर भारतीय

भारत में अमीरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लंबे समय से यह लोग बेहतर रिटर्न के लिए पारंपरिक रूप से शेयरों, स्थायी आय और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में निवेश करते आ रहे हैं। इस बीच कंसल्टेंट सेवाएं देने वाली फर्मों- जूलियस बेयर और अर्नेस्ट यंग (ईवाई) ने ताजा रिपोर्ट में कहा है कि अब अमीर भारतीय बेहतर रिटर्न के लिए शेयरों और रियल एस्टेट पर निर्भर नहीं हैं। अब अमीर भारतीय अपना 40-45% निवेश अन्य विकल्पों में कर रहे हैं। आइए जानते हैं कि आखिर अमीर भारतीय कहां निवेश कर रहे हैं...





### प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल

रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अमीर अब ज्यादा रिटर्न पाने के लिए प्राइवेट इक्विटी (पीई) और वेंटर कैपिटल (वीसी) फंड में निवेश कर रहे हैं। इसमें उनके वैकल्पिक निवेश का 10-20 प्रतिशत हिस्सा जा रहा है। यह पीई-वीसी फंड टेक्नोलाजी, हेल्थकेयर, नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता कारोबार और चुनिंदा वैश्विक रियल एस्टेट प्लेटफार्म में निवेश करते हैं। इससे अमीर भारतीयों को ज्यादा रणनीतिक भागीदारी और शुरुआती चरण में वैल्यू बनाने के मौकों तक पहुंच मिलती है।

### प्राइवेट क्रेडिट

प्राइवेट क्रेडिट एक और ऐसा क्षेत्र है जो अमीर लोगों का ध्यान खींच रहा है। देश में जैसे-जैसे पूंजी की मांग बढ़ रही है, बड़े पारिवारिक आफिस या अमीर भारतीय परिवार प्राइवेट क्रेडिट बाजार में निवेश कर रहे हैं। भारत में बड़े वैकल्पिक संपत्ति बाजार का आकार अनुमानित 400 अरब डालर है। इसमें सेबी में पंजीकृत वैकल्पिक निवेश फंड (एआइएफ) की हिस्सेदारी 156 अरब डालर है। बाकी हिस्सा विदेश, पारिवारिक आफिस और गैर-सूचीबद्ध प्रणाली से आता है। रिपोर्ट में एक अनुमान के हवाले से कहा गया है कि 2034 तक वैकल्पिक संपत्ति बाजार का आकार दो ट्रिलियन डालर से अधिक हो सकता है।



### रीट-इनविट



रिपोर्ट में कहा गया है कि अमीर परिवार पीई-वीसी और प्राइवेट क्रेडिट के अलावा वैकल्पिक निवेश फंडों, रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) और इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) में भी निवेश कर रहे हैं। थीमैटिक निवेश पर भी ध्यान दिया जा रहा है। कई अमीर परिवार अपने कारोबारी ज्ञान और नेटवर्क का इस्तेमाल ऐसे सेक्टर और कंपनियों की पहचान करने के लिए कर रहे हैं, जहां उन्हें बढ़त हासिल है। जोखिम में कमी लाने और बेहतर रिटर्न पाने के लिए अमीर परिवार विदेशी बाजारों में भी निवेश कर रहे हैं।

### वैकल्पिक निवेश में है ज्यादा जोखिम



विशेषज्ञों का कहना है कि पीई-वीसी और प्राइवेट क्रेडिट जैसे वैकल्पिक निवेश क्षेत्रों में ज्यादा जोखिम होता है और कई बार निवेशकों को नुकसान भी झेलना पड़ता है। इसके अलावा, निवेशकों को राशि पाने के लिए वर्षों तक इंतजार भी करना पड़ता है। रिपोर्ट में भी कहा गया है कि निवेश के विकल्प अब बहुत जटिल हो गए हैं। इस कारण पारिवारिक आफिस को पीई-वीसी, रियल एस्टेट, हेज फंड, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर क्लाइमेट टेक्नोलाजी और दूसरी वैकल्पिक संपत्तियों का मूल्यांकन करना पड़ता है। इन सभी का अपना-अपना चक्र, जोखिम प्रोफाइल और गहन जांच-पड़ताल की जरूरतें होती हैं। जागरण इन्फो

## एक नजर में

### ईएसडीएस साफ्टवेयर ने तय किया शेयरों का मूल्य

**नई दिल्ली :** ईएसडीएस साफ्टवेयर साल्यूशंस लिमिटेड का 720 करोड़ रुपये का सार्वजनिक आरंभिक निर्गम (आइपीओ) सब्सक्रिप्शन के लिए 28 अगस्त से एक सितंबर तक खुलेगा। कंपनी ने आइपीओ का शेयर मूल्य 408-429 रुपये प्रति इकाई तय किया है। वहीं, पर्पल स्टाइल लैब्स का 680 करोड़ रुपये का आइपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 31 अगस्त से दो सितंबर तक खुलेगा। (प्रेट्र)

### अप्रैल-जुलाई में स्टील उत्पादन 4.7 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली :** अप्रैल-जुलाई 2026 के दौरान देश में तैयार स्टील का उत्पादन 4.7 प्रतिशत बढ़कर 5.47 करोड़ टन रहा है। स्टील मंत्रालय के अनुसार, इस दौरान तैयार स्टील की खपत भी 7.9 प्रतिशत बढ़कर 5.6 करोड़ टन रही है जो इसकी मजबूत घरेलू मांग के विस्तार को दर्शाता है। इस वर्ष जुलाई में तैयार स्टील का उत्पादन 3.9 प्रतिशत बढ़कर 1.4 करोड़ टन रहा है। (एएनआइ)

# आखिरी घंटे में खरीदारी और कच्चे तेल की नरमी से बढ़े घरेलू शेयर बाजार

**मुंबई, प्रेट्र :** आखिरी घंटे में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के चलते दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को दिनभर के नुकसान को कम करते हुए बढ़त के साथ बंद होने में कामयाब रहे। दिन के दौरान अधिकांश समय गिरावट में रहने वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 286.98 अंक की बढ़त के साथ 77,656.09 पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी दिनभर अस्थिरता के बाद अंत में 115.50 अंक की बढ़त के साथ 24,334.55 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में इंडिगो की पैरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, ट्रेंट, टाइटन और एसबीआइ के शेयरों में बढ़ोतरी रही। वहीं, जोमैटो की संचालन एटरनल, एचसीएल टेक, पावरग्रिड और बजाज फिनसर्व में गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड मंगलवार को तीन प्रतिशत गिरकर 89.32 डालर प्रति बैरल पर आ गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि अमेरिका की ओर से ईरान के खिलाफ लगाए गए बहुप्रतीक्षित प्रतिबंध बाजार की अपेक्षाओं से कम रहे, जिससे कच्चे तेल की कीमतें और बांड यील्ड हाल के उच्चतम स्तरों से कम हुईं। बीएसई मिडकैप सेलेक्ट इंडेक्स में 0.64 प्रतिशत की बढ़ोतरी, जबकि स्मालकैप सेलेक्ट इंडेक्स में 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट रही।

**268** अंक बढ़कर 77656 के स्तर पर बंद हुआ बीएसई सेंसेक्स

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड तीन प्रतिशत घटकर 89.32 डालर प्रति बैरल पर आया

### सोने में लगातार चौथे दिन तेजी रही, चांदी में गिरावट रही

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** वैश्विक कीमतों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर सोने की कीमतों में लगातार चौथे दिन तेजी दर्ज की गई। आल इंडिया सराफा एसोसिएशन के अनुसार, मंगलवार को दिल्ली में सोने के मूल्य में 2,700 रुपये की बढ़ोतरी हुई। अब इस कीमती धातु का मूल्य 1,67,100 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया है। हालांकि, चांदी में तीन दिन से जारी तेजी थम गई है और मंगलवार को इसके मूल्य में 3,500 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। एसोसिएशन के अनुसार, अब दिल्ली में चांदी का मूल्य घटकर 2.50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। वैश्विक बाजारों में स्पाट गोल्ड का मूल्य 11.87 डालर घटकर 4,639.51 डालर प्रति औंस पर आ गया। इसी तरह, चांदी की कीमत 1.04 प्रतिशत घटकर 67.88 डालर प्रति औंस पर आ गई है।

# पश्चिम एशिया संकट के कारण अमेरिका से एलपीजी आयात बढ़ा

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण पारंपरिक खाड़ी देशों से आपूर्ति में कमी के चलते भारत ने अमेरिका से तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की खरीद बढ़ाई है। समुद्री परिवहन पर नजर रखने वाली फर्म कैप्लर के आंकड़ों के अनुसार, भारत अगस्त में अब तक अमेरिका से 6.2 लाख टन एलपीजी का आयात कर चुका है। इसी वर्ष जुलाई में भारत ने अमेरिका से 8.9 लाख टन एलपीजी का आयात किया था, जो कुल आयात का 73 प्रतिशत से अधिक था।

आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में संयुक्त अरब अमीरात से भारत का एलपीजी आयात घटकर 1.40 लाख टन तक गिर गया, जबकि कतर ने लगभग 60 हजार टन की आपूर्ति की। सऊदी अरब ने जुलाई और अगस्त में भारत को कोई एलपीजी नहीं दी। एलएनजी में भी इसी तरह का बदलाव देखा गया है। अगस्त में अब तक भारत ने अमेरिका से 7.2 लाख टन एलएनजी का आयात किया है, जो जुलाई में 7.5 लाख टन था। कभी भारत का सबसे बड़ा एलएनजी आपूर्तिकर्ता रहे कतर से इस वर्ष अप्रैल में आयात शून्य रहा था। खाड़ी देशों से भारत के एलपीजी और एलएनजी आयात में तेजी से गिरावट आई है। इसका कारण ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य का प्रभावी रूप से बंद होना रहा है। यह जलमार्ग कच्चे तेल और गैस के लिए एक प्रमुख शिपिंग मार्ग है, जिससे खाड़ी देश प्रमुख उपभोक्ताओं को निर्यात करते हैं।



भारत ने अगस्त में अब तक अमेरिका से 6.2 लाख टन एलपीजी और 7.2 लाख टन एलएनजी का आयात किया

## राष्ट्रीय फलक

# यूपीआइ के 10 साल : डिजिटल भुगतान यात्रा में ऐतिहासिक मील का पत्थर, पीएम ने की सराहना

- यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस के एक दशक पूरे होने पर मोदी ने इसे भारत की डिजिटल पेमेंट यात्रा में एक बड़ा मोड़ बताया
- बोले- इसके दायरे और विशाल पैमाने पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए; अमित शाह, राजनाथ सिंह ने भी की सराहना




प्रतीकात्मक

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) ने अपनी शुरुआत के 10 सफल वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस खास अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे भारत की डिजिटल भुगतान यात्रा का एक प्रमुख मोड़ करार दिया है। नेशनल पेमेंट्स कार्पोरेशन आफ इंडिया (एनपीसीआइ) द्वारा रिजर्व बैंक आफ इंडिया (आरबीआइ) के विनियामक दायरे में 25 अगस्त, 2016 को लांच किया गया यूपीआइ आज देश के वित्तीय समावेशन का मुख्य आधार बन चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए देशवासियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यूपीआइ के दायरे और विशाल पैमाने पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। पीएम ने नागरिकों से अपने यूपीआइ अनुभवों को साझा करने और यह बताने का आग्रह किया कि इसने उनके दैनिक जीवन को कैसे प्रभावित किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी यूपीआइ के 10 वर्ष पूरे होने पर इसकी सफलता की सराहना की है। अमित शाह ने इसे एक तीव्र और सुरक्षित माध्यम बताते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन का परिणाम है, जिसने नवाचार के जरिये देश की विकास यात्रा को गति दी है और डिजिटल इंडिया के तहत देश को दुनिया की सबसे बड़ी रियल-टाइम पेमेंट प्रणाली दी है। वहीं, राजनाथ सिंह ने अपने संदेश में कहा कि पिछले एक दशक में यूपीआइ ने भारत के डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र को पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने इसे एक साहसिक विजन से सफलता की कहानी बताते हुए कहा कि इसने हर भारतीय के लिए लेनदेन को तेज, सरल, सुरक्षित और सुलभ बनाया है, जो 'डिजिटल इंडिया' की ताकत को दर्शाता है।

### 10 वर्षों में रिकार्ड तोड़ वृद्धि

यूपीआइ ने देश को एक रियल-टाइम भुगतान मंच प्रदान किया है। पिछले एक दशक में यूपीआइ ने अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है। लेनदेन की संख्या की दृष्टि से वित्त वर्ष 2016-17 के महज 1.78 करोड़ से बढ़कर 2025-26 में यह 24,162 करोड़ से अधिक हो गई है, जो लगभग 13 हजार गुना की बड़ी वृद्धि है। अगर लेनदेन के मूल्य की बात की जाए तो इसी अवधि में लेनदेन का कुल मूल्य 0.07 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 314 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो चार हजार गुना से अधिक की छलांग है। आज यूपीआइ भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के सबसे सफल स्तंभों में शुमार है, जो सिंगल एप्लीकेशन के जरिये सुरक्षित और सहज पीयर-टू-पीयर तथा पीयर-टू-मर्चेंट लेनदेन को सक्षम बनाता है।

# नासिक की मंडियों में प्याज के भाव देशभर के लिए संकेतक

अरविंद शर्मा • जागरण

**नई दिल्ली :** प्याज की कीमत बढ़ने की पहली आहट नासिक में सुनाई देती है। इसकी वजह केवल महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर प्याज का उत्पादन होना नहीं है, बल्कि नासिक में उत्पादन क्षेत्र के साथ बड़ी प्याज मंडियां, आढ़तियों एवं थोक कारोबारियों का नेटवर्क, वेयरहाउस और देश-विदेश के बाजारों तक पहुंचने वाली सप्लाई चेन भी जुड़ी हुई है। इसलिए, नासिक की मंडियों में आवक और कीमतों में बदलाव देशभर के प्याज बाजार में बढ़ते भाव का संकेत बन जाता है। मौजूदा तेजी भी इसका उदाहरण है। सोमवार को दिल्ली की मंडियों में प्याज करीब 25 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि नासिक में 42 और मुंबई में 35 रुपये प्रति किलोग्राम तक भाव पहुंच गया था। हालांकि सरकार की पहल के बाद मंगलवार को नासिक की मंडियों में आवक बढ़ी और भाव में नरमी का रुख दिखा।

महाराष्ट्र में देश का 60 प्रतिशत प्याज उपजता है, जिसमें नासिक की हिस्सेदारी लगभग 90 प्रतिशत होती है। नासिक में प्याज की करीब 27 बड़ी मंडियां हैं। इनमें लासलगांव प्रमुख है, जिसे देश की सबसे बड़ी मंडियों में गिना जाता है। पिंपलगांव बसवंत, चांदवड़, देवला, येवला, निफाड़, मनमाड और उमराणे जैसे बड़े बाजारों में किसान से प्याज खरीदकर एजेंट और कारोबारी दूसरे राज्यों के बाजारों तक पहुंचाते हैं। नासिक में आढ़तियों एवं कारोबारियों के पास बड़ी संख्या में वेयरहाउस हैं, जहां प्याज को महीनों तक स्टोर किया जाता है। नासिक के नेटवर्क और भंडारण की सुविधा के चलते मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक के कारोबारी भी प्याज यहां स्टोर करते हैं। मुंबई बंदरगाह भी करीब है, जिससे निर्यात में सहूलियत होती है। कर्नाटक के प्याज का बड़ा हिस्सा भी नासिक से ही निर्यात होता है।

सरकार ने भी जुलाई में संकेत दिया था कि नासिक में कारोबारियों का एक वर्ग सट्टेबाजी वाली खरीद कर रहा था। उस समय देश में प्याज की उपलब्धता को लेकर कोई बड़ी चिंता नहीं थी और महाराष्ट्र की मंडियों में रोजाना 30 हजार टन से अधिक प्याज की आवक हो रही थी। ऐसे में बड़ी मात्रा में प्याज का तत्काल बाजार में न आना कीमत पर दबाव बढ़ा सकता है। लासलगांव जैसे बड़े बाजार में भाव बढ़ते ही दूसरे राज्यों के थोक कारोबारी भी अपनी खरीद कीमत बढ़ा देते हैं। नासिक से दिल्ली, बिहार, बंगाल, गुजरात, असम और दक्षिण भारत तक प्याज जाता है। इसलिए, यहां का भाव तेजी से दूसरे बाजारों तक पहुंचता है।

नासिक का महत्व इस बात से भी समझा जा सकता है कि सरकार अपने बफर स्टाक के लिए प्याज की खरीद यहीं से करती है। 2023 में नाफेड और एनसीसीएफ ने महाराष्ट्र से खरीदे तीन लाख टन ग्रीष्मकालीन प्याज में करीब 90 प्रतिशत नासिक जिले से खरीदा था। इस बार कीमत बढ़ने पर सरकार इसी नेटवर्क से उलटा काम कर रही है। नासिक से बफर स्टाक निकालकर दूसरे शहरों में भेजा जा रहा है।

**सरकार दिल्ली में आज से 35 रुपये किग्रा बेचेगी प्याज :** उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बताया कि कांदा एक्सप्रेस से 800 टन प्याज बुधवार को दिल्ली पहुंच जाएगा, जिसे 35 रुपये किग्रा की रियायती दर पर बेचा जाएगा। नाफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार की दुकानों से इसकी खुदरा बिक्री होगी। रेलवे रैक से चेन्नई, एर्नाकुलम, मदुरै और गुवाहाटी भी प्याज भेजा जा रहा है। यानी जिस नासिक से बाजार में तेजी का संकेत मिलता है, वहीं से सरकारी बफर निकालकर देश के दूसरे हिस्सों में कीमत थामने की कोशिश की जा रही है।

- देशभर के प्याज बाजार पर पड़ता है नासिक की मंडियों की चाल का असर



अमृतसर की मंडी में सोमवार को प्याज उतारता एक श्रमिक। एएफपी

# सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा आरआरबी का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** बीते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) का शुद्ध लाभ 10,176 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 2024-25 में 6,820 करोड़ रुपये था।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आरआरबी के सकल नान-परफार्मिंग एसेट्स (जीएनपीए) और नेट नान-परफॉर्मिंग एसेट्स क्रमशः 5.3 प्रतिशत और 2.1 प्रतिशत के निम्नतम स्तर पर पहुंच गए हैं, जिससे उनकी वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है। सभी 28 आरआरबी का कुल कारोबार 13.5 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। आरआरबी ने अपने क्रेडिट-डिपाजिट अनुपात में भी वृद्धि की है, जो 75.2 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

वित्तीय सेवा विभाग के सचिव संजय लोहिया ने आरआरबी से कहा कि वे अपना अच्छा वित्तीय प्रदर्शन बनाए रखें और आखिरी छोर तक क्रेडिट पहुंच को और मजबूत करें।

# खुदरा बाजार में 64 रुपये प्रति किग्रा हुई चीनी

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** खुदरा बाजार में मंगलवार को चीनी की कीमत लगभग एक रुपये बढ़कर करीब 64 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। कहीं- कहीं चीनी 76 रुपये के दर से भी बेची गई। चीनी की औसत कीमत सोमवार को 63.05 रुपये प्रति किग्रा थी। हालांकि पिछले कुछ दिनों में चीनी के मिल भाव (एक्स-मिल दर) में गिरावट आई है, लेकिन खुदरा बाजार में इसका असर दिखना बाकी है।

उपभोक्ता मामलों के विभाग के मूल्य निगरानी प्रभाग के अनुसार, 25 अगस्त को चीनी का औसत भाव 63.97 रुपये प्रति किग्रा था, जो एक महीने पहले के 48.81 रुपये प्रति किग्रा से 31 प्रतिशत अधिक है, जबकि एक साल पहले चीनी का औसत मूल्य 46.31 रुपये प्रति किग्रा था। थोक बाजार में सोमवार को चीनी का भाव 59.23 रुपये प्रति किग्रा था, जबकि एक महीने पहले यह 45.35 रुपये प्रति किग्रा और एक साल पहले 43.01 रुपये प्रति किग्रा था।

इससे पहले सोमवार को खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि देश में चीनी का पर्याप्त भंडार है। चीनी आयात की अनुमति देने और सट्टेबाजी व जमाखोरी पर रोक लगाने के सरकार के फैसले के बाद से चीनी का मिल भाव 18 प्रतिशत घटकर 55 रुपये प्रति किलो पर आ गया है। आने वाले दिनों में इनमें और गिरावट आएगी। पिछले सप्ताह चीनी का मिल भाव रिकार्ड 67 रुपये प्रति किग्रा तक पहुंच गया था।

गौरतलब है कि चीनी की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार ने हाल ही में 31 अक्टूबर तक 10 लाख टन चीनी के आयात की इजाजत दी है। कुछ महीने पहले ही चीनी के निर्यात पर रोक लगा दी गई थी। इंडियन शुगर एंड बायो-एनर्जी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (इस्मा) के अनुसार, 2025-26 विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) में चीनी उत्पादन (एथेनाल के लिए उपयोग के बाद) लगभग 279 लाख टन रहने का अनुमान है। शुरुआती स्टाक 50 लाख टन था। सालाना घरेलू मांग 280-285 लाख टन रहने का अनुमान है। सितंबर अंत में भंडार 35 लाख टन रहने का अनुमान है।चालू विपणन वर्ष में उत्पादन 309 लाख टन होने का अनुमान है।

- खाद्य सचिव बोले- देश में चीनी का पर्याप्त भंडार, 18% घटकर 55 रुपये प्रति किग्रा हुआ चीनी का मिल भाव
- खुदरा बाजार में इसका असर दिखना बाकी, थोक में चीनी का भाव 59.23 रुपये प्रति किग्रा



प्रतीकात्मक

# ट्रेनों के पार्सल कोच में अब भेजे जा सकेंगे इत्र और परफ्यूम

जागरण संवाददाता • प्रयागराज

भारतीय रेल से अब इत्र, डिओडोरेंट और सेंट जैसे परफ्यूमरी उत्पादों को देशभर में कहीं भी भेजा जा सकेगा। इन्हें स्थानीय स्तर पर एक शहर से दूसरे शहर भेजना आसान हो गया है। रेलवे बोर्ड ने यात्री ट्रेनों के लीज्ड पार्सल स्पेस (एसएलआर और वीपी कोच) में परफ्यूमरी उत्पादों की ढुलाई को औपचारिक मंजूरी दे दी है। 21 अगस्त को सभी जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों को फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर जारी कर नीतिगत नियमों में संशोधन के निर्देश दिए हैं और तत्काल प्रभाव से आदेश को लागू कर दिया गया है।

इससे पहले रेलवे ने लीज्ड कोचों में लिथियम-आयन बैटरी वाले उपकरणों की ढुलाई को सशर्त अनुमति दी थी। उसी नीतिगत प्रविधान का दायरा बढ़ाते हुए रेड टैरिफ के तहत आने वाले परफ्यूमरी उत्पादों को भी शामिल कर लिया गया है। अब तक ज्वलनशील श्रेणी में होने के कारण इनकी लोडिंग पर प्रतिबंध था। इस फैसले से इत्र, कास्मेटिक और पर्सनल केयर उद्योग से जुड़े कारोबारियों को बड़ी राहत मिलेगी और वे ट्रेनों से कम समय में माल पहुंचा सकेंगे। रेलवे बोर्ड की निदेशक (फ्रेट मार्केटिंग) प्रतिभा पाल ने बताया कि सुरक्षा के सख्त नियम लागू रहेंगे और परफ्यूमरी उत्पादों की लोडिंग रेलवे प्रशासन की सीधी निगरानी में होगी।

- ज्वलनशील श्रेणी में होने के कारण अब तक इनकी लोडिंग पर था प्रतिबंध
- 21 अगस्त को पूरे देश में लागू कर दी गई नई व्यवस्था

**कल्पमेधा**

*युवा पीढ़ी को इस काबिल बनाना कि वह जीवन भर अपने आप को प्रशिक्षित करती रहे, यही शिक्षा का असली उद्देश्य है।*
*– टामस पेन*

## ताक पर औचित्य

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जो कानून या नियम-कायदे कभी आपात स्थिति या बहुत जरूरी होने पर ही प्रयोग किए जाने के लिए बनाए गए होंगे, उन्हें कई बार कुछ खास लोगों को विशेष सुविधा मुहैया कराने का औजार बना लिया जाता है। यह एक तरह से किसी कानून का दुरुपयोग है और जब लगातार ऐसा होता है, तो सवाल उठता है कि क्या सरकार नागरिकों के प्रति किसी कानून को बरतने के मामले में अपने स्तर से भी भेदभाव करती है। वरना क्या वजह है कि जघन्य अपराधों में दोषी ठहराए गए किसी सजायाफ्ता को सिर्फ इसलिए बार-बार किसी कानून का लाभ दिया जाता है कि वह ऊंची रसूख वाला है या फिर उसकी खासी राजनीतिक पैठ है? गौरतलब है कि हरियाणा के सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर इक्कीस दिन की फरलो दी गई है। यानी इस सुविधा के मिलने के बाद फिर से राम रहीम रोहतक स्थित सुनारिया जेल से बाहर निकल कर अपने आश्रम में रहेगा। इससे पहले भी उसे बारह बार पैरोल और पांच बार फरलो की सुविधा मिल चुकी है। ऐसा लगता है कि राम रहीम अपनी सजा को सिर्फ औपचारिकता भर के लिए अपनी सुविधा के मुताबिक काट रहा है और उसे जब जरूरत पड़ती है, वह किसी न किसी बहाने जेल से बाहर आने का रास्ता बना लेता है।

सवाल है कि जिन नियम-कायदों के तहत राम रहीम को इस तरह की छूट बार-बार दी जा रही है, क्या सरकार यह दावा करने की स्थिति में है कि इस मामले में वह पूरी तरह तटस्थ और न्याय के तकाजे के मुताबिक काम कर रही है। बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराध में जिस व्यक्ति को सजा हुई, उसे लेकर इस स्तर पर जाकर नरमी बरतने का आखिर क्या कारण है? इस पर विपक्षी दलों और अनेक सामाजिक संगठनों की ओर से तीखी आपत्ति और विरोध जाहिर किए जाने पर सरकार की सफाई है कि राम रहीम को इस तरह की रिहाई नियमों के तहत दी जाती है। क्या सरकार गंभीर अपराधों की सजा काटने वाले अन्य लोगों के प्रति भी समान मानकों के तहत ऐसा ही रुख अपनाती है? फिर किसी भी कैदी को लेकर इतना उदार रवैया दिखाने की क्या वजह हो सकती है कि पिछले दस साल में उसे सत्रह बार अलग-अलग कारणों से कभी पैरोल पर, तो तभी फरलो पर जेल से बाहर अपना समय सुविधाजनक तरीके से काटने की छूट दी जाती है?

यों राम रहीम को इस तरह जेल से बाहर रहने की सुविधा मुहैया कराते हुए शायद केवल उसकी जरूरतों का ही ध्यान रखा जाता है! मगर एक विचित्र संयोग यह भी देखा गया है कि जब भी उसके प्रभाव क्षेत्र में चुनाव होने वाले होते हैं, तब आमतौर पर उसे खासी अवधि के लिए पैरोल या फिर फरलो की सुविधा मिल जाती है। फिलहाल पंजाब में विधानसभा चुनावों का समय करीब है और कई उत्तरी राज्यों सहित हरियाणा तथा पंजाब में राम रहीम के अनुयायी बड़ी संख्या में हैं। ऐसे में स्वाभाविक ही ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि राम रहीम को दरअसल चुनावी लाभ उठाने के मकसद से बार-बार जेल से बाहर निकलने की इजाजत दी जाती है। सरकार को शायद इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि राम रहीम के प्रति इस तरह उदारता बरतने के क्रम में कानून की मनमानी व्याख्या करने की वजह से न्याय की अवधारणा को किस स्तर पर चोट पहुंच रही है।

## जानलेवा शोर

देश में वायु प्रदूषण की तरह तेज आवाज का शोर भी गंभीर समस्या बन गया है। महानगरों से लेकर छोटे कस्बे तक ध्वनि प्रदूषण की जद में हैं। इससे मानव स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकते हैं। लगातार अत्यधिक शोर के संपर्क में रहने से उच्च रक्तचाप, अनिद्रा, मानसिक तनाव, बहरापन और चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। कई दफा इसके तात्कालिक एवं गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं। ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश के बरेली में बीते सोमवार को सामने आई, जब सड़क पर तेज आवाज में बज रहे डीजे के पास से गुजरते वक्त साठ वर्षीय महिला की तबीयत बिगड़ जाने से मौत हो गई। सवाल है कि जब ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए कानून में सख्त प्रावधान हैं, तो फिर सार्वजनिक स्थलों पर बहुत तेज आवाज में डीजे बजाने या लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति क्यों और कैसे दी जाती है? अगर कोई नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की जाती?

गौरतलब है कि देश में ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) अधिनियम के तहत विभिन्न स्थलों पर ध्वनि के स्तर की सीमाएं निर्धारित की गई हैं। सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर इसके संकेतक लगाने के भी प्रावधान हैं। कई जगह सड़कों के आसपास के रिहाइशी इलाकों को आधिकारिक तौर पर वाहनों के लिए ध्वनि निषेध क्षेत्र घोषित किया गया है। बड़े शहरों में ध्वनि प्रदूषण की निगरानी के लिए विशेष यंत्र लगाए गए हैं। मगर इन सब व्यवस्थाओं के बावजूद तेज आवाज के शोर पर लगाम नहीं लग पा रही है। जाहिर है कि इसके लिए संबंधित महकमों की लापरवाही ही जिम्मेदार है। धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को तो बड़ा मुद्दा बना दिया जाता है, लेकिन ऐसी ही गंभीरता सड़कों पर होने वाले ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने में नजर नहीं आती है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि सड़क पर तेज आवाज में डीजे बजाने से अगर किसी की जान चली जाती है, तो उसके लिए कौन जिम्मेदार है? शासन-प्रशासन को इस पर गंभीरता से गौर करना चाहिए कि सिर्फ कागजों में कानून बना देने से कुछ नहीं होता, व्यवस्था में सुधार तभी हो पाता है, जब उसे सख्ती से लागू किया जाए।

# हड्डियों की कमजोरी से बढ़ता मनोभ्रंश



**भारत में मनोभ्रंश की बीमारी से एक करोड़ से अधिक लोग पीड़ित हैं। यह बीमारी भले मस्तिष्क और स्मरण शक्ति से जुड़ी है, लेकिन इसका एक कारण हड्डियों का कमजोर होना भी है।**

**पुष्परंजन**

तकनीक के विकास और विलासितापूर्ण जीवनशैली के साथ-साथ डिमेंशिया यानी मनोभ्रंश की बीमारी का संकट भी बढ़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में इस बीमारी से एक करोड़ से अधिक लोग पीड़ित हैं, जबकि हल्के लक्षणों वाले लोगों की संख्या 2.4 करोड़ से ज्यादा है। मुख्य रूप से साठ वर्ष से अधिक उम्र के लोग इसकी चपेट में आते हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वर्ष 2036 तक भारत में यह संख्या बढ़कर लगभग 1.69 करोड़ हो सकती है। यह समस्या पुरुषों की तुलना में महिलाओं में और शहरी इलाकों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक देखी गई है। यह बीमारी भले ही मस्तिष्क और स्मरण शक्ति से जुड़ी है, लेकिन इसका कारण हड्डियों का कमजोर होना है। आज के दौर में शारीरिक गतिविधियों पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है, जिससे हड्डियों की सेहत भी कमजोर पड़ने लगी है। इसके परिणामस्वरूप लोगों को चलने-फिरने में दिक्कत के साथ मनोभ्रंश की समस्या भी घेरने लगी है।

मानव शरीर की हड्डियों और दिमाग की सेहत के बीच का संबंध शारीरिक सुरक्षा से कहीं ज्यादा गहरा है। इसका संकेत 1800 के दशक में तब मिला, जब फ्रांसीसी पैथोलाजिस्ट जीन-मार्टिन चारकोट ने 'टेब्स डार्सेलिसनाम' की बीमारी वाले मरीजों के बारे में बताया था। इन मरीजों की हड्डियों के जोड़ कमजोर हो रहे थे, क्योंकि वहां मौजूद मुलायम ऊतक खराब हो रहे थे। चारकोट का मानना था कि इसकी वजह सामान्य हड्डियों की बीमारी नहीं, बल्कि मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को पहुंचा नुकसान था। चारकोट को मस्तिष्क की रक्त वाहिकाओं के तंत्र की व्याख्या करने का श्रेय भी दिया जाता है। हालांकि, बाद में न्यूयार्क के कोलंबिया विश्वविद्यालय में मेडिसिन एवं बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर डा जेरार्ड कार्सेंटी ने हड्डियों में बनने वाले हार्मोन 'आस्टियोकैल्सिन' और शारीरिक कार्यों में इसकी भूमिका के बारे में बेहतर समझ विकसित की थी। यह हार्मोन 'आस्टियोब्लास्ट' से बनता है, जो हड्डी बनाने वाली कोशिकाएं होती हैं। यह हड्डी से खून में मिल जाता है और रक्त शर्करा को व्यवस्थित करने तथा 'टेस्टोस्टेरोन' और 'स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल' को विनियमित करने में मदद करता है, जो व्यायाम के दौरान मांसपेशियों के काम करने के लिए जरूरी होता है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, 'आस्टियोकैल्सिन' हार्मोन चिंता एवं अवसाद को कम करता है और हमें किसी बात को याद रखने में मदद करता है। यह हार्मोन बच्चे के पैदा होने से पहले ही उसके दिमाग को विकसित करना शुरू कर देता है। यह मां के शरीर में बनता है और गर्भनाल के जरिए विकसित हो रहे भ्रूण तक पहुंचता है। प्रयोगशाला में किए गए परीक्षणों से पता चलता है कि बुजुर्ग इंसानों की तरह बूढ़े चूहों को भी याददाश्त की समस्या होती है। परीक्षण के दौरान अठारह माह के एक चूहे को दोबारा पानी के टैंक में छोड़ दिया गया। चूहों की उम्र के हिसाब से उसे बूढ़ा कहा जा सकता है। वह पानी के नीचे एक ढांचे को ढूंढ़ने की कोशिश करता है, जिस पर वह चढ़ सके, लेकिन उसे याद नहीं आता कि वह कहां है। इसी तरह के टैंक में डाले



गए एक अन्य युवा चूहे को उस ढांचे को तलाशने में कोई दिक्कत नहीं होती, जिसका इस्तेमाल उसने एक दिन पहले किया था। वैज्ञानिक बूढ़े चूहे को 'आस्टियोकैल्सिन' की एक खुराक देते हैं, जिससे उसकी याददाश्त बेहतर हो जाती है और वह उस ढांचे को ढूंढ़ लेता है।

> **जब हड्डियां कमजोर हो जाती हैं, तो हल्की चोट लगने पर भी उनके टूटने का खतरा रहता है। ऐसे में अगर सोचने-समझने एवं सुनने की क्षमता को बनाए रखना है और हड्डियों को टूटने से बचाना है, तो उनके स्वास्थ्य पर ध्यान देना होगा। हड्डियों और दिमाग के बीच के परस्पर संबंधों को मजबूत रखने का सबसे असरदार और आसान तरीका है, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना। देश में मनोभ्रंश के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए सरकारी स्तर पर भी व्यापक प्रयास किए जाने की जरूरत है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर विशेष कार्यक्रम और अभियान शुरू करने होंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में हड्डी एवं मानसिक स्वास्थ्य इकाइयां स्थापित करनी होंगी और प्रभावी इलाज के लिए अनुसंधान केंद्र स्थापित करने होंगे।**

वैज्ञानिकों ने एक और बात जानी कि चूहे में लगभग नौ माह की उम्र में तथा महिलाओं में तीस साल और पुरुषों में पचास साल की उम्र से पहले 'आस्टियोकैल्सिन' का स्तर तेजी से कम होने लगता है। हालांकि, जब शरीर पर व्यायाम या अन्य तरह की गतिविधि से दबाव पड़ता है, तो इस हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। शारीरिक गतिविधि के बिना हड्डियों का घनत्व कम हो जाता है और इस हार्मोन का बनना भी कम हो जाता है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि ज्यादा उम्र की महिलाओं में बारह हफ्तों तक सप्ताह में तीन बार एक घंटे का व्यायाम करने से 'आस्टियोकैल्सिन' के स्तर और हड्डियों के घनत्व में बढ़ोतरी होती है। उदाहरण के लिए वजन उठाने की गतिविधि, दौड़ना, नृत्य करना या तेज चलना इस हार्मोन के स्तर को बढ़ा देता है। इसके अलावा विटामिन-डी और के-2 वाला अच्छा खान-पान भी इसका एक अहम हिस्सा है।

बढ़ती उम्र के साथ सुनने की क्षमता कम हो जाना एक और गंभीर समस्या है। अमेरिका में 1,44,000 महिलाओं पर किए गए एक अध्ययन में 'आस्टियोपोरोसिस' (हड्डियों का घनत्व कम होना) और सुनने की क्षमता कम होने के बीच संबंध पाया गया है। कान के बीच के हिस्से में मौजूद छोटी-छोटी हड्डियां (मेलियस, इनकस और स्टेप्स) आवाज को आगे पहुंचाने में मदद करती हैं। अगर हड्डियों के कमजोर होने या टूटने से इन्हें नुकसान पहुंचता है, तो सुनने की क्षमता कम हो सकती है। मगर यह ऐसा जोखिम है, जिसे ठीक किया जा सकता है। बहरहाल, मुख्य बात यह है कि हम अपनी हड्डियों की सेहत को उतनी गंभीरता से नहीं लेते, जितनी जरूरत होती है। जबकि हड्डियां शरीर के कई ऐसे जरूरी कार्यों को नियंत्रित करती हैं, जिनकी गति उम्र बढ़ने के साथ धीमी होने लगती हैं। इसलिए उम्र बढ़ने के साथ-साथ हड्डियों की सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

जब हड्डियां कमजोर हो जाती हैं, तो हल्की चोट लगने पर भी उनके टूटने का खतरा रहता है। ऐसे में अगर सोचने-समझने एवं सुनने की क्षमता को बनाए रखना है और हड्डियों को टूटने से बचाना है, तो उनके स्वास्थ्य पर गंभीरता से ध्यान देना होगा। हड्डियों और दिमाग के बीच के परस्पर संबंधों को मजबूत बनाए रखने का सबसे असरदार और आसान तरीका है, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना। आज हालत यह है कि पैसा और तकनीकी सुविधाएं बढ़ने के साथ लोगों ने खुद के कार्यों को घरेलू सहायकों के हवाले कर दिया है। यदि व्यक्ति झाड़ू-पोंछा, साफ-सफाई और भोजन बनाने जैसे घरेलू कार्यों को खुद करे, तो शरीर का अच्छा व्यायाम हो सकता है। यानी न तो जिम जाने की जरूरत पड़ेगी और न ही शारीरिक गतिविधियों के लिए पैसा खर्च करना पड़ेगा। देश में मनोभ्रंश के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए सरकारी स्तर पर भी व्यापक प्रयास किए जाने की जरूरत है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर विशेष कार्यक्रम और अभियान शुरू करने होंगे। जिला स्तर पर 'मेमोरी क्लीनिक' खोलने होंगे और यहां पर देखभाल करने वालों को आर्थिक एवं सामाजिक सहायता देनी होगी। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में हड्डी एवं मानसिक स्वास्थ्य इकाइयां स्थापित करना भी समय की जरूरत है। मनोभ्रंश को आधिकारिक तौर पर बुजुर्गों की दिव्यांगता के रूप में अधिसूचित करने की जरूरत है। देश में बढ़ती आबादी के अनुरूप प्रभावी इलाज और रोकथाम के लिए अनुसंधान केंद्र स्थापित करना भी आवश्यक है। मगर इससे पहले देश में मनोभ्रंश प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना जरूरी है।

## दुनिया मेरे आगे

# शिक्षण का दायरा

**निधि गोयल**

आजकल कुछ ऐसा दौर चल पड़ा है, जिसमें बच्चों की प्रतिभा माता-पिता को सिर्फ उनकी पढ़ाई में ही दिखती है और अन्य गतिविधियों में उन्हें लगता है कि समय खराब हो रहा है। ऐसी सोच हमारे बच्चे के भविष्य के साथ ही जीवन को सही तरीके से जीने पर भी प्रभाव डाल सकती है। सच यह है कि केवल किताबों तक सीमित रहने पर बच्चे का संपूर्ण विकास नहीं हो पाता है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल, नृत्य, संगीत, चित्रकारी, योग और अन्य रचनात्मक गतिविधियां भी बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने में अहम भूमिका निभाती हैं।

अक्सर देखने में आता है कि बच्चा पढ़ाई के अलावा जब अन्य गतिविधियों में शामिल होता है, तभी उसकी छिपी प्रतिभा बाहर निकलती है। कुछ बच्चे पढ़ाई में औसत होते हैं, लेकिन खेल, कला, संगीत या किसी अन्य क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हैं। उनकी क्षमता तभी सामने आती है, जब उन्हें तयशुदा ढांचे की पढ़ाई से बाहर निकाला जाता है या उन्हें निकलने का मौका मिलता है। सच यह है कि हर बच्चे की अलग रुचि होती है और अगर उसमें खुद को अभिव्यक्त करने का मौका मिला, तो उसके अनुसार उन्हें कुछ नया सीखने को मिलता है। अपनी रुचि की गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों के भीतर आत्मविश्वास बढ़ता है। जबकि सिर्फ घर में बैठ कर बच्चा पढ़ता रहता है, तो उसका हौसला और आत्मविश्वास कई बार डगमगाने लगता है। वहीं इससे इतर कुछ और सीखने का मौका मिलता है, तो इससे उसके मन में विश्वास पैदा होता है कि वह किसी से कम नहीं है। जब हम कुछ सीखते हैं, तो हमारी कल्पनाशक्ति और रचनात्मक सोच में इजाफा होता है। जैसे हम चित्रकारी, संगीत, लेखन आदि सीखते हैं, तो हमारा दिमाग अलग तरह से काम करता है। हम पढ़ाई से हटकर कुछ नया सीखते हैं और उस पर काम करते हैं। साथ ही समस्या को अलग नजरिए से देखना और उसका समाधान खोजना सीखते हैं।

आज एकल परिवार का चलन है, जिसमें आमतौर पर एक या दो बच्चे ही घर में होते हैं। ऐसे में बच्चों को अकेले रहने की आदत इस कदर हो जाती है कि वे किसी के साथ कुछ भी साझा करने से कतराते हैं। उन्हें किसी से मिलना-जुलना, हंसना-बोलना अच्छा नहीं लगता है। उनके लिए घर से स्कूल या कालेज- बस यही रह जाता है। जबकि उन्हें अन्य गतिविधियों में जरूर भेजने की कोशिश होनी चाहिए। इससे बच्चे को समूह मे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। साथ ही वे दूसरों की बात सुनना, अपनी जिम्मेदारी निभाना और जीत-हार को स्वीकार करना सीखते हैं। आजकल बड़ी संख्या में बच्चे भी अवसाद के शिकार हो रहे हैं, तो उनका तनाव कम करना भी हमारी जिम्मेदारी है। खेलकूद और मनोरंजक गतिविधियां उनके तनाव को कम करती हैं और उन्हें मानसिक रूप से तरोताजा रखने में मदद करती हैं।

आज बच्चों में यह प्रवृत्ति बढ़ती देखी जा रही है कि वे न तो भावनाओं की कदर कर पाते है और न ही अपने विचारों को सही से व्यक्त कर पाते हैं। वहीं संगीत, चित्रकारी, नृत्य और लेखन जैसी गतिविधियां बच्चों को अपनी भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने का एक बेहतर माध्यम देती हैं। इससे वे अपनी भावनाओं को समझने और उन्हें सही तरीके से व्यक्त करने की कला सीख सकते हैं। बहस, नाटक, कहानी सुनाने और सामूहिक चर्चा जैसी गतिविधियों में हिस्सा लेने से बच्चों की बोलने और अपनी बात को सही तरीके से रखने की क्षमता बेहतर होती है। बच्चे अक्सर घर और स्कूल के बीच रोजाना एक ही तरह के लोगों से मिलने के कारण किसी अन्य नए व्यक्ति के सामने संकोच करते हैं। जबकि रचनात्मक गतिविधियों से वे खुल पाते हैं और अपना दृष्टिकोण रखने की क्षमता हासिल करते हैं।

दरअसल, कोई भी गतिविधि सीखते हुए उसमें नियमित तौर पर अभ्यास करवाया जाता है, जिससे यह जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है कि उसे सही तरह से सीखना है और अनुशासन में रहकर ही करना है। अन्य बच्चों के साथ मिलकर गतिविधियों में हिस्सा लेने से बच्चे दोस्त बनाना, बातचीत करना और अलग-अलग स्वभाव के लोगों के साथ तालमेल बैठाना सीखते हैं। ये कौशल आगे चलकर उनके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में भी काम आते हैं। मगर देखा जाता है कि कई माता-पिता अपने बच्चों को गतिविधियों में शामिल कराने के मामले में भी अपनी मनमानी करते हैं और गतिविधि को संपूर्ण बनाने की कोशिश में लग जाते हैं। जबकि संपूर्णता जैसी कोई चीज नहीं होती। कोई भी व्यक्ति हमेशा नई चीजें सीखता रह सकता है। इसलिए जरूरी है कि बच्चों को अपनी रुचि को समझने दिया जाए और उन्हें वही गतिविधि चुनने दिया जाए, जिसमें उन्हें खुशी मिलती है।

> **पढ़ाई बच्चों को ज्ञान देती है, लेकिन किताबों से बाहर की दुनिया उन्हें आत्मविश्वास, रचनात्मकता, अनुशासन, सामूहिकताबोध और जीवन के जरूरी सबक सिखाती है। इसलिए बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए पढ़ाई और अन्य गतिविधियों के बीच संतुलन बनाना जरूरी है।**

खेल या पढ़ाई के अलावा अन्य किसी गतिविधि को सीखने का उद्देश्य सिर्फ पुरस्कार या प्रतियोगिता जीतना नहीं, बल्कि बच्चे के व्यक्तित्व के विकास में मदद करना है। आजकल जिस तरह छोटी उम्र में आगे निकलने की चाह में कुछ बच्चे अपना जीवन खत्म कर रहे हैं, ऐसी बातों को उनके मन में विकसित न होने दिया जाए। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पढ़ाई और अन्य गतिविधियां उनके लिए बोझ न बन जाए। उन्हें अपने जीवन को सरल बनाना है, न कि इतना मुश्किल कि वे उससे हार मान जाएं। पढ़ाई तो जरूरी है, लेकिन अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेने पर उनका दिमाग आराम महसूस करता है। सच यह है कि पढ़ाई बच्चों को ज्ञान देती है, लेकिन किताबों से बाहर की दुनिया उन्हें आत्मविश्वास, रचनात्मकता, अनुशासन, सामूहिकताबोध और जीवन के जरूरी सबक सिखाती है। इसलिए बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए पढ़ाई और अन्य गतिविधियों के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है।

## चौपाल

### कड़वी होती चीनी

पेट्रोल में बीस फीसद एथेनाल मिश्रण की पहल से खाद्य महंगाई के साथ देश में चीनी की किल्लत बढ़ गई है। यह गंभीर स्थिति है। थोक और खुदरा चीनी की कीमतों में भारी उछाल आया, तो सरकार को त्योहारों से पहले कीमतों को स्थिर करने के लिए निर्यात रोकना पड़ा और कच्ची चीनी के आयात की अनुमति देनी पड़ी। आलोचकों और विपक्षी नेताओं ने सवाल उठाए हैं। मगर सरकार पर कोई असर नहीं पड़ा है। तेल पर बचत के लिए विदेशी मुद्रा का व्यापार करना और फिर संभावित रूप से उसी पैसे को चीनी आयात पर खर्च करना, यह कौन सी बुद्धिमानी हुई? एथेनाल बनाने के लिए गन्ने का इस्तेमाल हुआ। नतीजा चीनी का उत्पादन कम होने लगा। अठारह अगस्त तक देश में चीनी की औसत खुदरा कीमत 50 से 55 रुपए प्रति किलो थी, जो एक साल पहले 45 रुपए प्रति किलो थी। यानी सालाना करीब 13 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। फिलहाल चीनी का दाम लगातार बढ़ रहा है। इसका असर यह होगा कि चीनी से बनने वाली चीजें अब धीरे-धीरे महंगी होती जाएंगी। आखिर इस परिस्थिति के लिए कौन जिम्मेदार है?

*– जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर*

### सजगता ही बचाव

दिल्ली में स्वाइन फ्लू यानी एच1एन1 संक्रमण के मामले बढ़ना चिंता का विषय है। पिछले दिनों एक दिन में सौ से ज्यादा नए मामले आए। संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बीते वर्ष इसी अवधि में 229 मामले दर्ज हुए थे। यानी इस वर्ष संक्रमण के मामले करीब सात-आठ गुना अधिक बताए जा रहे हैं। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि संक्रमण को केवल मौसमी बीमारी मान कर नजरअंदाज करना उचित नहीं होगा। बुजुर्ग, छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं तथा पहले से सांस, हृदय, मधुमेह या अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोग इसके प्रभाव की अधिक जोखिम वाली श्रेणी में आ सकते हैं। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अस्पतालों में जांच की व्यवस्था को मजबूत करे। संक्रमण की निगरानी, जोखिम वाले लोगों की सुरक्षा, अस्पतालों में संक्रमण नियंत्रण इन सभी को एक साथ लागू करना होगा। नागरिकों को भी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। सजगता ही बचाव है।

*– वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली*

### हादसों की जड़

बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं गंभीर समस्या बन गई हैं। देश में प्रतिवर्ष पांच लाख दुर्घटनाएं होती हैं। इनमें मरने वालों की संख्या का बढ़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। खराब सड़कों, निर्माण में गलत बनावट और गड्ढों की वजह से रोज लोगों की जान जा रही है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? इसके लिए संबंधित निर्माण एजंसियों से जवाब-तलब किया जाना चाहिए। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा विभाग की कमियों को स्वीकारना और अफसरों तथा ठेकेदारों को जिम्मेदार ठहरना पर्याप्त नहीं है। घटिया निर्माण के लिए न सिर्फ अफसरों की लापरवाही जिम्मेदार है, बल्कि लगभग सभी संबंधित कर्मचारियों की भी जांच होनी चाहिए। देखा गया है कि कमीशन नहीं देने पर बिल पास नहीं होता है। इसे बंद करने के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। घटिया निर्माण के विरुद्ध जन जागरूकता की भी आवश्यकता है, तभी सरकार इस मसले को गंभीरता से लेगी।

*– हिमांशु शेखर, गयाजी*

### महंगाई की आग

अमेरिका-ईरान युद्ध का असर अब दिखने लगा है। महंगाई दिनों-दिन बढ़ रही है। आसमान छूते भाव से लोग मुश्किल में हैं। चीनी महंगी हो रही है। प्याज का दाम भी बढ़ते हुए 60 से 70 रुपए किलो तक जा पहुंचा है। आखिर इतनी महंगाई में नागरिक कैसे पर्व-त्योहार मना पाएंगे। पेट्रोल-डीजल के बाद चीनी और प्याज का महंगा होना गंभीर बात है। मगर इसी के साथ जीवन उपयोगी अन्य सामग्री भी महंगी होती चली गई, तो आम आदमी का जीना मुश्किल हो जाएगा। सरकार को इस महंगाई को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाना चाहिए। कुछ कारगर रणनीति बनानी होगी। आवश्यक चीजों के आसमान छूते भाव उन लोगों को बेहद चुभ रहे हैं जिनकी आय कम या सीमित है। अफसोस की बात है कि जिस रफ्तार से महंगाई बढ़ रही है, उसी गति से लोगों की आय नहीं बढ़ रही है। रोजगार के नए अवसर भी सामने नहीं आ रहे।

*– योगेश जोशी, बड़वाह*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## उभरते क्षेत्रों का लाभ उठाकर 2047 तक 55 लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति वी सुब्रमण्यम ने कहा कि भारत कृत्रिम मेधा (एआइ) में युवा आबादी की क्षमता का लाभ उठाकर और उभरते प्रमुख क्षेत्रों में अपना दबदबा कायम करके 2047 तक 55 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। सुब्रमण्यम ने 'इंडिया 2047 लीडर्स टाक' को संबोधित करते हुए कहा कि लगातार आठ फीसद की वास्तविक जीडीपी वृद्धि, रणनीतिक रूप से पूंजी के इस्तेमाल के साथ मिलकर, भारत की अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में लगातार मूल्य सृजित करने की क्षमता को खोलेगी। उन्होंने उच्च गुणवत्ता वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने, वैश्विक मूल्य के साथ एकीकरण के तहत विश्वस्तरीय इलेक्ट्रानिक्स एवं औद्योगिक विनिर्माण का विस्तार करने तथा एआइ और उभरती क्षमताओं में दक्ष अत्यधिक कुशल युवा प्रतिभाओं का समूह तैयार करने के बीच महत्वपूर्ण संबंध का उल्लेख किया। (ए)

# एच1एन1 से सबसे अधिक खतरा बच्चों व बुजुर्गों को

जनसत्ता ब्यूरो

दिल्ली में एच1एन1 के बढ़ते मामलों के बीच चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा है कि बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से किसी बीमारी से पीड़ित लोगों में गंभीर संक्रमण का खतरा अधिक रहता है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में इस साल अब तक इन्फ्लुएंजा-ए के 2,300 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। इनमें शुक्रवार तक एच1एन1 के 1,777 से अधिक मामले शामिल हैं। अकेले गुरुवार को एच1एन1 के 114 मामले दर्ज किए गए थे।

वरिष्ठ चिकित्सक डा भरत गोपाल ने कहा कि एच1एन1 के बढ़ते मामलों ने संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। उन्होंने बताया कि मौसमी इन्फ्लुएंजा के टीकाकरण को लेकर लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है। सर गंगाराम अस्पताल के चिकित्सक डा बिभु आनंद ने कहा कि स्वाइन फ्लू की जांच लगभग सभी अस्पतालों और जांच केंद्रों में आसानी से उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में यह जांच लगभग न के बराबर खर्च में उपलब्ध है। एच1एन1 के बढ़ते मामलों का असर दिल्ली-एनसीआर के अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या पर भी दिखाई दे रहा है। पिछले एक सप्ताह में मरीजों की संख्या में करीब पांच से छह की बढ़ोतरी हुई है, जो 22 से 25 फीसद की वृद्धि के बराबर है।

चिकित्सकों के अनुसार, एच1एन1 के सामान्य लक्षणों में बुखार, खांसी, गले में खराश, सिरदर्द, शरीर में दर्द, ठंड लगना, थकान, नाक बहना और नाक बंद होना शामिल हैं। कुछ मरीजों, विशेषकर बच्चों में मतली, उल्टी या दस्त की शिकायत भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि बिना जटिलता वाले इन्फ्लुएंजा के ज्यादातर मरीजों का उपचार अस्पताल में भर्ती किए बिना किया जा सकता है। आमतौर पर निमोनिया, सांस लेने में परेशानी, रक्त में आक्सीजन का स्तर कम होने, लगातार तेज बुखार रहने या पहले से मौजूद बीमारी के बिगड़ने की स्थिति में अस्पताल में भर्ती करने पर विचार किया जाता है। चिकित्सकों ने सलाह दी कि सांस लेने में बहुत ज्यादा परेशानी, लगातार सीने में दर्द, आक्सीजन का स्तर 94 फीसद से कम होना, भ्रम की स्थिति, होंठ या उंगलियों का नीला पड़ना अथवा शुरुआती सुधार के बाद दोबारा बुखार आने जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए। उन्होंने लोगों को हाथों और श्वसन तंत्र की स्वच्छता बनाए रखने, भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनने की सलाह दी।




**सामान्य** लक्षणों में बुखार, खांसी, गले में खराश, सिरदर्द, शरीर में दर्द, ठंड लगना, थकान, नाक बहना और नाक बंद होना शामिल हैं। कुछ मरीजों, विशेषकर बच्चों में मतली, उल्टी या दस्त की शिकायत भी हो सकती है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत की ई-भुगतान प्रणाली में बड़ा बदलाव आया

# यूपीआइ दस वर्ष : लेनदेन में डिजिटल हिस्सेदारी बढ़ कर 87 फीसद हुई

जनसत्ता ब्यूरो

डिजिटल भुगतान प्रणाली 'एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआइ)' को मंगलवार 25 अगस्त को दस वर्ष पूरे हो गए। इस कालखंड में यूपीआइ एक भरोसेमंद और प्रमुख माध्यम बनकर उभरा। भारत में कुल लेनदेन मात्रा में यूपीआइ की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2026-27 की जून तिमाही में बढ़कर 86.8 फीसद हो गई, जो 2022-23 में 73.6 फीसद थी।

यूपीआइ को 25 अगस्त 2016 को रिजर्व बैंक आफ इंडिया (आरबीआइ) की देखरेख में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआइ) ने लांच किया था। तब से देश में डिजिटल लेनदेन दस फीसद से भी कम होते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीआइ के एक दशक पूरा होने पर इसे भारत की डिजिटल भुगतान यात्रा में बड़ा बदलाव लाने का माध्यम करार दिया। यूपीआइ का 11 देशों तक नेटवर्क पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर लिखा कि एक दशक पहले यूपीआइ की शुरुआत हुई थी, जिसने भारत की डिजिटल भुगतान यात्रा में बड़ा बदलाव लाया। लोगों से यूपीआइ के साथ अपने अनुभव और इससे उनके जीवन पर पड़े प्रभाव को साझा करने को भी कहा। यूपीआइ ने एक दशक के परिचालन में देश में व्यापक पहुंच एवं तेज गति हासिल की है।

वार्षिक लेनदेन की संख्या 2016-17 में 1.78 करोड़ से बढ़कर 2025-26 में 24,162 करोड़ से अधिक हो गई। यह लेनदेन की संख्या में करीब 13,000 गुना वृद्धि दर्शाता है। इसी अवधि में लेनदेन का मूल्य 2016-17 में 0.07 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2025-26 में करीब 314 लाख करोड़ रुपए हो गया। यानी लेनदेन के मूल्य में 4,000 गुना से अधिक वृद्धि दर्ज हुई। वर्ष 2025-26 में यूपीआइ लेनदेन की मात्रा में सालाना वृद्धि 30 फीसद, जबकि लेनदेन मूल्य में 21 फीसद रही। वर्ष 2026 में यूपीआइ के माध्यम से प्रतिदिन औसतन करीब 66 करोड़ लेनदेन हो रहे हैं। जुलाई 2026 में यूपीआइ ने अपने इतिहास में सबसे अधिक मासिक लेनदेन दर्ज किए। इस महीने 2,366 करोड़ लेनदेन हुए, जिनका कुल मूल्य करीब 29.88 लाख करोड़ रुपए रहा।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने लेनदेन की मात्रा के आधार पर यूपीआइ को दुनिया की सबसे बड़ी रियल-टाइम भुगतान प्रणाली के रूप में मान्यता दी है। यूपीआइ के साथ जुड़े बैंकों की संख्या में भी पिछले एक दशक में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2016-17 में यूपीआइ पर 44 बैंक लाइव थे, जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 703 बैंक हो गए। जुलाई 2026 तक यूपीआइ पर लाइव बैंकों की संख्या 741 हो चुकी थी। वहीं, अप्रैल 2016 में यूपीआइ लांच के समय 21 बैंक इससे जुड़े थे। वर्ष 2025 में दुनिया के रियल-टाइम भुगतान लेनदेन की मात्रा में यूपीआइ की हिस्सेदारी करीब 49 फीसद रही।

इसके साथ भारत तत्काल, सुरक्षित और समावेशी डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की स्थिति में पहुंच गया है। यूपीआइ अब 11 देशों में संचालित है। इनमें संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, भूटान, श्रीलंका, नेपाल, सिंगापुर, मारीशस, कतर, कंबोडिया, ग्रीस और मालदीव शामिल हैं। यूपीआइ का अगला दशक भारत के डिजिटल भुगतान तंत्र में और बड़े बदलाव ला सकता है। जोखिम विश्लेषण और परामर्श कंपनी केयरएज एनालिटिक्स एंड एडवाइजरी ने मंगलवार को कहा कि यूपीआइ के विस्तार के साथ अब इस प्रणाली की दीर्घकालिक स्थिरता पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसके लिए अधिक मूल्य वाले कुछ व्यापारिक लेनदेन पर लक्षित मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने जैसे प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। इस महीने की शुरुआत में संसद ने भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 में संशोधन पारित किए थे, जिससे सरकार को यूपीआइ लेनदेन पर शून्य एमडीआर व्यवस्था में बदलाव करने का अधिकार मिल गया है।



**यूपीआइ** का 11 देशों तक नेटवर्क पहुंचा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने लेनदेन की मात्रा के आधार पर यूपीआइ को दुनिया की सबसे बड़ी रियल-टाइम भुगतान प्रणाली के रूप में मान्यता दी है।

# प्रजनन विकार के बढ़ने में गर्भाशय की अनियंत्रित कोशिकाओं की मिली भूमिका

राकेश शर्मा

महिलाओं में होने वाली एंडोमेट्रियोसिस (प्रजनन विकार) रोग के विकास और उसके बढ़ने के पीछे गर्भाशय की स्टेम सेल (अनियंत्रित कोशिकाएं) और प्रोजेनिटर कोशिकाओं की संभावित भूमिका का पता चला है।

इस पुरानी बीमारी के उपचार का विकल्प तलाशने के लिए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के राष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य अनुसंधान (एनआइआरडब्ल्यूओएच) ने एक अध्ययन किया। इसमें उक्त तथ्य सामने आए। डाक्टरों के अनुसार इस रोग में गर्भाशय के अंदर की परत (एंडोमेट्रियम) जैसा ऊतक गर्भाशय के बाहर अंडाशय या फैलोपियन ट्यूब सहित अन्य अंगों पर बढ़ने लगता है। इस कारण महिलाओं को पेट में दर्द, मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएं व प्रजनन संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। प्रोजेनिटर कोशिकाएं ऐसी जैविक कोशिकाएं होती हैं जो शरीर के भीतर केवल एक खास या निश्चित प्रकार की परिपक्वकोशिका में ही बदल सकती हैं। अध्ययन के अनुसार एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित महिलाओं के गर्भाशय के अंदरूनी हिस्से और गर्भाशय के बाहर बने एंडोमेट्रियोसिस घावों में इन कोशिकाओं की संख्या और विशेषताओं में अंतर होता है। इस अध्ययन में एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित 72 महिलाओं और बीमारी से ठीक हुई 24 महिलाओं के नमूनों का विश्लेषण किया गया।

शोधकर्ताओं ने एंडोमेट्रियोसिस के घावों तथा उसी महिला के गर्भाशय के अंदरूनी हिस्से (यूटोपिक एंडोमेट्रियम) से प्राप्त स्टेम कोशिकाओं की संख्या और उनकी कार्यात्मक विशेषताओं की तुलना की। इस विश्लेषण में पाया गया कि एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित महिलाओं के यूटोपिक एंडोमेट्रियम में एसयूएसडी2 (मानव जीन) एंडोमेट्रियल मेसेनकाइमल स्टेम कोशिकाओं की संख्या बीमारी से मुक्त महिलाओं की तुलना में काफी अधिक थी। इन स्टेम कोशिकाओं की पहचान के लिए सीडी73, सीडी90, सीडी105 और एचएलए-एबीसी जैसे पारंपरिक स्टेम सेल संकेतकों का इस्तेमाल किया गया। यूटोपिक एंडोमेट्रियम में इन कोशिकाओं में 80 फीसद से अधिक में इन संकेतकों की मौजूदगी मिली। इसके विपरीत, गर्भाशय के बाहर मौजूद एंडोमेट्रियोसिस घावों में इन संकेतकों की अभिव्यक्ति अलग-अलग स्तर पर पाई गई। अध्ययन में घाव भरने की जांच के माध्यम से स्टेम कोशिकाओं की प्रवास क्षमता का भी परीक्षण किया गया। शोधकर्ताओं के अनुसार, कोशिकाओं की यह बढ़ी हुई प्रवास क्षमता इस बात का संकेत हो सकती है कि एंडोमेट्रियोसिस के घावों में मौजूद विशेष कोशिकीय वातावरण बीमारी के विकास और फैलाव में भूमिका बना सकता है।

वहीं, गर्भाशय के बाहर मौजूद घावों में साइड-पापुलेशन कोशिकाओं की संख्या यूटोपिक एंडोमेट्रियम की तुलना में काफी अधिक थी। शोधकर्ताओं का कहना है कि अध्ययन की मदद से एंडोमेट्रियोसिस में एंडोमेट्रियल स्टेम और प्रोजेनिटर कोशिकाओं की अलग-अलग आबादी की मौजूदगी को स्पष्ट करते हैं।

**उपचार** का विकल्प तलाशने के लिए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य अनुसंधान ने एक अध्ययन किया। रोग के कारण महिलाओं को हो सकती है दर्द, मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएं।

**अध्ययन** के अनुसार, एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित महिलाओं के गर्भाशय के अंदरूनी हिस्से और गर्भाशय के बाहर बने एंडोमेट्रियोसिस घावों में इन कोशिकाओं की संख्या और विशेषताओं में अंतर होता है।

## मुसीबत




वाराणसी में भारी बारिश के बाद हुए जलभराव में मरीज को अस्पताल ले जाता तीमारदार।

# देशभर में एससी-एसटी के लिए बढ़ेगी विशेष पुलिस स्टेशनों की संख्या

पंकज रोहिला

तीन दशक बीत जाने के बाद भी देश में केवल सात ही केंद्र शासित प्रदेश व राज्य हैं ऐसे हैं, जहां पर अनुसूचित जाति व जनजाति (एससी- एसटी) के लोगों के लिए विशेष पुलिस स्टेशन तैयार किए गए हैं। अब देश के अन्य राज्यों में भी यह व्यवस्था लागू होगी। केंद्र व राज्य सरकारें मिलकर यह काम करेंगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने वित्तीय मामलों की समिति को भी यह प्रस्ताव भेजा गया है। हाल ही में केंद्र सरकार ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2026 27 से 2030-31 के बीच देश भर में ऐसे विशेष स्टेशन तैयार करने की दिशा में काम किया जाएगा। यह रिपोर्ट संसदीय समिति ने हाल ही में संसद में पेश की है। रिपोर्ट में संसदीय समिति ने देश में कम विशेष पुलिस स्टेशनों की संख्या पर नाराजगी जाहिर की और देश में इन स्टेशन की संख्या बढ़ाने के लिए कहा है। समिति ने चिंता जताई है कि अत्याचार निवारण अधिनियम लागू होने तीन दशक बाद भी केवल सात ही केंद्र शासित प्रदेशों और राज्यों में विशेष पुलिस स्टेशन की व्यवस्था है। सरकार की रिपोर्ट में सामने आया है कि इन स्टेशनों की संख्या 181 है। समिति ने नए केंद्र की व्यवस्था के लिए सरकार ने तत्काल अनुमोदन की सिफारिश की है।

समिति का दावा है कि इससे अनुसूचित जातियों के लाभ के लिए अधिनियम में जितने पुलिस स्टेशन स्थापित करने के लिए अनुमोदन किया गया है, उतने स्टेशन की व्यवस्था की जा सकेगी। मंत्रालय के मुताबिक एससी- एसटी (अत्याचार निवारण) नियम 1995 के नियम आठ के तहत विशेष पुलिस स्टेशन का प्रावधान किया गया है। इसके लिए वित्त वर्ष 2026 - 27 से 2030-31 के लिए प्रस्तावित वित्त व्यय समिति (ईएफसी) में थानों की स्थापना के लिए पांच लाख रुपए की धनराशि का प्रावधान किया गया है। जिसमें केंद्र व राज्य सरकारों और विधानमंडल वाले संघ राज्यों के बीच यह लागत साझा की जाएगी। इसके अतिरिक्त इस वर्ग के लिए विशेष न्यायालय बनाने का भी प्रावधान होगा ताकि इन मामलों की तेजी से सुनवाई कर उनका निपटारा किया जा सके। समिति ने स्पष्ट कहा है कि ऐसे पुलिस स्टेशन बनाना जरूरी है क्योंकि किसी भी प्रकार के अत्याचार के मामले में सबसे पहले पुलिस स्टेशन ही जाते हैं। यह माना जाता है कि पुलिस स्टेशन ऐसी स्थितियों को ज्यादा असरदार तरीके से संभाल पाएंगे। समिति ने इस बात भी चिंता जताई है कि समिति को किसी विशेष न्यायालय बनाने की भी कोई जानकारी नहीं दी गई है। पिछले कुछ सालों में राज्य सरकार के साथ हुई बैठकों का भी मनचाहा नतीजा नहीं निकला है। इस मामले में संबंधित मंत्रालय की ओर से एक प्रस्ताव वित्त व्यय समिति को भेजा गया है। समिति ने उम्मीद जताई हे कि विभाग को साल 2026- 27 के लिए निधि की उम्मीद के मुताबिक वृद्धि को शामिल कर लेना चाहिए था ताकि मशीनरी को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाया जा सके। यह रिपोर्ट सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति के सभापति पीसी मोहन की ओर से संसद में पेश की गई है।




**तीन** तीन दशक बाद भी केवल सात प्रदेशों में ही हैं ऐसे स्टेशन। केंद्र व राज्य सरकारें उठाएंगी खर्च, आने वाले पांच सालों में होगा काम।

**समिति** ने नए केंद्र की व्यवस्था के लिए सरकार ने तत्काल अनुमोदन की सिफारिश की है। समिति का दावा है कि इससे अनुसूचित जातियों के लाभ के लिए अधिनियम में जितने पुलिस स्टेशन स्थापित करने के लिए अनुमोदन किया गया है, उतने स्टेशन की व्यवस्था की जा सकेगी।

# स्मार्ट तकनीक से हो सकेगी अल्जाइमर की पहचान

सर्वेश कुमार

विशेषज्ञों ने याददाश्त कम होने वाली बीमारी अल्जाइमर की पहचान के लिए आसान तरीका ढूंढा है। इसके लिए एक स्मार्टफोन एप विकसित किया है, जो अल्जाइमर की गंभीरता को सटीक तौर पर बताने में कारगर साबित हो सकता है। यह बायोमार्कर एमाइलायड-बीटा (एबीटा) का पता लगाकर अल्जाइमर के विभिन्न चरणों की पहचान कर सकता है। सस्ता और आसान तरीका होने की वजह से अल्जाइमर की गंभीरता का पता लगाने में इस तकनीक की अहम भूमिका हो सकती है।

वैज्ञानिकों ने चूहों पर इसका सफल प्रयोग किया है और अलजाइमर मरीजों की पहचान के लिए व्यावसायिक तौर पर अगले कुछ वर्षों में शुरुआत की योजना है। स्मार्टफोन की मदद से एक फ्लोरेसेंस-रिस्पान्सिव अणु को प्रोब के तौर पर इस्तेमाल किया। स्मार्टफोन आधारित मंच के जरिए अल्जाइमर बीमारी (एडी) के बायोमार्कर एमाइलायड-बीटा (ए बीटा) का पता लगाया जाता है। बायोमार्कर एमाइलायड के साथ बीटा के साथ क्रिया करने के लिए टीजेड-48 नाम के छोटे अणुओं में चमकीलेपन में बदलाव के आधार पर इस बीमारी के विभिन्न चरणों का पता लगाया जा सकता है। अल्जाइमर एक मष्तिस्क रोग है जो धीरे-धीरे स्मृति, सोचने की क्षमता और रोजमर्रा के कार्यों को करने के तरीके को नष्ट कर देता है। यह मनोभ्रंश का सबसे आम प्रकार है। इसके मुख्य लक्षण हाल की बातों या घटनाओं को भूल जाना और दैनिक कार्यों में भूलने की वजह से परेशानियां पैदा होना है।



मस्तिष्क में प्रोटीन (एमिलायड और टाऊ) के जमाव के कारण तंत्रिका कोशिकाएं खराब होने लगती हैं, जिसका मस्तिष्क पर असर पड़ता है।

अल्जाइमर मुख्य कारण एमाइलायड-बीटा का गलत तरीके से मुड़ना, एकत्रित होना हे जो खुद फाइब्रिल में इकट्ठा हो जाता है। इसके जमा होने से बीमारी बढ़ने लगी है। नेशनल इंस्टीट्यूट आन एजिंग-अल्जाइमर एसोसिएशन (एनआए-एए) फ्रेमवर्क, ब्रेन, सेरेब्रोस्पाइनल फ्लूइड (सीएसएफ) और रक्त में अल्जाइमर बीमारी की सटीकता से पहचान के लिए ए बीटा, टाऊ और न्यूरोडीजेनरेशन को कोर बायोमार्कर के तौर पर पहचानता है। खास बात यह है कि ए बीटा जांच एक शुरुआती प्रक्रिया है जिसे इस तकनीक की मदद से अधिक भरोसेमंद माना गया है। हालांकि पाजिट्रान एमिशन टोमोग्राफी (पेट) और मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग (एमआरआइ) अधिक खर्चीला होने की वजह से उनका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल नहीं हो पाता है। ए बीटा और टाऊ की मदद से रक्त की जांच के दौरान रक्त के नमूने से निकलने वाली रोशनी की बायोमार्कर से पहचान की जाती है।

# यूपीआई के दस साल

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस, यानी यूपीआई ने एक दशक पूरा कर लिया है और इसकी कामयाबी का लोहा अब पूरी दुनिया मान रही है। दस से भी अधिक देश इस प्रणाली को अपना चुके हैं, जिनमें फ्रांस, सिंगापुर और यूएई जैसे संपन्न देश शामिल हैं। काफी सारे देश अब इसमें गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। यूपीआई आज विश्व की सबसे बड़ी भुगतान पद्धति बन चुकी है। ऐसे में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उचित ही इसे प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय बताया है। यह पड़ाव इस बात की मुनादी करता है कि इस डिजिटल बैंकिंग व्यवस्था में भारतीयों का भरोसा काफी मजबूत हुआ है। इसका अंदाजा सिर्फ इसी आंकड़े से लगाया जा सकता है कि 2016 में जब यूपीआई की शुरुआत हुई थी, तब इससे सालाना 1.78 करोड़ बार लेन-देन हुआ था, आज यह 24,162 करोड़ के आंकड़े को छू रहा है। देश के दूरदराज के इलाकों में भी यह सुविधा इस कदर पैबस्त हो चुकी है कि अब चाय-सब्जी बेचने वाले 'वेंडर' बेधड़क इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। एक दशक में इससे लेन-देन में 13,000 गुने की बढ़ोतरी अपने आप में एक मिसाल है।

निस्संदेह, यूपीआई की शुरुआत से न केवल बैंकों का काम आसान हुआ है, बल्कि इससे आम लोगों को अधिक सहूलियत हुई है। नकदी निकालने के लिए बैंक की शाखाओं में लंबी कतारों में खड़े होने या शिनाख्त की प्रक्रिया से गुजरने से तो उन्हें निजात मिली ही है, दूरदराज में रह रहे अपनों तक धन पहुंचाने के लिए भी अब किसी की चिरौरी करने की जरूरत नहीं रह बची। यही नहीं, इस बात का भी अब खौफ नहीं रहा कि रास्ते में घात लगाए बैठा कोई लुटेरा कहीं उनके रुपये न लूट ले। यूपीआई ने काफी हद तक भ्रष्टाचार पर असर डाला है। कुछ ही माह पहले हुए एक सर्वेक्षण से छोटे कारोबारियों में इसकी लोकप्रियता का खुलासा हुआ था। इसके मुताबिक, लगभग 94 फीसदी छोटे दुकानदारों ने यूपीआई को अपना लिया है। इस सुविधा से खुश कारोबारियों का प्रतिशत भी 72 पाया गया था। जाहिर है, इसी बात ने सरकार को यूपीआई से लेन-देन पर शुल्क वसूलने को प्रेरित किया होगा, मगर भारी विरोध को देखते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संसद के जरिये आम 'यूजर्स' को आश्वस्त करना पड़ा कि उनका भुगतान पूर्व की तरह निःशुल्क रहेगा, भविष्य में कुछ खास श्रेणी के कारोबारी लेन-देन पर ही एमडीआर शुल्क लागू किया जाएगा।

**यूपीआई की शुरुआत से न केवल हमारे बैंकों का काम आसान हुआ है, बल्कि इससे आम लोगों और छोटे कारोबारियों को कहीं अधिक सहूलियत हुई है।**

यूपीआई की सफलता को आधार दिया है, डिजिटल इंडिया प्रोग्राम ने। इस अभियान की बदौलत ही देश में डिजिटल संपर्क का काफी तेजी से विस्तार हुआ। आज लगभग शत-प्रतिशत जिलों में 5जी सुविधा पहुंच चुकी है। नंवबर 2025 तक ही 'ब्रॉडबैंड सब्सक्रिप्शन' 100 करोड़ तक पहुंच गया था, जबकि एक दशक पहले यह सिर्फ 13.15 करोड़ हुआ करता था। भारत और भारतीयों के आर्थिक उन्नयन में डिजिटल भारत अभियान का योगदान मोटे अक्षरों में लिखा जाएगा। हालांकि, कुछ कोने अभी भी ऐसे हैं, जहां इसे लेकर कुछ आशंकाएं हैं और उस पहलुओं पर नीति-नियंताओं को ध्यान देना होगा। कई बार बैंक का सर्वर डाउन होने या अधिक ट्रैफिक होने से भुगतान में बीच में ही रुकावटें आ जाती हैं या भूलवश किसी अन्य नंबर पर पैसे चले गए, तो उनकी वापसी बहुत मुश्किल हो जाती है। इन कमियों को दूर करने की दरकार है, ताकि एक दशक बाद जब भारत यूपीआई के बीस साल का जश्न मनाए, तब ऐसी कोई आशंका जिक्र के लायक न बचे।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 26 अगस्त, 1951

### आशाओं पर तुषारापात

फिर दो बड़ी खेदपूर्ण घटनाओं ने संसार के शांतिप्रिय लोगों की आशाओं पर तुषारापात किया है। संयोग की बात है कि काएसोंग-वार्ता तथा तेहरान-वार्ता प्रायः एक साथ ही भंग हुई हैं। यद्यपि स्टोक्स-मुसादिक बातचीत के बारे में कहा गया है कि वह अभी 'स्थगित' समझी जानी चाहिये किन्तु काएसोंग की युद्धविराम वार्ता के बारे में इस प्रकार की आशा व्यक्त करना कठिन है।

यदि कोरियाई वार्ता में अन्तराल क्षेत्र का प्रश्न हल हो जाता तो संभवतः यह आवेशपूर्ण तथा निराशाजनक स्थिति उत्पन्न न होती। लेकिन जब अन्तराल क्षेत्र का प्रश्न एक उपसमिति को सौंपा गया तो यह आशा होने लगी थी कि कोई हल निकल आयेगा किन्तु उसके बाद ही ये शिकायतें आने लगीं कि काएसोंग क्षेत्र की तटस्थता भंग की जा रही है और वार्ता को 'नष्ट-भ्रष्ट' करने के प्रयत्न किये जा रहे हैं। पहले जनरल नाम इल ने संयुक्त राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के सामने जोरदार विरोध प्रकट करते हुए यह अभियोग लगाया कि काएसोंग के तटस्थ क्षेत्र में दो चीनी फौजी पुलिस कर्मचारी मारे गये और इसके लिए उन्होंने जवाब तलब किया तथा क्षतिपूर्ति की मांग की। और फिर इसके बाद ही एक ऐसा आरोप लगाया कि उसके आधार पर युद्ध-विराम वार्ता बन्द कर दी गई। 23 अगस्त को संयुक्त राष्ट्रीय कमान के प्रधान कार्यालय ने घोषित किया कि 6 सप्ताह से जो युद्ध-विराम वार्ता चल रही थी उसे साम्यवादियों ने अब भंग कर दिया है। लेकिन पेकिंग रेडियो पर जो घोषणा की गई उसमें कहा गया था कि वार्ता फिलहाल 'रोक' दी गई है। साम्यवादियों का आरोप है कि 22 अगस्त की रात को 11 बजे एक संयुक्त राष्ट्रीय विमान ने काएसोंग के तटस्थ क्षेत्र पर भयंकर दाहक बम गिराये। साम्यवादियों की यह शिकायत साधारण नहीं है।

पेंकिंग रेडियो ने कड़ी से कड़ी भाषा का प्रयोग करते हुए कहा है : 'काएसोंग-वार्ता को नष्ट-भ्रष्ट करने के लिए अमरीकी साम्राज्यवादियों ने पहले से ही षड्यंत्र रच रखा था और उपर्युक्त बमवर्षा इसी का अंग है। रेडियो ने इस आक्रमण को 'कपटपूर्ण, निर्मम तथा घोर अत्याचार' बताया है। रेडियो ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्रीय अधिकारियों ने इस भ्रमपूर्ण विचार से कि साम्यवादी निर्बल हो गये हैं, बराबर उत्तेजित करने का प्रयत्न किया है। लेकिन संयुक्त राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने इनका उतनी ही दृढ़ता से खंडन किया है।

# बारिश में बार-बार डूबते और डराते शहर



के के पाण्डेय | नगर प्रबंधन विशेषज्ञ

**विकास कार्यों में जुटी हमारी एजेंसियों और राज्य सरकार के अन्य विभागों में तालमेल का अभाव है। समस्या संसाधन की कमी नहीं, बल्कि समन्वय की कमी है।**

मानसून की विदाई का वक्त आ गया, लेकिन कमजोर मानसून के बावजूद असामान्य बारिश ने समूची शहरी व्यवस्था को पानी-पानी कर दिया है। सोमवार को महज कुछ घंटों की बारिश ने दिल्ली-एनसीआर के कई क्षेत्रों में जलभराव की गंभीर स्थिति पैदा कर दी। यहां तक कि कनॉट प्लेस, आईटीओ जैसे पॉश इलाकों में भी दो से तीन फीट तक पानी जमा हो गया। आलम यह रहा कि गुरुग्राम में 20 स्कूल बसें करीब तीन फीट पानी में घंटों फंसी रहीं और मासूम बिलखते रहे।

अन्य शहरों की कहानी भी इससे अलग नहीं है। प्रयागराज के जॉर्ज टाउन थाना क्षेत्र की गिनती अब जलभराव से जूझने वाले इलाकों में होने लगी है। वाराणसी में तो काशी हिंदू विश्वविद्यालय परिसर और इसके सर सुंदरलाल अस्पताल में कमर तक पानी भर गया। कुछ इसी तरह की तस्वीरें बिहार, झारखंड, ओडिशा के शहरों से भी आ रही हैं, जो स्पष्ट संकेत है कि शहरी जलभराव की समस्या साल-दर-साल मुश्किलें बढ़ाती जा रही है।

अनुमानों की मानें, तो हमारी अर्थव्यवस्था को शहरी बाढ़ (इसमें जलभराव भी शामिल है) के कारण हर साल तकरीबन 40 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होता है। मानसून आते ही न सिर्फ आवागमन, बल्कि बच्चों के पठन-पाठन, कारोबार आदि से जुड़ी तमाम गतिविधियां प्रभावित होने लगती हैं। साथ ही मलेरिया, डेंगू और पेट संबंधी बीमारियां भी फैलने लगती हैं।

मानसूनी बारिश में जलभराव के मुख्यतः छह कारण हैं। पहला, शहरों का अनियोजित विकास। हमारे शहरों में ऐसे कई क्षेत्र हैं, जो अव्यवस्थित विकास का दंश झेलने को अभिशप्त हैं। वहां सड़कों या नालियों जैसी बुनियादी सेवाओं का उचित प्रबंधन नहीं है। नतीजतन, हल्की बारिश में भी सड़कें डूबने-उतराने लगती हैं। दूसरा कारण है, पानी के प्राकृतिक बहाव के हिसाब से नियोजन संबंधी योजनाओं का अभाव। इसका परिणाम हम गुरुग्राम और बेंगलुरु जैसे शहरों में देख सकते हैं, जहां बड़ी-बड़ी आवासीय कॉलोनियों के सामने सड़कों पर कमर तक पानी भर जाता है। नियोजन संबंधी योजनाओं में तालाब और झीलों के संरक्षण की भी उचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिस कारण या तो उन पर अतिक्रमण हो गया या फिर वे दम तोड़ चुकी हैं।

जल-निकासी की कमजोर व्यवस्था जलभराव का तीसरा बड़ा कारण है। यह नियोजित और अनियोजित, दोनों क्षेत्रों में दिखता है। मिसाल के लिए, कई जगहों पर स्टॉर्म वाटर ड्रेन की व्यवस्था नहीं है, या है भी, तो जर्जर अवस्था में है। जो लोग स्टॉर्म वाटर ड्रेन से परिचित नहीं हैं, उनको बता दूं कि यह बड़ी नाली होती है, जिससे उस समय भी पानी का सुगम बहाव सुनिश्चित होता है, जब वह अचानक काफी अधिक मात्रा में बरसता है। चौथा कारण है, सड़कों की दयनीय स्थिति। अधिक बारिश होने पर सड़कें और नालियां एक हो जाती हैं। पांचवां कारण है, कूड़े की समयबद्ध निकासी न होना। घरों अथवा कल-कारखानों से निकलने वाले कचरे का सभी जगह उचित प्रसंस्करण नहीं हो रहा, जिस कारण वे नालियों को जाम कर देते हैं। और छठा है- जलवायु परिवर्तन के कारण बार-बार की अतिवृष्टि। इसमें बारिश अचानक इतनी अधिक मात्रा में बरस जाती है कि वह कभी-कभी 'शहरी बाढ़' का कारण बन जाती है। सोमवार को ही दिल्ली के जनकपुरी इलाके में 70 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई।

ऐसा नहीं है कि जलभराव के समाधान के प्रयास नहीं हो रहे। बीते कुछ वर्षों में सरकार की ओर से कई योजनाएं शुरू की गई हैं। मसलन, साल 2017 में केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की, जो शहरी बाढ़ से निपटने और प्रबंधन की एक रूपरेखा है। इसी तरह, साल 2019 में इसी मंत्रालय ने शहरी जल निकासी के लिए स्टॉर्म वाटर ड्रेन को लेकर एक 'मैनुअल' जारी किया, जो बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था के लिए एकीकृत दिशा-निर्देश प्रदान करता है। दरअसल, किसी भी शहर में बमुश्किल दस से बीस प्रतिशत क्षेत्रों में ही ऐसी बड़ी नालियां हैं। यहां तक कि गुरुग्राम जैसे आधुनिक बड़े शहरों में भी इसका अभाव दिखता है। इसलिए, अगर हम इन इलाकों में जलभराव से पार पाना चाहते हैं, तो स्टॉर्म वाटर ड्रेन के निर्माण पर जोर देना चाहिए। इन इलाकों में सड़कों के किनारे इतनी जगह है भी कि ऐसी नालियां बनाई जा सकें।

साल 2021 में जारी नदी-केंद्रित शहरी नियोजन दिशा-निर्देश भी जल निकासी के रास्ते बताते है। अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन ऐंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (अमृत) जैसी योजनाओं ने सरकार की प्रतिबद्धताएं साबित की हैं। इनमें अमृत में तो करीब 10 हजार करोड़ रुपये तक की राशि पानी निकासी व जल निकायों के संरक्षण के लिए बीते कुछ वर्षों में आवंटित या स्वीकृत की गई है। इसके अलावा हरित क्षेत्रों का भी विस्तार किया गया है और मिट्टियों में बारिश के पानी को सोखने की क्षमता बढ़ाने के लिए 1,600 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। गृह मंत्रालय ने भी आपदा प्रबंधन के अंतर्गत 'अर्बन फ्लड मैनेजमेंट' पर 5,500 करोड़ रुपये 18 शहरों को आवंटित या स्वीकृत किए हैं। 16वें वित्त आयोग और सिटी चैलैज फंड में अगले पांच साल के लिए धन की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, कुछ अन्य प्रयास भी हो रहे हैं, जैसे गुवाहाटी में वाटर रिंग रोड का निर्माण। विदेश की बात करें, तो यूरोप में कैनाल सिस्टम एक बड़ा उदाहरण है, जिस कारण वहां पानी शहरों में टिकता नहीं।

हालांकि, इस तरह की कोई भी योजना तभी अपना सर्वश्रेष्ठ परिणाम दे सकती है, जब जन-सहयोग, नियोजन और प्रबंधन, तीनों में बेहतर समन्वय हो, लेकिन सच्चाई यह है कि विकास कार्यों में जुटी हमारी एजेंसियों, नगर निकायों और राज्य सरकार के अन्य विभागों में तालमेल का खासा अभाव है। वास्तव में, समस्या संसाधन की नहीं, बल्कि समन्वय की कमी है। इसी के कारण जो पैसे आते हैं, उनका उचित उपयोग नहीं हो पाता।

इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर जन-जागरूकता अभियान भी चलाना चाहिए। मसलन, अच्छा फुटपाथ जलभराव की समस्या दूर कर सकता है, यह लोगों को बताया जाना चाहिए, तभी इसका अतिक्रमण भी बंद हो सकेगा। इसी तरह, टूटी-फूटी सड़कों को ठीक करने के लिए कुछ लोगों को बतौर 'दबाव समूह' काम करना चाहिए, ताकि स्थानीय निकाय उनको बनाने को तत्पर हों। यह समझने की दरकार है कि स्थानीय नगर निकायों पर बड़ी जिम्मेदारी है। उनकी मुस्तैदी जलभराव की समस्या का समाधान पेश कर सकती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# बहुत दूर नहीं जाएगी प्रतिरोध की यह किशोर लहर



बद्री नारायण | कुलपति, टीआईएसएस, मुंबई

झारखंड के बाद अब बिहार में छात्रों और युवाओं का आंदोलन जारी है। झारखंड की तरह वे भी बीपीएससी की परीक्षा रद्द करने व अन्य मांगों के साथ पटना में सड़क पर धरना दिए बैठे हैं। इस वक्त देश के विभिन्न भागों में छात्रों और युवाओं के शिक्षा, परीक्षा और व्यवस्था की कमियों के विरुद्ध प्रतिरोध की खबरें आ रही हैं। अब तो जेन-जी के बाद जेन-अल्फा के प्रतिरोध की भी खबरें आने लगी हैं। इन आंदोलनकारी समूहों में शामिल छात्र व युवा प्रायः 15 से 30 वर्ष के हैं।

कुछ लोगों का मानना है कि ये आंदोलन इन समूहों के बीच लंबे समय से एकत्र हो रहे असंतोषों की अभिव्यक्ति है। ये छोटे-छोटे, बिखरे हुए प्रतिरोध हमें जरूरी सुधारों के लिए उन्मुख कर रही हैं। कुछ लोगों का मानना है कि ये प्रतिरोध कई जगह स्वतःस्फूर्त, कई जगह इसके साथ-साथ नियोजित राजनीतिक सहयोग से विकसित हो रहे हैं। कई जगह स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं, शिक्षण और परीक्षा-प्रणाली में सुधार जैसी जरूरी मांगें हैं, तो कई जगह नौकरी से जुड़ी परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर हैं। कई जगह तो विपक्षी दल वर्तमान सत्ता को चुनौती देने के लिए इन आंदोलनों को अपनी राजनीतिक व्यूह रचना का अभिन्न अंग मानने लगे हैं। मैंने पहले भी लिखा है कि अब राजनीति बिजली, पानी, सड़क से हटकर शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर केंद्रित होती जाएगी।

**नेपाल और बांग्लादेश के उदाहरण बताते हैं कि ऐसे युवा प्रतिरोध सत्ता-परिवर्तन के कारण तो बने, किंतु दबाव समूह के रूप में क्षीण है।**

अनेक समाज चिंतकों का यह मानना है कि जेन-जी मात्र आबादी नहीं, एक खास किस्म की सोच है, जो तरह-तरह से अपने प्रतिरोध को अभिव्यक्त करता है। प्रतिरोध के इन रूपों को हमें समझना ही होगा। हास्य-व्यंग्य, मिमिक्री, रील के जरिये ये अपना भाव व्यक्त करते हैं। रचनात्मक होने के कारण इनको लोकप्रियता भी मिलती है। प्रतिरोध के ये रूप नए नहीं हैं, दुनिया के विभिन्न मुल्कों और समाजों में ऐसे प्रतिरोध होते रहे हैं। हालांकि, अकादमिक अध्ययन हमें यह बताते हैं कि ऐसा प्रतिरोध-भाव समाज में दीर्घकालीन नहीं होता। संवाद, समझौता-वार्ता, जनतांत्रिक प्रतिउत्तर से युवा मन में निहित प्रतिरोध के भाव धीरे-धीरे क्षरित हो जाते हैं। किसी भी देश और समाज में जेन-जी प्रतिरोध लंबे समय तक नहीं चलता दिखा है, एक खास लक्ष्य को प्राप्त करके यह तिरोहित हो जाता है।

प्रायः ऐसे आंदोलन सोशल मीडिया की उपज होते हैं। इनके स्वरूप में सोशल मीडिया वाली क्षणिकता का असर दिखाई पड़ता है। ये लंबे समय तक तभी चलते हैं, जब इनमें कोई दल, स्वयंसेवी संस्थाएं, आर्थिक समूह शामिल होते हैं, जो इस युवा ऊर्जा को लक्ष्य की ओर बढ़ाते हैं। भारत में ऐसे असंतोषों के प्रतिरोध में उभरे कुछ युवा कार्यकर्ता जेन-जी को एक प्रेशर ग्रुप के रूप में देखते हैं, लेकिन यह लंबे समय तक 'प्रेशर ग्रुप' के रूप में टिका रहे, यह प्रायः मुश्किल होता है। नेपाल और बांग्लादेश के उदाहरण बताते हैं कि ऐसे युवा प्रतिरोध सत्ता-परिवर्तन के कारण तो बने, किंतु उसके बाद दबाव समूह के रूप में इनकी भूमिका क्षीण होती गई है।

प्रश्न यह उठता है कि जिसे हम जेन-जी सोच कह रहे हैं, वह भारत के समस्त युवाओं- ग्रामीण, शहरी, पहाड़ी, वनांचली युवाओं का 'माइंडसेट' है या यह देश में विकसित हो रहे आकांक्षी मध्यवर्ग और उच्च मध्यवर्ग के युवा मन का प्रतिनिधित्व करता है? अगर यह समस्त भारत के युवा मन का प्रतिनिधित्व करती चेतना नहीं भी है, तब भी उदार अर्थव्यवस्था के सपने हमें आज नहीं तो कल, ऐसी ही चेतना की परिधि में ले आएंगे। इसलिए बेहतर होगा कि हम इनके मानस को 'डिकोड' करें और इनसे संवाद की शैली विकसित करें।

एक प्रश्न इन दिनों खूब पूछा जाता है कि प्रतिरोध के इन उभारों से क्या भारत में कोई नई वैकल्पिक राजनीति विकसित हो सकती है? मेरी राय में भारत की जनतांत्रिक राजनीति खुद इतनी समाहारी है कि वह किसी भी प्रतिरोध चेतना को समाहित कर सकती है। भारतीय समाज का मानस ऐसा बना है कि वह परिवर्तन तो चाहता है, किंतु निरंतरता को भी नहीं छोड़ना चाहता। इसलिए ऐसे उभारों से भारतीय राजनीति की शैली तो बदल सकती है, किंतु उसकी अंतर्वस्तु या आधारभूत ढांचे में कोई बड़ा परिवर्तन शायद ही हो।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# जानने की सीमा

मानव जीवन केवल भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति का नाम नहीं है। उसके भीतर जानने की इच्छा निरंतर काम करती रहती है। प्रकृति, समाज, शरीर और अपने आस-पास की दुनिया को समझने की कोशिश में मनुष्य लगातार प्रश्न करता आया है। इन सवालों को अनदेखा करना असंभव है, क्योंकि प्रश्न मानसिक भूख है। जब तक उत्तर नहीं मिलता, मन को पूर्ण विश्राम नहीं मिलता।

ऐसे प्रश्न, जिनका संबंध मनुष्य के मानसिक और भौतिक जगत से है, 'अपरा प्रश्न' कहलाते हैं। इनके उत्तर खोजने की व्यवस्थित प्रक्रिया ही भौतिक विज्ञान की आधारभूमि बनती है। यहां एक महत्वपूर्ण सवाल उठता है- क्या सांसारिक प्रश्नों के अधिक से अधिक उत्तर खोज लेना मन का विस्तार करता है? इस प्रश्न का उत्तर जरूरी नहीं कि 'हां' हो। विज्ञान ने मनुष्य को असाधारण शक्तियां दी हैं, लेकिन इन शक्तियों का इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाए, यह मनुष्य की मानसिकता पर निर्भर करता है। इतिहास में ऐसे वैज्ञानिक भी हुए हैं, जिनकी खोजों ने मानव समाज के लिए विनाश का रास्ता खोला। इसलिए केवल ज्ञान की मात्रा बढ़ जाना मानसिक या आध्यात्मिक विकास नहीं है। मन का वास्तविक विस्तार तभी संभव है, जब उसकी सीमाएं भी विस्तृत हों। यहीं से परम प्रश्न की यात्रा शुरू होती है।

यदि मनुष्य अपने मानसिक संसार को ही अंतिम सत्य मान ले, तो उसकी खोज उसी सीमित संसार के भीतर घूमती रहेगी। जब वह मन से परे परमसत्ता को अपने लक्ष्य के रूप में स्वीकार करता है और निरंतर उस तक पहुंचने के प्रयास करता है, तब उसके मानसिक क्षितिज का वास्तविक विस्तार शुरू होता है। इस सतत प्रयास को आध्यात्मिक साधना कहा जा सकता है, जिसकी चरम परिणति ब्रह्म की प्राप्ति में होती है।

इसे एक सरल उदाहरण से समझिए। मान लीजिए, आप बिहार के बेतिया शहर से अच्छी तरह परिचित हैं। अब कोई आपसे पूछे कि बेतिया के किसी इमारत के अमुक कोने में क्या रखा है? उसे जानने की आपकी इच्छा एक अपरा प्रश्न है, क्योंकि उसका संबंध आपके परिचित संसार से है। इसको पाने का व्यवस्थित प्रयास विज्ञान की तरह है।

**मनुष्य जीवन की यात्रा केवल अधिक से अधिक चीजें जान लेने की यात्रा नहीं है। यह जानने की अपनी सीमाओं को पहचानकर उनके लगातार विस्तार की यात्रा है।**

आपने बेतिया के बारे में सब कुछ जान लिया, इसका यह अर्थ थोड़े ही है कि आप मोतिहारी को भी जान गए? मोतिहारी को जानने के लिए आपको अपने मानसिक क्षेत्र का विस्तार करना होगा। बेतिया की सीमा से बाहर निकलकर एक नए क्षेत्र में प्रवेश करना पड़ेगा।

यही अंतर भौतिक ज्ञान और आध्यात्मिक ज्ञान के बीच है। मनुष्य की यात्रा केवल अधिक से अधिक चीजें जान लेने की यात्रा नहीं है। यह जानने की सीमाओं को पहचानकर उनके लगातार विस्तार की यात्रा है।

श्री श्री आनंदमूर्ति

**अमित शाह | केंद्रीय गृह मंत्री**



**हमारे देश ने दुनिया को सबसे बड़ा रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम का तोहफा दिया है और यह साबित किया है कि 'डिजिटल इंडिया' के जरिये हम लोगों को तेज, आसान और सुरक्षित इंटरफेस देकर सशक्त बना सकते हैं।**

## अनुलोम-विलोम
### महिला समानता दिवस



# अब महिला समानता की सख्त जरूरत

महिला समानता दिवस (26 अगस्त) केवल एक स्मृति दिवस नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के उस लंबे संघर्ष का प्रतीक है, जिसने यह सिद्ध किया कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति उसकी महिलाओं की स्थिति से मापी जाती है। जब किसी बेटी को शिक्षा का अधिकार मिलता है, किसी महिला को समान काम के लिए समान वेतन मिलता है, किसी मां को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिलता है और किसी युवती को अपने सपनों का चुनाव करने की स्वतंत्रता प्राप्त होती है, तभी लोकतंत्र अपने वास्तविक अर्थों में जीवंत होता है। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष यह दिवस मनाते हुए समाज को यह याद दिलाया जाता है कि समानता कोई उपकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है।

आज भले ही दुनिया बहुत आगे बढ़ चुकी हो, पर समानता का सपना पूरी तरह साकार नहीं हुआ है। भारत भी अपवाद नहीं है। हमारे संविधान ने आरंभ से ही महिलाओं और पुरुषों को समान नागरिक अधिकार प्रदान किए। फिर भी, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों और कुछ सामाजिक समूहों में असमानता अब भी चुनौती बनी हुई है। इसी तरह, कार्यस्थलों पर समान अवसर का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। नेतृत्व के पदों पर उनकी संख्या अपेक्षाकृत कम दिखाई देती है। समान योग्यता और समान कार्य के बावजूद वेतन में अंतर, पदोन्नति की सीमित संभावनाएं और घरेलू जिम्मेदारियों का असमान बोझ उनके सामने बड़ी चुनौतियां हैं। महिला समानता का अर्थ केवल नौकरी मिल जाना नहीं, बल्कि सम्मानजनक वातावरण, सुरक्षित कार्यस्थल और उन्नति के समान अवसर भी हैं। राजनीतिक भागीदारी भी समानता की पहचान है। पंचायतों और स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण ने लाखों महिलाओं को नेतृत्व का अवसर दिया है, पर लोकतंत्र तभी मजबूत होता है, जब उसकी निर्णय-प्रक्रिया में आधी आबादी की समान भागीदारी हो।

देखा जाए, तो महिला समानता दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि क्या केवल कानून बना देने से समानता स्थापित हो जाएगी? उत्तर स्पष्ट है, नहीं। समानता तब आएगी, जब भाषा में सम्मान होगा, व्यवहार में संवेदनशीलता होगी, अवसरों में निष्पक्षता होगी और सोच में पूर्वाग्रहों के लिए कोई स्थान नहीं होगा। समाज को यह स्वीकार करना होगा कि महिला सशक्तिकरण पुरुषों के अधिकार कम करने का नहीं, बल्कि पूरे समाज की क्षमता बढ़ाने का अभियान है। जब दोनों समान रूप से आगे बढ़ेंगे, तभी परिवार समृद्ध होगा और राष्ट्र अधिक न्यायपूर्ण बनेगा।

महेंद्र तिवारी, टिप्पणीकार

# बराबरी का दर्जा देने के हो रहे गंभीर प्रयास

भारत में महिला समानता का प्रश्न केवल अधिकारों का नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता का भी है। लंबे समय तक सामाजिक रूढ़ियों, आर्थिक निर्भरता और सीमित अवसरों ने महिलाओं की प्रगति को बाधित किया, किंतु पिछले कुछ दशकों में देश ने इस दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। संविधान से लेकर संसद, पंचायतों, शिक्षा, वित्तीय समावेशन और सेना तक में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रयास बताते हैं कि भारत समानता की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है, भले मंजिल अभी पूरी तरह प्राप्त न हुई हो।

स्वतंत्र भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि उसका सांविधानिक ढांचा है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 महिलाओं को समानता, भेदभाव से संरक्षण और समान अवसर का अधिकार देते हैं। इसी आधार पर समय-समय पर अनेक कानून बनाए गए, जिनमें घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम (2005), कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम (2013) और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी पहलें विशेष महत्व रखती हैं। राजनीतिक प्रतिनिधित्व के क्षेत्र में भी भारत ने ऐतिहासिक प्रगति की है। 73वें और 74वें संविधान संशोधन के बाद पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं को कम-से-कम 33 प्रतिशत आरक्षण मिला, जिसे कई राज्यों ने बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। आज लाखों निर्वाचित महिला प्रतिनिधि स्थानीय शासन का हिस्सा हैं। वर्ष 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का सांविधानिक मार्ग भी तैयार किया, जिसे भविष्य के लोकतांत्रिक विस्तार के रूप में देखा जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में भी परिवर्तन स्पष्ट दिखाई देता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने लड़कियों की शिक्षा, डिजिटल पहुंच और कौशल विकास पर विशेष बल दिया है। उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ी है और कई विश्वविद्यालयों में छात्राओं की संख्या छात्रों के बराबर या उससे अधिक हो चुकी है। विज्ञान, अंतरिक्ष व तकनीक में भारतीय महिलाओं की उपलब्धियां नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनी हैं।

आर्थिक सशक्तिकरण भी समानता की मजबूत आधारशिला बना है। स्वयं सहायता समूहों के जरिये महिलाओं ने उद्यमिता और लघु उद्योगों में नई पहचान बनाई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने लाखों महिलाओं को संगठित आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा है। खेल और रक्षा क्षेत्र में भी पुरानी बाधाएं टूटी हैं। निस्संदेह, चुनौतियां अभी शेष हैं, पर भारत ने महिला समानता को नीतिगत और संस्थागत स्तर पर मजबूत आधार दिया है।

दीक्षा कुमारी, टिप्पणीकार

# सरकारी स्कूलों से हमें ज्यादा उम्मीद

**हमने शिक्षा में लंबा सफर तय किया है और अभी बहुत आगे जाना है। आजादी के बाद आबादी चार गुना हो गई है, तो स्कूलों की संख्या भी करीब दस गुना बढ़ी है। इधर, कुछ राज्यों में स्कूल सुधार के लिए प्रदर्शन हुए हैं, पर उनका हाल राज्य सरकारें भी जानती हैं। आज कैसे हैं सरकारी स्कूल और सुधार की जरूरत कहां सबसे ज्यादा है? पेश है रूपंजल चौहान और प्रज्ञा श्रीवास्तव की एक रिपोर्ट...**



देश के कुछ हिस्सों में हुए छात्र प्रदर्शनों में सरकारी स्कूल संबंधी जरूरी सुविधाओं की मांग जोर-शोर से सुनी गई है। इसका नतीजा है कि अनेक राज्यों में स्कूल सुधार के कार्यों में तेजी आती दिख रही है।

बीते वर्षों में बड़ी संख्या में निजी स्कूल खुले हैं, लेकिन सरकारी स्कूलों का संरक्षण आज भी बहुत जरूरी है। आंकड़े बताते हैं, साल 2018-19 और 2025-26 के बीच लगभग 84,000 सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल बंद हुए हैं। इन वर्षों में सरकारी स्कूलों में नामांकन में 1.5 करोड़ बच्चों की गिरावट आई है। संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने के लिए कम नामांकन वाले स्कूलों के परस्पर विलय से भी उनकी संख्या कम हुई है।

वैसे, देश में घटती जन्म दर ने भी कम दाखिले में भूमिका निभाई होगी, लेकिन कई अन्य महत्वपूर्ण कारक भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। हम जानते हैं, अनेक स्कूलों में बुनियादी ढांचा अपर्याप्त है। परीक्षा परिणाम अच्छे नहीं आते हैं। विलय किए गए स्कूल काफी दूर हैं। शिक्षा में सार्वजनिक निवेश लगभग स्थिर हो गया है। ये तमाम कारण बच्चों को शिक्षा व्यवस्था से दूर धकेलने में योगदान दे रहे हैं।

### घटता सरकारी दायरा

केंद्र सरकार के शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाली शिक्षा प्रबंधन सूचना प्रणाली, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस (यूडीआईएसई+) के आंकड़ों के अनुसार, पिछले सात वर्षों में सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों की संख्या 11 लाख से घटकर 10 लाख हो गई है। नीतिगत विचार-मंथन समिति, नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट स्कूल सिस्टम्स इन इंडिया में इस गिरावट का उल्लेख किया गया है। साथ ही, यह तर्क दिया गया है, इसका मतलब यह नहीं है कि शिक्षा तक छात्रों की पहुंच कम हो गई हो।

रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि संस्थानों की संख्या बढ़ाने के बजाय गुणवत्ता, दक्षता और स्थिरता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जब दो या अधिक स्कूलों का विलय होता है, तब कई छात्रों के लिए स्कूल की दूरी बढ़ जाती है, जिससे वे शिक्षा व्यवस्था से बाहर हो जाते हैं, विशेषकर लड़कियों को परेशानी होती है। दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की प्रोफेसर और पूर्व डीन अनीता रामपाल कहती हैं, 'लड़कियों को दूर भेजने में माता-पिता सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं।' पूर्व स्कूल शिक्षा सचिव अनिल स्वरूप बताते हैं, 'कुछ मामलों में स्कूलों का विलय जरूरी है। कुछ स्कूल छात्रों की संख्या कम होने से बंद हुए हैं। वैसे, छात्र दूर स्थित स्कूल तक पहुंच सकें, इसके लिए सरकारी सहायता मिलनी चाहिए।'

अध्ययनों से पुष्टि होती है कि बिहार में साइकिल वितरण, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक में रियायती परिवहन से सरकारी स्कूल में नामांकन और छात्रों के स्कूल में बने रहने की दर बढ़ी है।

### संसाधनों की कमी बड़ी समस्या

सुधार के बावजूद सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में छात्रों की संख्या में 2018-19 में 15.90 करोड़ से घटकर 2025-26 में 14.40 करोड़ हो जाने से चिंता बढ़ गई हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अलावा कई विशेषज्ञों ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि यह गिरावट आंशिक रूप से जनसांख्यिकीय बदलावों के चलते आई है। यह सच है कि इसी अवधि में 3-17 वर्ष की आयु के स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या में लगभग दो करोड़ की कमी आई है। हालांकि, इसके पीछे सिर्फ जनसांख्यिकीय बदलाव ही वजह नहीं है। निजी स्कूलों में 70 लाख छात्रों की वृद्धि हुई है। यह निजी स्कूलों की ओर बढ़ते रुझान को दर्शाता है।

आज भी यह सच है कि देश के कुल स्कूलों में से लगभग तीन-चौथाई सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त हैं और ये भारत की शिक्षा तंत्र की रीढ़ हैं। पिछले दशक में ही इनकी हिस्सेदारी लगभग 80 प्रतिशत से घटकर तीन-चौथाई हो गई है।

यहां नीति आयोग की रिपोर्ट सही इशारा करती है। माध्यमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दरों में तीव्र वृद्धि यह बताती है कि छात्र स्कूलों तक पहुंच तो रहे हैं, पर आगे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे शिक्षा का उन्हें पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में भारतीय राज्यों ने अपने बजट का कुल 13-14 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च किया है। यह संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा निर्धारित 15-20 प्रतिशत से कम है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि 2010-11 और 2014-15 के बीच लगातार 16 प्रतिशत या उससे अधिक गिरावट दर्ज की गई थी।

बिहार (18.7 प्रतिशत), उत्तराखंड (17.4 प्रतिशत), राजस्थान (16.9 प्रतिशत) और छत्तीसगढ़ (16.2 प्रतिशत) ही ऐसे राज्य हैं, जिन्होंने 2018-19 से औसतन अपने बजट का 15 प्रतिशत से अधिक शिक्षा पर खर्च किया है। यह बिहार (2018-19 से 5.2 प्रतिशत की वृद्धि), राजस्थान (3.5 प्रतिशत की वृद्धि) और छत्तीसगढ़ (0.3 प्रतिशत की वृद्धि) में स्कूलों की अधिक संख्या में परिलक्षित होता है। महाराष्ट्र, जिसका समग्र प्रदर्शन औसत दर्जे का है, लेकिन जिसने इस अवधि के दौरान अपने बजट का 15.4 प्रतिशत से अधिक शिक्षा पर खर्च किया, वहां भी स्कूलों की संख्या में 0.6% की वृद्धि देखी गई। राज्यों के बीच शिक्षा पर खर्च की अलग-अलग मात्रा और शिक्षा पर कुल खर्च का कम होना ठीक नहीं है। सभी विशेषज्ञ मानते हैं कि राज्यों में शिक्षा के बजट को हर हाल में बढ़ाने और बढ़ाते जाने की जरूरत है। सवाल बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने से आगे बढ़कर शिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने का है।

हम देख सकते हैं कि केंद्रीय विद्यालय हों या नवोदय विद्यालय, सरकार जहां भी मुस्तैदी से काम करती है, वहां स्कूली शिक्षा का स्तर बहुत गुणवत्तापूर्ण और सराहनीय हो जाता है। इन केंद्रीय विद्यालयों से भी सीखना चाहिए।

### सुविधा और सुधार में आए तेजी

कुछ बहुत अच्छे सरकारी स्कूलों के बावजूद जहां एक ओर, छात्र सरकारी शिक्षा व्यवस्था छोड़ रहे हैं, वहीं जो बचे हुए हैं, उन्हें अपर्याप्त बुनियादी सुविधाओं व खराब शिक्षण के नतीजों का सामना करना पड़ रहा है। उदाहरण के लिए, सही शौचालयों की बात करें, तो केवल 94.2% सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में ऐसे शौचालय उपलब्ध हैं। इसका मतलब है कि देश भर में लगभग 63,000 स्कूलों में शौचालयों की सुविधा नहीं है। सुधार लगातार हो रहा है, पर उसकी गति बढ़ाने की जरूरत है। साल 2018-19 में शौचालयों की उपलब्धता 93.7 प्रतिशत थी।

सरकारी या सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल कई अन्य मामलों में निजी स्कूलों से पीछे हैं, जैसे कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा। हालांकि, पुस्तकालयों की सुविधा के मामले में सरकारी स्कूल आगे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में खराब शैक्षणिक परिणाम भी निजी स्कूलों की ओर रुझान का एक प्रमुख कारण है।

एनजीओ प्रथम द्वारा जारी नवीनतम वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (एएसईआर) के आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण सरकारी स्कूलों में तीसरी कक्षा के लगभग तीन-चौथाई छात्र दूसरी कक्षा के स्तर का पाठ नहीं पढ़ पाते हैं। तीसरी और पांचवीं कक्षा के छात्र घटाव या भाग नहीं लगा पाते हैं। ये निष्कर्ष केवल ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। ध्यान रहे, ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक बच्चे सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली पर निर्भर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 66 प्रतिशत छात्र सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 30 प्रतिशत है। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रामपाल बताते हैं, 'जब सरकारी स्कूलों में आवश्यक योग्य शिक्षकों, पर्याप्त स्थान, सुलभ और शिक्षाप्रद स्कूलों व पाठ्यक्रम की गुणवत्ता जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं, तो यह दर्शाता है कि सार्थक शिक्षा अभी संभव नहीं है।'

पूर्व स्कूल शिक्षा सचिव अनिल स्वरूप का कहना है, 'इन सभी मुद्दों का समाधान किया जा सकता है, लेकिन आमतौर पर राजनेताओं को सिर्फ कल की ही चिंता होती है, पांच साल बाद क्या होगा इसकी नहीं। इसलिए वह चुनाव जीतने के लिए किसी परिवार को रुपये देना और शिक्षा में निवेश करने के बजाय प्रचार व मूर्तियों पर करोड़ों रुपये खर्च करना ज्यादा पसंद करते हैं।' निस्संदेह, हमारे सरकारी स्कूलों को अभी लंबा सफर तय करना है।

mint

## सुधार के कदम

### सजगता : सक्रिय हों सामाजिक संगठन

गांव के स्तर पर ही ग्रामीणों को स्थानीय स्कूल सुधार के लिए सचेत होना पड़ेगा। स्कूलों का सामाजिक ऑडिट जरूरी है। शिक्षकों की कमी को दूर करना, शिक्षकों की गुणवत्ता सुधारना और स्कूल के समयबद्ध संचालन को स्थानीय स्तर पर मिलकर अभिभावक या ग्रामीण भी सुधार सकते हैं। दक्षिण के राज्यों में जन दबाव से ही सरकारी स्कूलों में सुधार हुआ है।

### संसाधन : सरकार बजट और सुविधाएं बढ़ाए

प्राथमिक सरकारी स्कूलों में पहले की तुलना में ज्यादा धन व संसाधन पहुंच रहा है। फिर भी देश में करीब 1,04,125 एकल-शिक्षक विद्यालयों में 33 लाख बच्चे पढ़ते हैं। शिक्षकों को फिजूल बोझ से बचाने के लिए भी बजट व संसाधन बढ़ाना जरूरी है। बुनियादी तौर पर स्कूलों में जो अभाव हैं, उन्हें युद्ध स्तर पर दूर किया जाए।

### संयोजन : कुशल शिक्षकों को दी जाए जिम्मेदारी

देश में एक करोड़ से अधिक प्राथमिक शिक्षक हैं, जिनमें 50.9% सरकारी स्कूलों में पदस्थ हैं। देश में करीब 10 लाख शिक्षक अभी भी प्रशिक्षित या कुशल नहीं हैं। सरकारी स्कूलों को पेशेवर ढंग से संचालित रखने की जरूरत है। शिक्षा विभाग और अधिकारी सुनिश्चित करें कि कोई भी सरकारी स्कूल अयोग्य हाथों में न रहे।

**66%** ग्रामीण बच्चे सरकारी स्कूलों से ही शिक्षा प्राप्त करते हैं

**30%** शहरी बच्चे सरकारी स्कूलों में शिक्षा हासिल करते हैं।

**69%** स्कूल सरकारी हैं, जिनमें 50% से ज्यादा बच्चे पढ़ते हैं।

- सामान्य सरकारी स्कूलों में प्रति वर्ष 5,000 रुपये से भी कम में शिक्षा संभव है।
- निजी में वार्षिक खर्च न्यूनतम 25,000 रुपये।
- देश के सबसे महंगे स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने का वार्षिक खर्च 31 लाख रुपये तक पहुंच गया है।

### केवल चार राज्यों का शिक्षा खर्च सराहनीय

राज्य सरकारों ने शिक्षा पर जोर दिया है, फिर भी अपने कुल व्यय में से कुछ ही राज्य टीकटाक खर्च कर रहे हैं (आंकड़े प्रतिशत में)

| राज्य | प्रतिशत |
|---|---|
| बिहार | 18.78 |
| उत्तराखंड | 17.35 |
| राजस्थान | 16.9 |
| छत्तीसगढ़ | 14.95 |
| जम्मू-कश्मीर | 14.95 |
| पश्चिम बंगाल | 14.86 |
| मध्य प्रदेश | 13.76 |
| उत्तर प्रदेश | 13.41 |
| झारखंड | 13.03 |
| कर्नाटक | 10.96 |

यूनेस्को के पैमानों के मुताबिक

साल 2018-19 से साल 2025-26 के बीच सरकारों ने जो शिक्षा पर खर्च किया है, उसका औसत प्रतिशत यहां दिया गया है।

### अच्छे स्कूल वाले राज्यों में भी घटा नामांकन

अनेक राज्य हैं, जहां सरकारी स्कूलों में अच्छी सुविधाएं हैं, लेकिन वहां भी धीरे-धीरे नामांकन घटता जा रहा है...




प्रस्तुत ग्राफ में एक करोड़ से ज्यादा आबादी वाले 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को शामिल किया गया है। स्कूलों को छह तरह की बुनियादी सुविधाओं के आधार पर देखा गया है। ऊर्जा, पेजयल, शौचालय के लिए 20-20 अंक और पुस्तकालय, कंप्यूटर, इंटरनेट के लिए 13-13 अंक दिए गए हैं। कोरोना के समय जब लोग अपने गांव-शहर लौटे थे, जब उनकी आय घटी थी। तब बड़ी संख्या में परिवारों ने बच्चों की शिक्षा के लिए सरकारी स्कूलों का सहारा लिया था।

## ...और निजी स्कूलों पर बढ़ रहा भरोसा

मिंट द्वारा एक करोड़ से अधिक आबादी वाले 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के विश्लेषण में आठ संकेतकों के आधार पर पाया गया कि जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, झारखंड, बिहार, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ में ज्यादा काम की जरूरत है। फिलहाल जहां भी निजी स्कूल खुल रहे हैं, उन पर लोग ज्यादा भरोसा कर रहे हैं। सफल निजी स्कूलों से भी सरकारी स्कूलों को सीखना चाहिए।

भारत में निजी स्कूल सरकारी स्कूलों से बेहतर प्रदर्शन क्यों करते हैं? वे शिक्षा प्रदान करने के लिए कुछ नई रणनीतियां अपनाते हैं। बेहतर प्रबंधन करते हैं। शिक्षक भी मेहनत करते हैं और छात्रों से भी मेहनत कराते हैं। ध्यान रहे तुलनात्मक रूप से निजी स्कूल के शिक्षकों का समय गैर-अकादमिक कार्यों में कम बर्बाद होता है। निजी स्कूलों में शिक्षक कम छुट्टियां लेते हैं। पेशेवर ढंग से पढ़ाते हैं। परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हैं और उसमें अभिभावकों को भी नियमित रूप से शामिल करते हैं। आम तौर यह देखा गया है कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निजी स्कूलों में ही पढ़ने जाते हैं।

### शिक्षा का बजट बढ़ाने की जरूरत

अपने देश में विभिन्न क्षेत्रों को दी जा रही सब्सिडी और कार्यक्रमों के तहत दिया जा रहा अन्य धन (प्रतिशत में)।

| वर्ष | चिकित्सा, शिक्षा, आवास | खाद्य | ऊर्जा | सामाजिक सुरक्षा | नकद हस्तांतरण | अन्य मद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2018-19 | 13 | 14 | 33 | 11 | 3 | 8 |
| 2025-26 | 11 | 8 | 27 | 17 | 20 | 17 |

साल 2025-26 के आंकड़े बजट के आधार पर दिए गए हैं। बीते वर्षों में शिक्षा पर खर्च थोड़ा घटा है, पर सामाजिक सुरक्षा पर बहुत बढ़ा है।

### नकद धन वितरण पर लगातार बढ़ता खर्च

देश में कम से कम 12-14 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों ने किसी न किसी रूप में नकद हस्तांतरण की घोषणा की है। नकद हस्तांतरण का हिस्सा 2018-19 में मात्र 3% से बढ़कर 2025-26 में 20% हो गया है। वहीं, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास पर सब्सिडी व हस्तांतरण का हिस्सा 13% से घटकर 11% हो गया है। लोग सक्षम होकर निजी सेवाओं पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं।

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** कारोबारी कार्यों में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृष :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परंतु कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मिथुन :** आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क :** मन प्रसन्न रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**सिंह :** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परंतु धैर्यशीलता बनाए रखने के भी प्रयास करें। आत्मसंयत रहें। कारोबार के लिए माता-पिता से धन प्राप्त हो सकता है।

**कन्या :** मन परेशान रहेगा। मन में उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं। पिता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। लेखन आदि बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है।

**तुला :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। माता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नए कारोबार में निवेश कर सकते हैं। स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक :** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। सेहत के प्रति सचेत रहें। संतान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं।

**धनु :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कुटुंब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भवन की साज-सज्जा एवं रख-रखाव पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**मकर :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संतान सुख में वृद्धि होगी। लेखनादि कार्यों से आय में वृद्धि होगी। माता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** मन परेशान रहेगा। मन में नकारात्मक विचारों से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन :** मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं, परंतु परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परिवार की सेहत का ध्यान रखें।

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

**26 अगस्त**, बुधवार, **शक संवत्** : 04 भाद्रपद (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 10 भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083 **इस्लाम** : 12 रबि-उल्लावल, 1448, **विक्रमी संवत्** : श्रावण शुक्ल त्रयोदशी तिथि प्रातः 08 बजे तक पश्चात चतुर्दशी तिथि, श्रवण नक्षत्र रात्रि 12.48 मिनट तक पश्चात धनिष्ठा नक्षत्र, सौभाग्य योग प्रातः 08 बजे तक पश्चात शोभन योग, चंद्रमा मकर राशि में (दिन-रात)।

**सूर्य दक्षिणायन**। वर्षा ऋतु। दोपहर 12 बजे से दोपहर 01.30 मिनट तक राहुकालम्।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**यदि ऑफिस का माहौल अपने विरुद्ध लगे, तो ये वास्तु उपाय करें :**

- यदि आपके ऑफिस का कोई कलर कोड नहीं हो, तो कुछ समय तक काले कपड़े पहनकर न जाएं। आप जूते भी काले के बजाय ब्राउन कलर के ही पहनें।
- आप अपनी जेब में पीले रंग का रूमाल रखें।
- ऑफिस में जिस कुर्सी पर आप बैठते हैं, उस पर बैठते समय हाथ से ऊँ बनाकर बैठें।
- प्रतिदिन जल में चावल डालकर बरगद के पेड़ पर चढ़ाएं।
- जब भी ऑफिस में प्रवेश करें, तो सांस रोक कर ही अंदर जाएं।
- अपनी कुर्सी पर बैठते समय भी इसी प्रकार से सांस रोक कर बैठें।

### वर्ग पहेली : 8432



**बाएं से दाएं**
2. गिरों को उठाने वाला; ईश्वर (6)
6. क्रीड़ा उपवन; इंद्र की वाटिका (5)
7. जिसका फैलाव कम हो; बारीक; महीन (3)
8. बगल; कमरा; कोठरी (2)
9. पर्वत; नगीना; मणि; रत्न; अदद (2)
10. इज्जत; प्रतिष्ठा; सत्कार; सम्मान (3)
11. कलुषित; स्याह; कृष्ण; श्याम (2)
12. कलपना; फफकना; मचलना; रुदन करना (2)
14. पहरेदार; संकटमोचक; सिपाही (3)
15. न मिटने वाली याद; अमिट निशान (3,2)
16. उद्विग्न हो जाना; घबरा जाना; भ्रमित हो जाना; चौंक जाना; हिचकना (4,2)

**ऊपर से नीचे**
1. पूजन करना; सराहना करना (5,3)
2. आभूषण आदि धारण करना; ओढ़ना; डालना (4)
3. निमग्न; किसी कार्य में लीन (3)
4. दूल्हे के साथ चलने वाले लोग (4)
5. अनहोनी बातें सोचना; कल्पना के महल खड़े करना; हवाई किले बनाना (2,3,3)
8. महसूल; हाथ; सूंड (2)
10. आगमन; पधारना; प्रवेश करना (2)
12. रोकने-टोकने का भाव; बाधा (2,2)
13. इठला कर चलना; इतराना; चंचलता दिखाना; लौटना; फिरना; कुल्हड़ (4)
15. अगहन, पूस, माघ और फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की आठवीं तिथि; अष्टमी (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8431

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 अं | क | में | 2 स | मे | 3 ट | ले | 4 ना |
| 5 का | ■ | ■ | ■ | र | ■ | ल | ■ | क |
| 6 म | नो | 7 नी | त | क | र | ना | ■ | में |
| धा | ■ | र | ■ | ना | ■ | ■ | 8 खा | द |
| म | ■ | 9 स | दा | ■ | 10 दे | 11 मा | ■ | म |
| 12 न | दी | ■ | ■ | 13 छा | ■ | य | ■ | क |
| क | ■ | 14 आ | ग | पा | नी | का | बै | र |
| र | ■ | रो | ■ | मा | ■ | ■ | ■ | ना |
| 15 ना | क | प | र | र | ख | दे | ना | ■ |

### सुडोकू : 8386

*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | 8 | | | |
| | 3 | | | | | | 9 | |
| | 2 | 6 | 9 | | 4 | 8 | 7 | |
| 8 | 4 | | | | | | 5 | 7 |
| | | | 4 | | 7 | | | |
| 1 | 5 | | | | | | 3 | 6 |
| | 7 | 5 | 2 | | 6 | 3 | 4 | |
| | 6 | | | | | | 8 | |
| | | | 7 | | 1 | | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8385

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 | 7 | 9 | 3 |
| 2 | 1 | 3 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 8 |
| 9 | 7 | 6 | 8 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 |
| 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 9 |
| 4 | 3 | 2 | 1 | 9 | 8 | 5 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 4 | 6 | 2 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 |

# Lifetime Free Newspapers Access

## Editorials PDF

📍EnglishEditorialsPDF with International Newspapers Editorials [35-40pages]

📍 Hindi Editorials PDF

📍 Daily Vocabulary PDF

## Indian Newspapers Channel

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

## Magazine Channel

National & International [Genaral & Exam related]

## International Newspapers

Newspapers around world. Asian, Europian & American

## Hindi Newspapers

1) दैनिक जागरण
2) जनसत्ता
3) हरिभूमि
4) हिंदुस्तान

Click Here